ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 19 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-212 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'दहाड़' में अपने रोल के लिए ली बोली से लेकर ... पेज 10 पर



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

3,469
माध्यमिक शिक्षकों का
नियुक्ति पत्र
वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 19 मई, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव होटवार, रांची

PR No. 297722 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार



NEWS इन ब्रीफ

## पूर्व विधायक अमित महतो ने हरिहरगंज में लगाई दौड़

**हरिहरगंज।** सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक अमित महतो द्वारा पिछले 11 फरवरी से खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करने को मांग को लेकर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन सभी विधानसभा में आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को 1932 के खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति की मांग को लेकर युवा नेता राजगौरव उर्फ छोटू सिंह के नेतृत्व में स्थानीय धावकों के साथ 21 किलोमीटर की दौड़ लगायी गई। इसमें सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो भी शामिल रहे। हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा में मैराथन दौड़ की शुरूआत हरिहरगंज एनएच 98 तेंदुआ स्थित बाबा भोलेनाथ कार्यालय से की गयी। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रदेश भर में मैराथन दौड़ लगाई जा रही है। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार और पूर्व की एनडीए सरकार पर भी निशाना साधा व कहा कि राज्य गठन के 22 साल बाद भी खतियान आधारित नियोजन और स्थानीय नीति का निर्धारण नहीं हुआ है। जिसके कारण युवाओं को रोजगार से वंचित रहना पड़ रहा है। सत्ता में बैठते ही हेमंत सरकार की सूर बदल गये हैं और वे भी पुरानी सरकार के नक्शे कदम पर चल रहे है। इस मौके पर मनोज सिंह, राकेश महतो, विशाल चौधरी, तूफान कुमार, संतोष महतो, नीरज महतो, महेश्वर टूडू सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## विद्युत ऊर्जा चोरी के मामले में 18 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत रेहला व बी मोड़ में विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ बिजली विभाग के कनीय अभियंता अभिषेक कुमार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमे अठारह लोगो को विभाग ने अवैध रूप से बिजली जलाते हुए पाया। जिसकी जानकारी देते कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि कुछ लोग बिना मीटर के एल्टी तार से टोका लगाकर बिजली जलाते तथा कुछ घर में मीटर से बाईपास कर बिजली जलाते हुए पाये गये। जिनके खिलाफ रेहला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें कुल अठारह लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमे आसिर अंसारी, विकी दीक्षित, बैजनती देवी, राजन कुमार, प्रयाग शाहनी, आलोक दास, मजू देवी, मुंशी प्रसाद गुप्ता,गोविंदा कुमार, रिना देवी,राजू राम,शीला मनबोध महतो का नाम शामिल है।

# आरटी आई से भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकटा पंचायत के पूर्व मुखिया द्वारा क्रय की गयी सामग्री पंचायत भवन में मौजूद नहीं है। आरटीआई कार्यकर्ता ने उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकटा पंचायत से संबंधित वर्ष 2010 से 2015 तक की सूचना की माँग की थी स:समय सूचना उपलब्ध नहीं होने पर अपीलीय पदाधिकारी आदेश के बाद आधी अधूरी सूचना उपलब्ध करायी गयी। शेष सूचना उपलब्ध नहीं होने की सत्यापित प्रति दी गयी है ।जो भ्रष्टाचार को उजागर करती है। वहीं उपलब्ध कराई गयी सूचना में पूर्व मुखिया उपेंद्र कुशवाह द्वारा लगभग 3 लाख का सामान क्रय किया गया। सामग्री पंचायत सचीवालय में उपलब्ध नहीं है जो भ्रष्टाचार का बड़ा सबूत है। वहीं दिये गए दस्तावेज में मुखिया ने स्वंय के नाम से चेक काट कर समाग्री ढुलाई का भुगतान भी



किया है, यहाँ सोचनीय विषय यह है की जो समाग्री पंचायत सचीवालय में मौजूद ही नहीं है उसकी ढुलाई और पैमेंट कैसे हुआ। इन सभी मामले की जाँच हेतु उपयुक्त पलामू, उप विकास आयुक्त पलामू और प्रखंड विकास पदाधिकारी उंटारी रोड को लिखित आवेदन दिया गया है। देखना यह है कि ऐसे भ्रष्ट मुखिया और संबंधित लोगों पर करवाई होगी या नहीं।

# कव्वाली मुकाबले की तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर स्थित दाता नगर के मैदान में 21 मई को पांरपरिक रुप में इस वर्ष भी कव्वाली का शानदार मुकाबला कराने की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता हैदरनगर के बलडीहरी गांव निवासी व मुंबई के व्यवसायी इब्राहिम सेठ ने प्रेसवार्ता में बताया कि कव्वाली कार्यक्रम के एक दिन पूर्व 20 मई की शाम दाता पीर बक्श रहमैतुल्लाह अलैह की मजार पर चादरपोशी की जायेगी। दूसरी रात सलाना उर्स के मौके पर मशहूर टीवी कलाकार कव्वाल शाहरुख साबरी व कव्वाला रीना प्रवीन के बीच कव्वाली मुकाबला होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आने की दोनों



कलाकारों से सहमति मिल गयी है व आयोजन समिति दिन रात कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गई है। संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी, संयोजक सैयद शम्मू हुसैन के अलावा एसएम अकरम, डॉ. एजाज आलम, अली असगर, मुस्लिम खान, इजहार अंसारी, इसरार खान, घिनू कुमार, हेसाम अंसारी के अलावा कई कार्यकर्ता जलसा व कव्वाली कार्यक्रम को लेकर तैयारी में जुटे हैं। इब्राहिम सेठ ने कहा कि हर वर्ष यह कार्यक्रम वह निजी खर्च से करते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने कव्वाली कार्यक्रम के खर्च का जिम्मा लिया है। उन्होंने कहा कि दाता पीर बक्श की मजार पर मांगी गई मुरादें पूरी होती हैं। कार्यक्रम के संयोजक सैयद शम्मू हुसैन ने बताया कि दाता नगर मैदान में आयोजित कार्यक्रम के लिए अनुमंडल के अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व की तरह वोलेंटियर भी पर्याप्त रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन व अन्य अतिथियों को आमंत्रित करने का जिम्मा एजाज हुसैन उर्फ छेदी, डॉ. एजाज आलम, एसएम अकरम,बड़ा बाबू व सैयद शम्मू हुसैन को सौंपा गया है।

# बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी, मामला दर्ज

### चार लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया

### छह हजार रुपए का लगाया गया जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने बुधवार की देर शाम को विशेष छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें चार लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने वाले राम बिगहा गांव के तीन और गम्हरिया गांव के एक सभी चार लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली



अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उनमें राम बिगहा गांव निवासी नरेश यादव, अवधेश राम और रीना कुंवर का नाम शामिल हैं। जबकि गम्हरिया गांव के नसीम खान पर छह हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जो सभी चार लोगों पर 24 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं अवधेश राम और नसीम खान पर 1.76 लाख रुपए बकाया है। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार ने दी। इस अभियान में सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार के अलावा संतोष कुमार सिंह, बबन कुमार उबैद अहमद मानव दिवसकर्मी शामिल थे। सहायक अभियंता ने बताया कि आगे भी उर्जा चोरी के खिलाफ छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने बिजली का वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## ग्रामीणों ने शिक्षक के खिलाफ विरोध जताया

**उंटारी।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के मुरमाखुर्द पंचायत अंतर्गत टीटही गांव में ग्रामीणों ने गुरुवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय टीटही स्कूल परिसर में पहुंच कर शिक्षक के खिलाफ जमकर विरोध जताया। टीटही गांव के ग्रामीणों का कहना है कि यहां स्कूल परिसर में बच्चों को खाना नियमित मेनू के अनुसार नहीं मिलता है। कभी मिलता है तो कभी 15से 20दिन तक बच्चों को मिलने वाला भोजन गायब भी हो जाता है। आगे ग्रामीणों का कहना है कि इस विधालय में एक शिक्षक के भरोसे 1 क्लास से लेकर 5 वीं क्लास तक के बच्चो की पढ़ाई सही से नहीं हो पाती है। बताते चलें कि बच्चे बच्चियों को स्कूल का नाम भी नहीं मालूम है। ग्रामीणों ने एक और शिक्षक की मांग की है।

# लालगढ़ के 3 छात्रों का मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना में चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के लालगढ़ मध्य विद्यालय के 3 छात्रों का चयन मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति के लिए योजना में हुआ है। जिसमें राहुल राज, प्रिंस कुमार व अनिकेत कुमार कुमार का नाम शामिल है।? तीनों छात्रों को प्रतिवर्ष 12 सौ रुपए प्रदान कीए जाएंगे। यह राशि बेहतर कैरियर व शिक्षा के क्षेत्र में वरदान साबित होगी। इनकी सफलता पर विद्यालय परिवार फूले नहीं समा रहे। तीनों छात्रों ने बताया कि सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षक को जाता है। जिनके कुशल नेतृत्व में वो परीक्षा की तैयारी कीए और सफलता भी प्राप्त हुई। प्रतिवर्ष मिलने वाली छात्रवृत्ति की राशि भविष्य के निर्धारण में वरदान साबित होगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व विद्यालय परिवार ने इनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के बदौलत विद्यालय हमेशा प्रगति की राह पर चलकर अपने लक्ष्य को पाने में सफल रहा है । उन्होंने अन्य छात्रों से आग्रह किया कि सभी निरंतर कठिन परिश्रम के साथ पाठ को समझें न कि रटने की प्रवृत्ति रखें। सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी। विदित हो कि यह उपलब्धि लालगढ़ मध्य विद्यालय के लिए कोईपहली बार नहीं मिली है। इसके पूर्व भी प्रतिवर्ष छात्रों का चयन मेघा छात्रवृति नेतरहाट विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल आदि में होता रहा है। यहां के सभी शिक्षक समर्पित भाव से शैक्षणिक कार्य करते हैं जिसका प्रतिफल मुख्यमंत्री छात्रवृति पेंशन योजना में 3 छात्रों का चयन होना बता रहा।

Tender ref. No,: **District Collectorate District Supply Office Latehar, Jharkhand** Dated:- __/__/2023

**INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF LATEHAR DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 17.05.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Latehar, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Latehar Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Latehar,Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 17.05.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 24.05.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 29.05.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | 02.02.2023 (https://meet.google.com/pix-qfhe-ant) 1:30 to 2:30 |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://latehar.nic.in&https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://latehar.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

**PR 297687 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D** District Supply Officer Latehar

# आवास लाभुक दिवस का आयोजन

## 30 जून तक पीएम आवास निर्माण पूर्ण कराने का दिया गया निर्देश

### 30 जून तक आवास निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निदेशानुसार हुसैनाबाद प्रखंड के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के दंगवार, पतरा खुर्द, लोटनिया, पथरा, बनियाडीह बराही, महुअरी, पोलडीह, महुडंड, बडेपुर, झरगड़ा समेत सभी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर के चिन्हित लाभुकों के साथ प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी व स्थानीय प्रतिनिधि ने बैठक कर उनके साथ आवास



निर्माण में हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर 30 जून तक आवास निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया। बता दें कि यह कार्यक्रम 11 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालय में आयोजित होता है। मालूम हो कि हुसैनाबाद प्रखंड में अभी भी 452 आवास लंबित हैं। जिसे 30 जून 2023 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा, आवास योजना के प्रखंड समन्वयक अजय कुमार, मुखिया विनोद कुमार सिंह,सरिता कुमारी, अमरेंद्र ठाकुर, रिंकी कुमारी, सुदामा यादव, नरेश पासवान, मीना देवी, अनंति देवी ,ममता देवी, नोडल पदाधिकारी सूर्यदेव राम,जय राम मेहता, अशफाक अहमद, राजू रंजन, प्रशांत सागर, नीरज कुमार, अभिषेक कुमार समेत कई अन्य मुखिया, नोडल पदाधिकारी व लाभुक उपस्थित थे।

## भाजपा की जिला कार्यसमिति बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** भाजपा की जिला कार्यसमिति बैठक भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह प्रमंडलीय प्रभारी सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी विनय जायसवाल की उपस्थिति हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय नन्द पाठक ने की एवं संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया। मौके पर आदित्य साहू ने कहा कि देश आजाद होने के बाद पहली बार देश में 9 वर्षों से गैर कांग्रेसी सरकार है। 30 मई को केंद्र सरकार के कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे हो रहें हैं। जिसके उपलक्ष्य में पार्टी के सभी स्तर के नेता एवं सभी जनप्रतिनिधि घर घर जाकर लोगों का आभार व्यक्त करेंगे एवं पीएम के 9 वर्ष के कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों के बारे में लोगों को बतायेंगे।

# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**(3rd Call)**

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23** दिनांक 18.05.2023

| Sl. No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| (i) | **Rajkhand group** of svs scheme under Panchayat Ghasidag, Block Bishrampur **(Group No. 26)** | 4 | 3826651.00 | 77000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| (ii) | **Bhalmanda group** of svs scheme under Panchayat Pathak Pagar, Block Tarhasi **(Group No. 35)** | 1 | 590035.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| (iii) | **Shivri group** of svs scheme under Panchayat, Ghutuwa, Block Satbarwa **(Group No. 49)** | 1 | 608908.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| (iv) | **Kasmar group** of svs scheme under Panchayat, Rewaratu, Block Satbarwa **(Group No. 50)** | 1 | 813791.00 | 16500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| (v) | **Purnadih group** of svs scheme under Panchayat, Bari, Block Satbarwa **(Group No. 51)** | 1 | 831468.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| | **Total :-** | **8 Nos.** | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | **19.05.2023 / 12.30 P.M.** | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | **19.05.2023 / 12.35 P.M.** | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | **25.05.2023 / 05.00 P.M.** | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | **26.05.2023 / 05.00 P.M.** 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | **27.05.2023 / 04.00 P.M.** | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोट :– विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

**PR 297764 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D**

# विधायक ने कब्रिस्तान की घेराबंदी व विवाह भवन का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को चौकड़ी, भीखा बिगहा कब्रिस्तान की घेराबंदी व कुकही में विवाह भवन का शिलान्यास ऑनलाइन किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि एनसीपी जात-पात की राजनीति से दूर विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का होता है। इंसानियत के रास्ते पर चलकर ही सभी का प्यार और सम्मान पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मंदिर और मस्जिद दोनो में ईश्वर का वाश होता है। उनके लिए दोनो एक समान है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में 16 मदरसों, दो निकाह भवन समेत मस्जिदों तक सड़क का निर्माण कराया, तो मंदिरों तक सड़क ,संस्कार भवन और विवाह मंडप भी बनवाये। उन्होंने कहा कि सभी के लिए सड़क, बिजली, अस्पताल, शिक्षा की समुचित व्यवस्था की।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(पंचायत शाखा)**
**email – dprogarhwa84@gmail.com**

**आम सूचना**

उप निदेशक पंचायती राज विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक – 1159, दिनांक – 15.05.2023 एवं झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के पत्रांक 916 दिनांक – 09.05.2023 के द्वारा विज्ञापन संख्या – 01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में इन्टरमिडियएट संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2017 (नियमित एवं बैकलॉग के राज्य स्तरीय मेघा सूची के आधार पर पंचायत सचिव के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु गढ़वा जिलान्तर्गत 74 अभ्यर्थियों की अनुशंसा प्राप्त है।

उक्त पत्र के कंडिका – 3 के आलोक में अनुशंसित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण – पत्रों की जाँच दिनांक – 22.05.2023 के पूर्व कर लिए जाने क निदेश है। उपरोक्त के आलोक में दिनांक – 19.05.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे से समाहरणालय , गढ़वा स्थित जिला पंचायत राज कार्यालय गढ़वा में विभाग द्वारा अनुशंसित 74 अभ्यर्थियों के शैक्षणीक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जाँच की जाएगी।

अतः सभी अनुशंसित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने मूल प्रमाण – पत्रों (दो स्व अभिप्रमाणित छायाप्रतियों सहित) एवं हॉल का खीचा गया 02 पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड/फोटो मतदान पहचान पत्र (छायाप्रति सहित) के साथ निर्धारित तिथि को ससमय समाहरणालय गढ़वा स्थित **जिला पंचायत राज कार्यालय,गढ़वा** में उपस्थित होकर अपने – अपने प्रमाण पत्रों की जाँच कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी,
गढ़वा

**PR 297666 Panchayati Raj(23-24)#D**

# वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त बरियतु थाना काण्ड सं0–26/2017, दिनांक–22.01.2017, धारा–406/420/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 1.हसीना बीबी, पति–स्व0 शहाबुद्दीन अंसारी, सा0–जरु, थाना–लेस्लीगंज, जिला–पलामू 2. फैजान अंसारी, पिता–उसमान अंसारी, सा0–ग्राम–थाना–बिशनपुरा, पो0–कोचेया, जिला–गढ़वा के विरुद्व माननीय न्यायालय श्री अशोक कुमार, जे0एम0 F.C न्यायीक दण्डाधिकारी सदर कोर्ट राँची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri ASHOK KUMAR**
**J.M-FC, Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मतहम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
1. हसीना बीबी पति–स्व0 शहाबुद्दीन अंसारी, सा0–जरु, थाना–लेस्लीगंज, जिला–पलामू 2. फैजान अंसारी, पिता– उसमान अंसारी, सा0–ग्राम–थाना–बिशनपुरा, पो0–कोचेया, जिला–गढ़वा।
2 किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा — मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)
3. नाम — और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3) 1. हसीना बीबी 2.फैजान अंसारी
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशप्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) अभियुक्त 1. हसीना बीबी 2. फैजान अंसारी जब
4. मोकाम।
**U/S-406/420/34** IPC — मजकुर इसलिए
बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है किमजकुर साकिन 1. जरु लेस्लीगंज पलामू 2.विशनपुरा गढ़वा। ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6)
ब–तारीख 21 माह 05 नालिश–मजकुर 2023
करे जवाबदेही के लिए हाजिर हो
आज तारीख 13 माह 04 सन 2023

**s/d- Sri Ashok kumar**
**J.M-F.C, Ranchi**

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त, 1.हसीना बीबी 2. फैजान अंसारी, कहीं मिलते/दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/**Court of Sri ASHOK KUMAR, J M-F.C, RANCHI** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सदर, राँची। –9431102090
थाना प्रभारी, बरियातु, राँची। –9431706161

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

**PR 297699 Police(23-24).D**

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 19 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-212 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



'दहाड़' में अपने रोल के लिए ली बोली से लेकर ... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### राज्यपाल ने यूपी के मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। बताया जाता है कि दोनों की मुलाकात शिष्टाचार मुलाकात थीं।

### न्यायिक हिरासत में भेजा गया कुख्यात गैंगस्टर अमन

**रांची।** झारखंड एटीएस के द्वारा गिरफ्तार किए गए कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया है। इससे पहले अमन पर प्रतिद्वंदी गैंग के हमले की आशंका को देखते हुए गुरुवार को उसे बेहद गोपनीय तरीके से रांची सिविल कोर्ट में पेश किया गया और फिर उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया।

### जेल में परिवार से मिलने की छवि रंजन ने मांगी इजाजत

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस छवि रंजन की ओर से पीएमएलए कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। छवि रंजन अपनी पत्नी और बच्ची से सप्ताह में दो दिन मिलना चाहते हैं। इसकी अनुमति देने के लिए उन्होंने कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसपर गुरुवार को अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान छवि रंजन के अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि उन्हें सप्ताह में दो दिन परिवारवालों से मिलने दिया जाए। इस पर ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने इसका विरोध करते हुए दलील दी कि न्यायिक हिरासत में रह रहे किसी भी व्यक्ति को विशेष सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपित जेल में है, उसे जेल मैनुअल के मुताबिक ही सुविधा मिलती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने छवि रंजन की याचिका पर आदेश के लिए 22 मई की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि बीते चार मई को पूछताछ के दौरान ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को गिरफ्तार किया था।

### सिमडेगा में लाठी से पीट कर छोटे भाई को मार डाला

**सिमडेगा।** कुरडेग थाना क्षेत्र के खिंडा भंडार टोली में बड़े भाई ने छोटे भाई को लाठी से पीट कर मार डाला। साथ ही चौकीदार के साथ कुरडेग थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। जानकारी के अनुसार खिंडा भंडार टोली निवासी डेविड मिंज हर दिन घर में शराब पीकर आता था और बेटियों के साथ दुष्कर्म करने की बात करता था। साथ ही अपनी भाभी को भी रोज परेशान करता था। बताया जाता है कि गुरुवार को करीब 12 बजे घर के पास शराब पीकर अपशब्द बोल रहा था। इसी क्रम में बड़े भाई तरसीयूस मिंज ने आंगन में रखे लाठी से उसके सिर पर प्रहार कर दिया।

### मोदी कैबिनेट में बड़ा फेरबदल, किरेन रिजिजू की जगह अर्जुन मेघवाल होंगे कानून मंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल करते हुए किरेन रिजिजू को कानून मंत्री के पद से हटा दिया है। उनकी जगह पर अब अर्जुन राम मेघवाल को कानून एवं न्याय मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी कैबिनेट में इस बदलाव को मंजूरी दे दी है। इस नए बदलाव के मुताबिक अब तक कानून एवं न्याय मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे किरेन रिजिजू को अब भू विज्ञान मंत्रालय सौंपा गया है। किरेन रिजिजू की जगह पर अब अर्जुन राम मेघवाल कानून एवं न्याय मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें उनके मौजूदा मंत्रालय के साथ-साथ कानून और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के तौर पर स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है।

## झारखंड के चार विश्वविद्यालयों में होगी कुलपति की नियुक्ति

**रांची।** झारखंड के चार विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति होगी। इसके अलावा प्रो-वाइस चांसलर की नियुक्ति के लिए भी विज्ञापन जारी हो चुका है। राज्यपाल सचिवालय ने कहा है कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग के अलावा सिदो कान्हो मुर्मू यूनिवर्सिटी, दुमका, नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी, पलामू और कोल्हान यूनिवर्सिटी, चाईबासा में वीसी की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन करने होंगे। इसके अलावा रांची विश्वविद्यालय के साथ साथ विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू और कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के लिए प्रो- वीसी की नियुक्ति होनी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में अगले माह जून के अंत तक पांच कुलपति व दो प्रति कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने को हैं।

## नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे सीएम हेमंत सोरेन

**रांची।** राष्ट्रीय नीति आयोग की 27 मई को दिल्ली में होने वाली बैठक में झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह शामिल होंगे। इसमें झारखंड सरकार का बकाया, कोयला रॉयल्टी सहित कई मुद्दों को फिर से गंभीरता से रखा जाएगा। सात महीने पहले हुई नीति आयोग के उपाध्यक्ष के साथ बैठक में भी झारखंड सरकार ने कई मुद्दों को उठाया था लेकिन इसको लेकर अभी तक कोई पहल केंद्र सरकार ने नहीं की है। इसलिए यह बैठक काफी अहम है।झारखंड सरकार की कई परियोजनाएं केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सरकार ने जल्द से जल्द इन परियोजनाओं पर सहमति की मांग की है, ताकि झारखंड के विकास की रफ्तार तेज हो सके। साथ ही केंद्र सरकार से बकाया चुकाने की मांग की जाएगी। जीएसटी कंपनसेशन के रूप में 1880 करोड़ रुपये बकाया, कोयला कंपनियों द्वारा राज्य में 53 हजार एकड़ जमीन का इस्तेमाल के एवज में बतौर टैक्स आठ हजार करोड़ रुपये की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई मामलों को झारखंड सरकार उठायेगी।

## हाईकोर्ट ने नक्शा पास करने पर लगी रोक हटाई

**रांची।** आरआरडीए और रांची नगर निगम में नक्शा पास करने के एवज में पैसे लिए जाने के मामले की सुनवाई हुई। यह सुनवाई जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने साल 2022 के दिसंबर महीने में आरआरडीए और रांची नगर निगम से नक्शा पास करने पर रोक लगा दी थी। आज हुई सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने लगायी रोक को हटा दिया है। अब आरआरडीए और रांची नगर निगम से नक्शा पास होने लगेगा। वहीं कोर्ट ने यह निर्देश भी दिया है कि नक्शा पास करने में पूरी पारदर्शिता रखें। वहीं नक्शा पास करने जो प्रक्रिया है, उसे सरल करें। मीडिया में खबर प्रकाशित हुई थी। जहां बताया गया था कि रांची नगर निगम और आरआरडीए में नक्शा पास करने के बदले पैसे लिए जाते हैं। यह पैसा स्क्वायर सेंटीमीटर के हिसाब से होता है। खबर प्रकाशित होने के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने इसे स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की और फिर अगले आदेश तक नक्शा पास करने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने 2 दिसंबर 2022 को नक्शा पास करने पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट की ओर से नक्शा पास करने पर रोक लगाने से निर्माण सामग्री की कीमतों में काफी गिरावट आ गयी थी।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जेएसएससी ने पूरी की प्रक्रिया, सीएम देंगे ज्वाइनिंग लेटर**

# 3469 माध्यमिक शिक्षकों को आज मिलेगा नियुक्ति पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आज राज्य के माध्यमिक स्कूलों में चयनित 3469 शिक्षकों को ज्वाइनिंग लेटर दिया जाएगा। यह लेटर सीएम हेमंत सोरेन देंगे। खेलगांव स्थित टानाभगत इंडोर स्टेडियम में दिन एक बजे नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम रखा गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

**शिक्षकों को दी जाएगी ट्रेनिंग :** इन नव नियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार होगा जब नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र के साथ ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर होगा। इसमें शिक्षकों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, प्रमंडल स्तर पर क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय आदि के कार्यों व पदसोपानों की जानकारी दी जाएगी।



### 23 मई से शुरू हो रही शिक्षकों की ट्रेनिंग

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक नव नियुक्त शिक्षकों को 23 मई से तीन जून तक ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसमें शिक्षकों को उनकी सेवा शर्त नियमावली प्रविधानों, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित होनेवाली विभिन्न योजनाओं, समग्र शिक्षा अभियान के कार्यक्रमों, मध्याह्न भोजन, ई-विद्यावाहिनी, निपुण भारत आदि की जानकारी दी जाएगी। वहीं जेसीईआरटी के कार्यों, स्कूलों के लिए तैयार होनेवाले पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या, कैलेंडर के बारे भी बताया जाएगा। विभाग ने इसे लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हो रही नियुक्ति

बता दें कि जिन आवेदन के तहत शिक्षकों को अब नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, वह 2016 में निकाला गया था। तब राज्य में 13 अनुसूचित और 11 गैर अनुसूचित जिले वाली नियोजन नीति लागू थी। उस समय अनुसूचित जिलों में 8,423 और गैर अनुसूचित जिलों में 9,149 पदों पर कुल 17,572 शिक्षकों के लिए वेकैंसी निकाली गई थी। इस नियुक्ति प्रक्रिया को सोनी कुमारी ने चुनौती दी थी। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जहां सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को तीन महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा।

## पीएम मोदी ने प्रगति मैदान में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो-2023 का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो-2023 का उद्घाटन कर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया। आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में 47वें अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का जश्न मनाने के लिए इस अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के लिए अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का विषय 'संग्रहालय, स्थिरता और कल्याण' रखा गया है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, मीनाक्षी लेखी और अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे। मेघवाल को आज ही उनके मौजूदा मंत्रालयों के साथ-साथ कानून और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के तौर पर स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने नॉर्थ एवं साउथ ब्लॉक में बनने वाले राष्ट्रीय संग्रहालय के वर्चुअल वॉकथ्रू का भी उद्घाटन किया। यह संग्रहालय भारत के अतीत से संबंधित उन ऐतिहासिक घटनाओं, व्यक्तित्वों, विचारों और उपलब्धियों को उजागर करने और प्रदर्शित करने का एक व्यापक प्रयास है, जिन्होंने भारत के वर्तमान के निर्माण में योगदान दिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो के शुभंकर, ग्राफिक नॉवेल-संग्रहालय में एक दिन, भारतीय संग्रहालयों की निर्देशिका, कर्तव्य पथ के पॉकेट मानचित्र और संग्रहालय कार्ड का भी विमोचन किया। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो का शुभंकर चेन्नापट्टनम कला शैली में लकड़ी से बनी डांसिंग गर्ल का समकालीन वर्जन है। द ग्राफिक नॉवेल राष्ट्रीय संग्रहालय में आने वाले बच्चों के एक समूह को चित्रित करता है, जहां वे संग्रहालय में उपलब्ध करियर के विभिन्न अवसरों के बारे में सीखते हैं।

भारतीय संग्रहालय की निर्देशिका भारतीय संग्रहालयों का एक व्यापक सर्वेक्षण है। कर्तव्य पथ का पॉकेट मैप विभिन्न सांस्कृतिक स्थानों और संस्थानों पर प्रकाश डालता है और यह प्रतिष्ठित मार्गों के इतिहास के बारे में भी बताता है। संग्रहालय कार्ड देश भर में प्रतिष्ठित संग्रहालयों के सचित्र अग्रभागों के साथ कई कार्डों का एक सेट है। यह सभी उम्र के लोगों के लिए संग्रहालयों से परिचित कराने का एक अभिनव तरीका है। प्रत्येक कार्ड में संग्रहालयों की संक्षिप्त जानकारी शामिल होती है। आपको बता दें कि, प्रगति मैदान में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो-2023 में दुनिया भर के सांस्कृतिक केंद्रों और संग्रहालयों से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हो रहे हैं।

संसद संग्रहालय और अभिलेखागार भी इस आयोजन में भाग ले रहा है और संविधान की सुलेख प्रति के हिंदी और अंग्रेजी संस्करणों और संविधान सभा से कुछ दुर्लभ तस्वीरों को प्रदर्शित कर रहा है।

## निवेश व आर्म्स को लेकर होगी पुछताछ

**रांची।** झारखंड एटीएस के द्वारा मुंबई से गिरफ्तार किए गए गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लेने की तैयारी है।इससे पहले अमन से हुई पूछताछ में एटीएस को अमन गिरोह के सक्रिय सदस्यों , मददगार सफेदपोश जिसमे राजनेता और पुलिस वाले भी शामिल है उनके सम्बंध में जानकारी हासिल हुई है।वही अमन के द्वारा की गई खौफ की कमाई को बाजार में इन्वेस्ट करने वालो के नाम भी उजागर हुए है।

**जेल के अंदर और बाहर भी सक्रिय है गिरोह के सदस्य :** एटीएस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमन श्रीवास्तव अपने कुछ खास गुर्गों के ही संपर्क में रहा करता था।श्रीवास्तव गिरोह के सक्रिय सदस्यों में फिरोज खान, मिनहाज ,मुकेश सिंह कर्मवीर उर्फ शिवा शामिल है ये तीनो फिलहाल जेल से बाहर निकल चुके है और लगातार अमन के संपर्क में थे और अमन के इशारों पर काम किया करते थे।वही जेल में बंद श्रीवास्तव गिरोह का प्रमुख शूटर शिव शर्मा भी अमन के संपर्क में था।

**प्रिंस श्रीवास्तव ने किया है अमन के पैसे का निवेश :** एटीएस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस श्रीवास्तव नाम का एक व्यक्ति जो अमन का बेहद करीबी है ।वह अमन के द्वारा की गई ब्लैक मनी को निवेश करने का काम किया करता था। इस मामले में जल्द ही एटीएस प्रिंस श्रीवास्तव से भी पूछताछ करने वाली है।

श्रीवास्तव गिरोह के पास कई अत्याधुनिक हथियार उपलब्ध है ,रिमांड अवधि के दौरान हथियारों के बारे में भी अमन से पूछताछ की जाएगी।

### बस व दो बाइक की टक्कर में दो की मौत

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-औरंगाबाद मुख्य पथ एनएच 98 पर गुरुवार की सुबह औरंगाबाद की ओर से डालटनगंज जाने के क्रम में सर्विस बस बाबा भोलेनाथ के द्वारा दो अलग-अलग बाइक सवार युवक को जोरदार धक्का मारने से घटनास्थल पर ही दोनों बाइक सवार की मौत हो गई है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने औरंगाबाद-डालटनगंज मुख्य पथ को जाम कर दिया है। सूचना मिलने पर नावा बाजार पुलिस मौके पर पहुंची है और प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटी हुई है। मृतकों की पहचान बबलू प्रसाद गुप्ता के भतीजे छोटू प्रसाद (16) एवं दूसरी बाइक पर सवार उंटारी रोड के मुरमा कला निवासी चंद्रप्रकाश (40) के रूप में हुई है।

## किस कारण सिद्धारमैया को बनाना पड़ा मुख्यमंत्री

**-कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सामने ऐसी कौन सी मजबूरी है जिसके चलते सिद्धारमैया को बनाना पड़ा है कर्नाटक का मुख्यमंत्री । जबकि संसाधन से लगायत अपने लोगों सहित सबसे ज्यादा मेहनत किया राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने। इसके बावजूद डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाकर , उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। तर्क दिया जा रहा है कि डीके शिवकुमार पर आय से अधिक संपत्ति से संबंधित मामले चल रहे हैं। कर्नाटक में सत्ता जाने से तिलमिलाई केंद्र की भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव के पहले राज्य के सभी बड़े कांग्रेस नेताओं के पीछे ईडी व सीबीआई को लगाएगी। कई को जेल में भी डाल सकती है। क्योंकि कांग्रेस के नेताओं को जेल में नहीं डाला गया , उनको व उनके संसाधन को घेरा नहीं गया ,तो 10 माह बाद होने वाले 2024 के लोकसभा में ,राज्य में भाजपा की लोकसभा सीटें जितनी मिली हैं ,उसकी आधी हो जाएँगी। इसीलिए तो कर्नाटक के उस पुलिस अफसर को सीबीआई प्रमुख बनाया गया है , जो राज्य में बड़े पद पर रहते हुए डीके शिवकुमार व अन्य कई कांग्रेसी नेताओं के पीछे पड़े हुए थे। जिसके बारे में शिवकुमार ने कहा था - हमारी सरकार आने दीजिए, इनकी ज्यादती पर जांच कराकर केस चलवाया जाएगा। चर्चा है कि अपने चहेते अफसर पर केस चलाने से बचाने के लिए ही उस अफसर को सीबीआई चीफ बना दिया गया। अब उसको जल्दी ही डीके शिवकुमार के पीछे कार्रवाई के लिए भी लगा दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं को आशंका है कि केंद्र सरकार जल्दी ही डीके शिवकुमार सहित अन्य कई कांग्रेसी नेताओं के विरूद्ध सीबीआई व ईडी के छापे व गिरफ्तारी का अभियान शुरू करेगी।

### शाह पर राहुल की टिप्पणी मामले में दो हफ्ते बाद होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में गुरुवार को भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़े चाईबासा कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की याचिका की आंशिक सुनवाई हुई। मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने समय की मांग की। इसपर कोर्ट ने दो सप्ताह का समय वादी को प्रदान किया है। प्रतिवादी प्रताप कुमार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा, अधिवक्ता विनोद कुमार साहू एवं अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पैरवी की।

**निर्णय** विस में अलग नमाज कक्ष मामले में 31 जुलाई तक देगी रिपोर्ट

# विस ने सात विधायकों की कमेटी बनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नमाज पढ़ने के लिए अलग कक्ष आवंटित करने पर खड़ा हुए विवाद के मद्देनजर सात विधायकों की एक सर्वदलीय कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी इस बारे में स्टडी कर रही है कि देश के अलग-अलग राज्यों की विधानसभाओं में इस तरह की व्यवस्था है या नहीं? यह कमेटी आगामी 31 जुलाई तक अपने मंतव्य के साथ स्टडी रिपोर्ट विधानसभा को सौंप देगी।



यह बात झारखंड विधानसभा की ओर से हाईकोर्ट में दायर शपथ पत्र में बताई गई है। दरअसल इस मामले को लेकर अजय कुमार मोदी नामक शख्स ने जनहित याचिका दाखिल की थी, जिसपर गुरुवार को चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने सुनवाई की। इसके पहले बीते 2 मई को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विधानसभा से मौखिक तौर पर यह जानना चाहा था कि यह व्यवस्था किस आधार पर की गई? विधानसभा ने इसपर शपथ पत्र दायर कर अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 22 जून को मुकर्रर की है।

झारखंड विधानसभा के भवन में अल्पसंख्यकों के लिए नमाज पढ़ने के लिए वर्ष 2021 में कमरा आवंटित किया गया था। इसके लिए बकायदा विधानसभा सचिवालय की ओर से आदेश निकाला गया। जिसके बाद राज्य में काफी विवाद खड़ा हुआ था।

विपक्षी भाजपा सदस्यों के हंगामे की वजह से विधानसभा की कार्यवाही कई दिनों तक बाधित रही। इसे लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि यह संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत है। धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की प्रस्तावना का हिस्सा है, इसलिए राज्य विधानसभा जैसे भवन में किसी धर्म के लिए इस तरह की व्यवस्था नहीं होनी चाहिए।

## रिश्वत लेने के साथ पैसे का इस्तेमाल भी माना जाएगा मनी लांड्रिंग

**-आरएनएम**

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले से, पहले से ही खतरनाक व केन्द्रीय सत्ता द्वारा दुरूपयोग के लिए चर्चित हो चुकी ईडी को और ज्यादा ताकत मिल गई है। जस्टिस कृष्ण मुरारी व जस्टिस वी रामसुब्रमण्यम की बेंच ने तमिलनाडु से जुड़े भ्रष्टाचार के मुद्दे में अपने नए फैसले में कहा है कि रिश्वत लेना मनी लॉन्ड्रिंग के तहत एक अपराध है। इस तरह के मामलों में ईडी पीएमएलए के तहत एक्शन ले सकती है। अभी तक करप्शन के मामलों में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट 1988 की धारा 7 के तहत पब्लिक सर्वेंट के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।सर्वोच्च न्यायालय डीएमके विधायक व तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी के खिलाफ दर्ज केस की सुनवाई कर रही थी। उन पर आरोप है कि 2011-15 के बीच स्टेट ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन में हुई भर्तियों के मामले में रिश्वत ली गई थी। ये रकम उन लोगों से ली गई थी जो नौकरी हासिल करना चाहते थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फिर से जांच का आदेश भी दिया। इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने सेंथिल के खिलाफ ईडी की जांच पर स्टे लगा दिया था। सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। जस्टिस रामसुब्रमण्यम ने फैसले फैसले में लिखा कि ये पता लगाने के लिए किसी रॉकेट साइंस की जरूरत नहीं है कि अगर कोई पब्लिक सर्वेंट रिश्वत लेता है तो वो अपराध करता है। उसके बाद उन्होंने मनी लांड्रिंग के सेक्शन 3 की परिभाषा बताई। उनका कहना था कि इसके तीन हिस्से हैं। पर्सन, प्रोसेस ऑफ एक्टिविटी और प्रोडक्ट। उन्होंने फैसले में लिखा कि पर्सन और प्रोसेस को लेकर कहीं कोई शक नहीं है। लेकिन प्रोडक्ट के लिए सेक्शन 2(1)(व) को समझने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि सेक्शन 3 में अपराध की छह तरह की आपराधिक गतिविधियां बताई गई हैं। ये कंसीलमेंट, पजेशन, एक्विजिशन, यूज, प्रोजेक्टिंग एज अनटेंटेड मनी, क्लेमिंग एज अन टेंटेड मनी हैं। इसमें तीसरी गतिविधि कुछ भी हासिल करने से जुड़ी है। अगर कोई पब्लिक सर्वेंट रिश्वत की रकम लेता है तो वो तीसरी गतिविधि के तहत आरोपी ठहराया जा सकता है। लिहाजा उसके खिलाफ मनी लांड्रिंग की कार्रवाई शुरू की जा सकती है। अगर वो रिश्वत की रकम को अपने पास नहीं रखकर उसका इस्तेमाल भी करता है तो भी वो मनी लॉन्ड्रिंग के तहत आरोपी ठहराया जा सकता है, क्योंकि छह तरह की आपराधिक गतिविधियों में यूज भी शामिल की गई है।

# मझिगावां पंचायत सचिवालय में आवास दिवस का आयोजन



**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को खरौंधी प्रखंड के सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। मझिगावां पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड कोडिनेटर रविरंजन कुमार ने उपस्थित आवास लाभुकों को आवास निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की ऐसे लाभुक जो पहली किस्त और दुसरी किस्त की राशि का भुगतान होने के बाद भी आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किये है वो एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण कार्य पूरा करें। अन्यथा उनसे राशि रिकवरी कराई जायेगी। वहीं बीडीओ गणेश महतो ने कहा की आवास लाभुक दोनों किस्त की राशि भुगतान होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रहे हैं वैसे लाभुकों को सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जायेगा। उन्होंने आवास लाभुकों को जल्द आवास निर्माण कार्य पुर्ण कराने को कहा। मौके पर मुखिया बिंदा देवी, बीडीसी कृष्णा राम, मुखिया प्रतिनिधि सतीश राम, पंचायत सेवक केश्वर सिंह, रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार, स्वयंसेवक महेंद्र मोची, सतेंद्र बैठा, रीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बंशीधर पलटन कबड्डी टीम देवघर के लिए हुई रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

देवघर कबड्डी प्रीमियर लीग सीजन-2 का आयोजन 21 मई से 27 मई तक बाबा नगरी देवघर जिला के केकेएन स्टेडियम में कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड से मान्यता प्राप्त देवघर जिला कबड्डी संघ के तत्वाधान में हो रहा है। इस प्रीमियम लीग में कुल छह टीमें भाग लेंगी। इस संबंध में गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव अजय गुप्ता ने बताया कि गढ़वा जिला का बंशीधर पलटन टीम में शामिल है। एस्टीम के ऑनर युवा समाजसेवी सह जेएमएम नेता दीपक प्रताप देव साथ में टीम के सहयोगी है। वहीं दीपू गुप्ता, सुनील मेहता और रणविजय शाह है। सभी खिलाड़ियों एवं कोच टीम मैनेजर को देव ने कबड्डी किट प्रदान किया और कहा कि आप




सभी जी जान से बंसीधर पलटन के लिए गेम खेलिए और चैंपियन बनिये। खासकर मैं गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव व कोच अजय कुमार गुप्ता को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि आज इन्हीं की बदौलत गढ़वा जिला में कबड्डी का नाम सबसे ऊंचा है। इनके ही बदौलत आज गढ़वा जिला के बालिका टीम लगातार स्टेट चैंपियनशिप में चैंपियन बन रही है। आज मुझे पूर्ण विश्वास है की बंशीधर पलटन टीम भी इनके नेतृत्व में देवघर जिला में चैंपियन बनकर आएगी। मौके पर जे एम एम नेत्री किरण देवी ने सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामना दी। मौके पर दीपू गुप्ता, मुखियाअनिल गुप्ता सहित अन्य ने जीत के लिए शुभकामना दी। गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव अजय गुप्ता ने बताया कि देवघर कबड्डी प्रीमियर लीग का लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।

### बंशीधर पलटन टीम में ये खिलाड़ी हैं शामिल

बंशीधर पलटन टीम में राजू कुमार सिंह कैप्टन, हरेंद्र पासवान उपकप्तान, सर्वोत्तम कुमार विषम यादव, रंजन कुमार रजक, अभिमन्यु कुमार, प्रामित कुमार, मंटू कुमार, भोला सिंह मुंडा, अभिषेक कुमार, विकास कुमार और रोहित कुमार मिश्रा, मेंटर मुकेश कुमार, कोच अजय कुमार गुप्ता, असिस्टेंट कोच उपेंद्र कुमार और फिजियो प्रणव कुमार टीम के साथ रवाना हुए।

## प्रशासन से विद्यालयों में शीघ्र छुट्टी कराने की मांग

# झुलसा देने वाली गर्मी में स्कूल जाने को मजबूर बच्चे



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

शरीर को जला देने वाली चिलचिलाती धूप और 42 डिग्री का तापमान तथा भयंकर लू के बीच विद्यार्थी स्कूल जाने को मजबूर हैं। छात्र-छात्राओं ने प्रशासन से विद्यालयों में शीघ्र छुट्टी कराने की मांग की है। विगत एक पखवारे से तापमान में हुई आचनक वृद्धि से सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त है। लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। दिन में 11 बजे के बाद सड़कें सुनी हो जा रही हैं। ऐसी स्थिति में छोटे-छोटे बच्चे विद्यालय जाने को मजबूर हैं। सरकारी विद्यालयों में आज भी दोपहर 12:00 बजे होती है। चिलचिलाती धूप में लड़कियां अपने दुपट्टे से तो कोई अपना बैग से सर को छुपाए हुए घर लौटने को मजबूर हैं। गुरुवार को मेराल के सरकारी विद्यालय के वर्ग 6 में पढ़ने वाली छात्रा गार्गी के अलावे जूही कुमारी, ममता कुमारी, रेशम कुमारी, सुनीता कुमारी, चांदनी कुमारी, शोभा कुमारी, अभिषेक कुमार, सुनील कुमार इत्यादि का कहना है कि अत्यधिक तापमान के कारण काफी परेशानी हो रही है इसलिए विद्यालय में गर्मी छुट्टी तुरंत होनी चाहिए। दोपहर 12 बजे छुट्टी होने के बाद घर पहुंचते तक विद्यार्थियों को करीब 1 बजा जाता है। फलस्वरूप उन्हें चिलचिलाती धूप तथा लू को झेलना पड़ता है। कई अभिभावकों ने भी सरकार से विद्यालय में गर्मी छुट्टी देने की मांग की है।

# मुखिया ने किया नाली निर्माण का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

गुरुवार को ग्राम सिलीदाग, पासी टोला में प्यारी राम के घर से बड़ा पुल तक नाली निर्माण कार्य की प्रारम्भ मुखिया अनीता देवी के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। मुखिया अनीता देवी ने बताया गया कि उक्त नाली के बन जाने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आने- जाने में अब कोई परेशानी नहीं होगी और घर के पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सकेगी। नाली निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग के मद से किया जा रहा है। इसका प्राक्कलित राशि - 1,70,000 /- ( एक लाख सत्तर हजार रुपये) हैं। इस योजना में नाली निर्माण कार्य ढक्क्न के साथ हो रहा है, जिससे नाली में बाहरी कचड़ा भी नहीं जायेगा। इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि पानी की निकासी का समुचित प्रबंध नहीं होने से बारिश का पानी और घरों का पानी सड़क पर जमा हो जाता था, जिससे लोगो को आने -जाने में कठिनाई तो होती ही थी साथ ही साथ बीमारी भी फैलने का खतरा बना रहता था। नाली निर्माण हो जाने से सड़क साफ-सुथरा रहेगा और लोग संक्रमण से मुक्त रहेंगे। इस मौके पर वार्ड सदस्य दीपक पासी, विनय ठाकुर, लाला सिंह, नागिन (नागेंद्र) सिंह, रमेश चंद्रवंशी, राकेश सिंह, रमेश उरांव, मुकेश ठाकुर, विजय विश्वकर्मा एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# मारपीट की घटना में तीन लोग घायल

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी कामेश्वर प्रजापति उसकी पत्नी विमला देवी एवं उनकी पुत्री सुचिंता देवी मारपीट की घटना में घायल हो गई। इसमें पति पत्नी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में घायल कामेश्वर प्रजापति ने बताया कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी गांव अपने साढ़ू राम देव प्रजापति के यहां गया हुआ था। वहां से अपनी बेटी दामाद ब्रजेश प्रजापति के यहां चला गया, जहां उसके दामाद बृजेश प्रजापति एवं गोतिया दीनानाथ प्रजापति के बीच आपस में भूमि विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर गुरुवार को दीनानाथ प्रजापति, उमेश प्रजापति, विनोद प्रजापति, लखन प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, शारदा देवी, रीना देवी, सुकनी देवी आदि लोगों ने लाठी-डंडों टांगी से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में इलाज के लिए भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए विमला देवी व कामेश्वर प्रजापति को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### आयुष चिकित्सा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**मेराल।** योग शिक्षक संघ गढ़वा अपने विभिन्न मांगों को लेकर जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी से मिला एवं ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रुप से योग प्रशिक्षक का मानदेय 250 रुपसे प्रतिदिन से बढ़ाकर एक समान जनक राशि दिया जाए। योग प्रशिक्षक की बहाली एनजीओ के माध्यम से नहीं कराया जाए। योग सत्र 15 दिन से बढ़ाकर 30 दिन किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में शशि कुमार चौधरी छोटन कुमार धर्मेंद्र कुमार मेहता रेखा कुमारी विजेश्वर प्रजापति संतोष प्रसाद गुप्ता सुरजीत सिंह मंटू सिंह विपिन कुमार मिश्रा सहित कई लोग शामिल थे।

# अज्ञात बीमारी से खढ जवान की मौत, गांव में छाया मातम

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**

थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटीदीरी पंचायत के मिरचैया गांव के देवकी राम के पुत्र झारखंड पुलिस का जवान था जहां हीरालाल कुमार तूफानी की मौत बुधवार की सुबह 5 बजे हो गई। हीरालाल कुमार तूफानी जमशेदपुर के बारीडीह थाने में पुलिस जवान के पद पर पदस्थापित थे।

मृतक हीरालाल कुमार तूफानी प्रतिदिन चर्या के अनुसार खाना खाकर रात में सोया था जहां उसके साथियों ने सुबह देखा कि वह कुछ भी बोल नहीं रहा है आनन फानन में लोग प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जमशेदपुर के बारीडीह में भेज दिया। पिछले 2 वर्षों से अज्ञात बीमारी से जूझ रहा था, मृतक किडनी और फेफड़े संबंधी बीमारी थी। जहां चिकित्सकों ने उन्हें परहेज करने की सलाह भी दी थी जहां जमशेदपुर के बारीडीह थाने में पदस्थापित हीरालाल कुमार तूफानी की मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया उनके परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है उनके परिवार दहाड़ मार कर रो रहे थे मृतक के दो पुत्र एवं एक पुत्री थी जिनकी शादी करनी थी इस घटना से गांव के लोग काफी मायूस हैं घटना की खबर मिलते ही जवान की शव को देखने के लिए गांव के लोग एक छलक देखने के लिए काफी संख्या में महिलाएं पुरुष का हुजूम उमड़ पड़ी।

वहीं टाटीदीरी पंचायत के मुखिया सगुनी राम ,उखमजी राम, राजीव रंजन कुमार,नन्दु राम, कुलदीप राम धीरेंद्र यादव , शिवकुमार राम, राजेन्द्र गुप्ता, संजय यादव, राजेन्द्र राम एवं काफी संख्या में लोग मृतक के घर पहुंचकर उनके परिजनों को ढांढस बनाया एवं हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

# चतरा संक्षिप्त

### पंचायत सचिवालयों में मना मजदूर दिवस

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** गुरुवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के सभी पंचायत में उपायुक्त अबु इमरान के दिशा निर्देश पर मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। पंचायत सचिवालय सिंघानी, बरवाडीह, नोनगांव, मेराल व नावाडीह-डमौल में मजदूर दिवस पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीपीओ राम कुमार सिंह ने बताया कि उपायुक्त ने निर्देश पर प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में साप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को मजदूर दिवस मनाया जाएगा। मजदूर दिवस पर प्रधानमंत्री आवास लाभुक व मनरेगा मजदूरों को संबंधित जानकारी दी गई। मौके उपस्थित 20 सूत्री विकास यादव, रोजगार सेवक टेकनारायण राम, समाजसेवी संजय दांगी, विकास कुमार, बिनोद राम, अशोक मोची, गिराज भुईयां, राहुल कुमार व नरेश राम आदि उपस्थित थे।

### किसानों को केसीसी लाभ देने के निर्देश



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को बीएलसीसी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एलडीएम देवब्रत शर्मा, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विवेक कुजुर, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक विनोद कुमार पासवान, मुखिया निर्मला देवी उपस्थित थे। जिसमें बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिस पर एलडीएम ने जल्द गिद्धौर में एटीएम शुरू करने का आश्वासन दिया। केसीसी ऋण अधिक से अधिक लोगों को देने के साथ बैंकों में नए अकाउंट खोलने का निर्देश दिया गया। जबकि एनपीए खाताधारकों को जल्द ऋण जमा कर खाता सुधारने की अपील की गई। वहीं बताया गया कि किसी कारण बस दोनों बैंकों में कई खाताधारकों का अकाउंट होल्ड कर दिया गया है। जिसे जल्द सुधार करते हुए चालू कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में एटीएम, बीटीएम के अलावे संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

**मयूरहंड(चतर)।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान मयूरहंड थाना क्षेत्र में चलाया जा रहा है। गुरुवार को पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय सेवाल के बच्चों को सड़क सुरक्षा की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। शिक्षक की भूमिका में एसआई श्री सिंह ने बच्चों को बताया कि बीते दिनों कई जानें सड़क दुघर्टना में चलीं गईं। जिसका कारण बिना हेलमेट गाड़ी चलाना एवं कम उम्र के बच्चों के हाथों में गाड़ी सौंप देना रहा। इसके अलावा वाहन चलातें हुए मोबाइल से बात करना, शराब पीकर गाड़ी चलाना मुख्य रुप से शामिल है। इसके अलावा छात्रों को जेब्रा क्रोस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। बताया गया की जीवन अनमोल है, आप जब भी सड़क पर चलें तो अपनी बाईं योर ही चलें और आने जाने वालों के गतिविधियों का भी ख्याल रखे। वहीं कम उम्र के बच्चों को मोटरसाइकिल नहीं देने की अपील अभिभावकों से की गई।

### चलाया गया अभियान, छह बाइक जब्त



**गिद्धौर (चतरा)।** अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक एवं थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने संयुक्त रूप से गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक में अभियान चलाकर बीचो-बीच लगाए गए आधा दर्जन बाइकों को जप्त किया। इस कार्यवाई से सड़क पर व सड़क के किनारे लगाने वाले बाइक चालकों में हड़कंप मच गई। बताया जाता है कि गिद्धौर सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर बेवजह बाइक चालक बाइक को जहां-तहां खड़ा कर दे रहे हैं। वैसे में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। गुरुवार को बट सावित्री की पूर्व संध्या पर मुख्य बाजार में महिला खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसके कारण चौक चौराहे में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जबकि बाइक चालकों द्वारा बेवजह जहां तहां बाइक को खड़ा कर दिया गया था। जिसकी सूचना सीओ व प्रभारी को दिया गया। तो सीओ व थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर आधा दर्जन बाइक को जब्त कर थाना ले आये। साथ ही चौक चौराहों को खाली करा दिया गया।जबकि गिद्धौर मुख्य चौक में इधर उधर बाइक नहीं लगाने का निर्देश दिया है।

**समारोह**

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

# भारतीय संस्कृति में कोई उंच-नीच का भेद नहीं है : केएन पांडेय




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2022-23 में शामिल विद्यार्थियों के लिये प्रमाण पत्र सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित इस समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केएन पांडेय, विशिष्ट अतिथि अलखनाथ पांडेय, भाजपा नेता शिवधारी राम, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी, संस्कार भारती के नीरज श्रीधर, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक संजय सोनी, जिला समन्वयक विनोद पाठक आदि ने संयुक्त रूप से देवमंच पर दीप जलाकर किया। समारोह की शुरूआत शिक्षिका अल्पना सोनी के गुरू मेरी पूजा... गुरू वंदना से की गयी। इस अवसर पर बोलते हुये मुख्य अतिथि केएन पांडेय ने कहा कि बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवगत कराने का यह अनूठा प्रयास है। भारतीय संस्कृति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में सभी लोगों के विषय में समदर्शी दृष्टिकोण रखा गया है। सभी वर्ग के लोगों को समान रूप से दर्जा दिया गया है। इसके लिये उन्होंने संत रविदास व कबीर आदि को मिले सम्मान का उदाहरण दिया। लेकिन बीच में आयी कुप्रथाओं एवं जाति-पाति में विभाजन ने समाज को कमजोर करने का काम किया. जाति-पांति में बांटना एक साजिश के तहत किया गया है। इसे लोगों के बीच सही रूप से रखने की जरूरत है। तभी देश व समाज मजबूत बनेगा। जिला पब्लिक स्कूल समन्वयक समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने गायत्री परिवार के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि इसका बच्चों पर अच्छा प्रभाव होगा। आज बच्चों को प्राचीन संस्कृति से अवगत कराने एवं संस्कार देने की ज्यादा जरूरत है। इसी तरह के प्रयासों से देश को फिर से विश्वगुरू बनाया जा सकता है। इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी, शिवधारी राम, विनोद पाठक आदि ने भी विचार व्यक्त किये. समारोह का संचालन रंजीत सोनी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव डॉ आलोक कुमार दूबे ने किया।

जिन्हें पुरस्कृति किया गयाः डीएवी विद्यालय गढ़वा की अंकिता द्विवेदी को प्रथम, जीएम स्कूल चिनिया की खुशबू को द्वितिय व ब्राइट फ्यूचर स्कूल की सृष्टि कुमारी को जिलास्तर पर तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावे गढ़वा प्रखंड में उत्क्रमित उवि ओबरा के आरसी फातमा को प्रथम, शांति निवास के आयुष कुमार पांडेय को द्वितीय व आके पब्लिक स्कूल के विवेकानंद गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह से कस्तूरबा विद्यालय रमना की मांति कुमारी व गूंजा कुमारी, एसएस स्कूल विकताम की अर्चना कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय, संत पॉल रेहला के डिंपल भारती, ज्ञान भारती बेलचंपा की इसरत परवीण व अनन्या सिंह को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावे विद्यालय के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। अनिरूद्ध प्रसाद सोनी, बनारसी पांडेय, धनंजय तिवारी, राजीव चौधरी, रीना चंद्रवंशी, जूही दूबे, अशोक विश्वकर्मा, संतन मिश्रा, अखिलेश कुशवाहा, शोभा पाठक, ममता तिवारी, अनिता देवी, मीना देवी, नीलम शर्मा, शिवानी दूबे, कांति दूबे आद उपस्थित थे।

### वर्ष 2023 में 10 हजार बच्चे शामिल होंगे परीक्षा में

इस अवसर पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक संजय सोनी ने कहा कि इस परीक्षा में पिछले साल पूरे देश में 50 लाख से उपर विद्यार्थी शामिल हुये थे। गढ़वा जिले में वर्ष 2022 में जिले के 36 विद्यालयों से कुल 4000 बच्चे परीक्षा में शामिल हुये थे। परीक्षा में जिस प्रकार से विद्यालय के शिक्षक व बच्चों के अभिभावकों ने उत्साह दिखाया है, उसको देखते हुये इस वर्ष इस लक्ष्य को बढ़ाकर 10 हजार किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिये सभी विद्यालयों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

NEWS इन ब्रीफ

## पलामू के खिलाड़ी ने जीता सिल्वर मेडल

**मेदिनीनगर ।** काठमांडू नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में पलामू के एक निजी विद्यालय में पढ़ रहे सिद्धेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसके साथ में इंटरनेशनल लेबल पर ब्लैक बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सिहान सुरेंद्र श्रेष्ठ नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल नेपाल के द्वारा ब्लैक बेल्ट एवं प्रशस्ती -पत्र प्राप्त किया। गौरतलब है कि सिधेश कुमार मुख्य कराटे प्रशिक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में लंबे समय से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में भी वो इनके ही नेतृत्व में शामिल हुए ।पलामू से लगातार खिलाड़ियों का प्रदर्शन देश के अलावा देश से बाहर भी बेहतर किया जा रहा है।आये दिन पलामू के खिलाड़ियों का नाम राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बन रहा है।

## तालाब में डूबने से सात वर्षीय बच्चे की स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसीआरा में तालाब में डूबने से 7 वर्षीय बच्चे की स्थिति गंभीर हो गई। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसीआरा निवासी विनय चौरसिया का पुत्र नीतीश कुमार गुरुवार की सुबह कुछ बच्चों के साथ अपने घर के पास तालाब में नहाने गया था। इसी बीच अचानक वह तालाब में डूब गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से नीतीश कुमार को तालाब से बाहर निकाला गया।नीतीश जब पानी से बाहर निकला तो उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी।उसके बाद उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है, अस्पताल में इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है।

## करमा उरांव के निधन पर शोक संदेश

**मेदिनीनगर।** करमा उरांव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कम्युनिस्ट नेता के.डी.सिंह ने कहा है कि झारखंड की माटी ने एक उच्चकोटी के व्यक्तित्व को खो दिया है। करमा उरांव दिल-दिमाग से खूबसूरत थे। 1973-1974 में करमा उरांव रांची कॉलेज रांची छात्र संघ के चुनाव में भारी मतों से महासचिव चुने गये थे। तब से आज तक देश-विदेश में उन्होंने शिक्षा का अलख जगाया।करमा उरांव प्रोफेसर और मानव विज्ञान के विभागाध्यक्ष से रांची विश्वविद्यालय में पदाधिकारी के रुप में डीन के पद पर कार्य किये। रिटायर होने के बाद झारखंड की राजनीति को मानव और संस्कृति सापेक्ष विकास की नीति के प्रति प्रेरित करते रहे । 6 नवम्बर 2021को डीबडीह सेलिब्रिशन हॉल रांची में आदिवासी मूलवासी सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बुलाकर स्थानीय एवं नियोजन नीति पर परिवाद (परिचर्चा ) कराये था। उसमें आदिवासी व मूलवासी संगठनों के नेताओं के अलावा, बाबूलाल मरांडी, सुबोध कांत सहाय, के.डी.सिंह एवं शुभेंदु सेन प्रमुख थे। वर्तमान सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर सजग और मुखर थे। उनका अंतिम सबसे बड़ा कार्यक्रम प्रेस क्लब रांची में 31.8.2022 को हुआ था। आदिवासी मूलवासी संयुक्त मोर्चा, केन्द्रीय समिति रांची कँ प्रथम वर्षगांठ सह स्मारिका 'जागृति' का लोकार्पण समारोह का आयोजन किये थे। जिसमें 1932 के खतियान को आधार मानकर स्थानीयता तय करने का प्रस्ताव पारित हुआ था। उनकी ही अध्यक्षता में यह समारोह हुआ था। सामारोह में बाबूलाल मरांडी, सुबोध कांत सहाय, केडी सिंह, अजयनाथ शाहदेव सहित आदिवासी और मूलवासी के कई नेताओं को सम्मानित किया गया। संपूर्णता में देखें तो प्रोफेसर करमा उरांव झारखंड के एक महान व्यक्तित्व थे। वो शिक्षा और राजनीति को एक नई दिशा प्रदान करने के लिए निरंतर सक्रिय रहे।

# आज पंचायत सचिवों के होंगे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आज पलामू में पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किये जाएंगे। पंचायती राज विभाग के निदेर्शानुसार पंचायत सचिव के लिए नियुक्ति से संबधित अनुशंसित अभ्यर्थियों की मेघा सूची के अनुसार शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजातो की जांच की तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिसमें अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की जांच आज एवं कल 10 बजे पूर्वाहन से 04 बजे अपराह्न तक पलामू जिले के



स्थानीय समाहरणालय स्थित ब्लॉक सी में की जायेगी। आयोग द्वारा पलामू जिले हेतु सभी अनुशंसित अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित होकर पंचायत सचिव से संबंधित प्रवेश पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/ स्थानीय प्रमाण पत्र एवं समर्पित अन्य कागजातों (मूल रूप में) के साथ जांच में भाग लेने को कहा गया है। पंचायती राज विभाग द्वारा पलामू जिले के पंचायत सचिव के लिए नियुक्ति से संबंधित अनुसंशित अभ्यर्थियों की सूची एवं फोल्डर प्राप्त हो चुकी है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पंचायत सचिवों की नियुक्ति का रास्ता साफ हुआ है। नियोजन नीति के कारण अभ्यर्थियों की नियुक्ति पांच वर्षों से लटकी हुई थी।

# आज पलामू के हाई स्कूल अभ्यर्थियों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आज पलामू के हाई स्कूल में चयनित हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। जिसके लिए पलामू के अभ्यर्थियों को आज सुबह 4 बजे रांची के लिए सुरक्षित वाहन से ले जाया जायेगा। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हाईस्कूल नियुक्ति की प्रक्रिया पूरा किया जा रहा है। जिसके पहले चरण में आज मुख्यमंत्री के द्वारा लगभग तीन हजार अभ्यर्थियों को रांची के टाना भगत स्टेडियम में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। पलामू से लगभग 189 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। उसके



बाद अभ्यर्थियों को स्कूल में योगदान की प्रक्रिया किया जाना है। वही, शिक्षा विभाग के द्वारा नियुक्त शिक्षको को 23 मई से प्रशिक्षण भी दिया जाना है।

# अतिक्रमण अभियान के दौरान नावाटोली तालाब से हटाये गए मछुआरे

**अतिक्रमण अभियान चलने के बाद मछली बेचने वाले सभी लोग बेरोजगार हो गये है**

**मछुआरों ने जिला प्रशासन से यहां से हटाये जाने पर दूसरी जगह दुकान की मांग की**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के नवकेतन सिनेमा तालाब के पास अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान के दौरान तालाब के पास मछली बेचने वाले सभी लोगों को हटाया गया। अतिक्रमण अभियान के दौरान सीओ जेके मिश्रा, टीओपी दो के प्रभारी रूद्रानंद सरस, शहर थाना के एसआई अशोक कुमार पांडे सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात थे। अतिक्रमण अभियान



चलने के बाद मछली बेचने वाले सभी लोग बेरोजगार हो गए। यहां पर मछली बेचने वाले मछुआरों ने जिला प्रशासन से यहां से हटाए जाने पर दूसरी जगह दुकान की मांग की है। मछुआरों का कहना है कि कोर्ट का सम्मान करते हैं। हमे हटाने संबंधित जो भी आदेश कोर्ट ने दिया है उसका पालन करेंगे। मगर इस कार्रवाई से मछुआरों में रोष भी है।उनका कहना है कि डालटनगंज थाना मत्स्यजीवी समिति मत्स्य विभाग के इस तालाब में वर्ष 1958 से मछली पालन कर रही है। साथ ही यहीं बेचने का काम भी होता रहा है। एक तरफ मछुआरों द्वारा गंदगी फैलाने और अतिक्रमण करने संबंधित पीआईएल दायर कर उन्हें हटवाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बड़े लोग,पूंजीपति जो तालाब का अतिक्रमण किए हुए हैं उनकी ओर से प्रशासन आंख मूंदे हुए है। तालाब का रकबा 8 एकड़ 49 डिसमिल है,जो अब आधा में सिमट कर रह गया है। मत्स्य समिति के सचिव रंजीत कुमार चौधरी का कहना है कि दो दिन पहले प्रशासनिक पदाधिकारियों ने यहां आकर हटने का निर्देश दिया। लेकिन दो दिन में भी पदाधिकारी तय नहीं कर पाए कि यहां से हटने के बाद मछुआरों की रोजी-रोटी कैसे चलेगी। मछली बेचने के लिए उन्हें कहां जगह दें। उन्होंने मांग की कि जिस तरह नवकेतन रोड में तालाब की जमीन का अतिक्रमण कर 45 सरकारी दुकानें बनाई गई हैं और टैक्स लेकर किराए पर दिया गया है।उसी तरह जहां से उन्हें हटाया गया है उस स्थान पर निगम दुकान का निर्माण कर टैक्स लेकर उन्हें किराए पर दे। मालूम हो कि तालाब किनारे सड़क पर मछली बेचे जाने से गंदगी फैलने का मामला हाईकोर्ट में उठाया गया था। इस पर कोर्ट ने सड़क किनारे मछली बेचने और तालाब की भूमि को अतिक्रमण कर रह रहे मछुआरों को हटाने का निर्देश दिया है।

# संत मरियम स्कूल का कराटे में शानदार प्रदर्शन जारी




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** काठमांडू नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय शाखा कजरी के कराटेकार सिद्धेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया । और साथ में इंटरनेशनल लेबल पर ब्लैक बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सिहान सुरेंद्र श्रेष्ठ नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल नेपाल के द्वारा ब्लैक बेल्ट एवं प्रशस्ती -पत्र प्राप्त किया ।विदित हो की सीधेश कुमार मुख्य कराटे प्रशिक्षक सिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में लंबे समय से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है साथ ही नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में भी इनके ही नेतृत्व में शामिल हुआ। छात्र के इस सफलता पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने छात्र एवं प्रशिक्षक को बधाई देते हुए कहा कि पलामू और हमारे विद्यालय के लिए यह गर्व की बात है कि पहली बार हमारे विद्यालय का छात्र अंतरराष्ट्रीय लेवल पर ब्लैक बेल्ट हासिल किया एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा मे भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया ।हम सभी उम्मीद करते है की आने वाले समय में पलामू जैसे सुदूरवर्ती पिछड़े इलाके से और भी छात्र प्रेरणा लेकर ढेरों मेडल अपने नाम करे। साथ ही देव ने कहा की कराटेकार सीधेश कुमार को बहुत जल्द विद्यालय प्रबन्धन द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

## ट्रेन की चपेट में आकर मानसिक रोगी की मौत

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सुआ निराला टोला में मालगाड़ी की चपेट में आकर गणेश सिंह की पुत्री लालसा कुमारी उम्र 15 वर्ष की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लालसा कुमारी का दिमागी हालत ठीक नहीं था। गुरुवार की सुबह वह अपने घर के पास रेलवे लाइन क्रॉस कर रही थी।इसी बीच मालगाड़ी की चपेट में आकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

# लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले चार अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा और डीएसपी ऋषभ गर्ग ने संयुक्त रुप से बताया कि पिपराटाड़ थाना प्रभारी हीरालाल शाह के नेतृत्व में 17 मई की रात गुप्त सूचना के आधार पर पिपराटाड़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत अमानत नदी के किनारे छः अपराधी डकैती की योजना बनाते घेरे गये। छापामारी क्रम में दो अपराधी भागने मे सफल रहें तथा चार अपराधी हथियार गोली आदि के साथ रंगे हाथ पकड़े गये। इनके पास से 12 बोर की दो देशी पिस्तौल, पुलिस की चितकबरी वर्दी, दार्थ, फाईटर रिंग, खिलौना पिस्टल, चिलम आदि बरामद हुए हैं। गिरफतार अपराधी शमशाद अंसारी पूर्व में हत्या कांड का अरोपी रहा है। अपराधी अखिलेय भूईया आठ महीना पहले चोरी के कई कांडों जेल गया है। विगत कुछ दिनों से सूचना आ रही थी कि माकी और पिपराटांड थाना क्षेत्र में सुंदर ग्रामीण जंगली रास्तों में छोटी-मोटी छिनतई की घटनायें घट रही है।

# पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में अपराध गोष्ठी आयोजित

## ऑफिसर ऑफ द मंथ के रूप में हीरालाल शाह पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में गुरुवार को अपराध गोष्ठी आयोजित की गई।अपराध गोष्टी के दौरान माह अप्रैल में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा की गई । साथ में थानावार वारंट ,कुर्की के निष्पादन के संबंध में की गई कार्रवाई, कांडों में गिरफ्तारी एवं निष्पादन की कार्रवाई की समीक्षा पुलिस अधीक्षक के द्वारा की गई ।माह अप्रैल में हत्या, लूट ,बलात्कार, पोक्सो आदि के कांडों में गिरफ्तारी एवं उद्भेदन के संबंध में क्या क्या प्रयास किए गए हैं ,उसकी गहन समीक्षा की गई। उग्रवादियों के विरुद्ध कार्रवाई के दृष्टिकोण से मनातू ,नावा बाजार, छतरपुर नौडीहा एवं हरिहरगंज को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया और उनके द्वारा विशेष सफलता नहीं मिलने को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। हत्या के जिन कांडों का उद्भेदन अभी तक नहीं हो पाया है ,उसको लेकर भी संबंधित थाना प्रभारी एवं अनुमंडल



पुलिस पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिये गये । सभी अंचल के पुलिस निरीक्षकों को यूडी कांड के निष्पादन की दिशा में कार्रवाई करने तथा वैसे कांड जो काफी पुराने हैं ,उसकी समीक्षा करने के निर्देश भी दिये गये। जिन अनुसंधानकताओं के द्वारा कांड के अनुसंधान में रुचि नहीं ले जा रही है ,उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव समर्पित करने का कड़ा निर्देश पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिया गया। जिन कांडों में अभियुक्त दूर के राज्यों में छुपे हुए हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक से अनुमति लेकर संबंधित राज्य जाकर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कांड उद्भेदन एवं कांड निष्पादन की दिशा में जिन थाना प्रभारी एवं पदाधिकारियों ने अच्छा काम किया है। उन्हें पुरस्कृत करने का आदेश दिया गया एवं जिनके कार्य में लापरवाही पाई गई उनकी निंदा हुई। वही,डॉ अनिल श्रीवास्तव के सहयोग से सभी थाना प्रभारी को तंबाकू के उपयोग को कम करने के लिए कानूनी प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। इस अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने एक परंपरा की शुरूआत की जिसके तहत पूरे माह में जिस पदाधिकारी ने सबसे अच्छा काम किया है उसे महीने का सर्वोत्तम पदाधिकारी (ऑफिसर ऑफ द मंथ) के रूप में पुरस्कृत करने का कार्य किया गया। ऑफिसर ऑफ द मंथ के रूप में अप्रैल 2023 के लिए थाना प्रभारी पिपराटांड़ हीरालाल शाह को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।

# भीषण गर्मी में लगाऐ गये आरओ के काम करने की बाट जोहते लोग



चुकरु पंचायत में लगाई गई आरओ वाटर मशीनों का पानी निकलने का आज तक राह ताक रहे ग्रामीण। इस गांव का पीने का पानी पूरी तरह फोरोराइट युक्त है।यहां के लोग इस पानी को पीने से हर बीमारियों से ग्रस्त हैं।यही सब बातों को लेकर ग्रामीणों को स्वच्छ पानी देने के वादे के साथ यहां के सांसद बीडी राम अपना वादा पूरा करते हुए इस गांव में लगभग 5 वर्ष पहले आरओ मशीन प्लांट लगवाये थे। लेकिन महिने दो महीने पानी मिलने के बाद आज तक ग्रामीण पानी निकलने का राह ताक रहे हैं। इस गांव के (सोमर सिंह, अवधेश सिंह, अशोक सिंह,)व कई ग्रामीणों ने बताया की इस गांव में ज्यादातर चापाकल खराब पड़े हैं। वहीं काम कर रहे चापाकल फ्लोराइड पानी निकलते हैं जिसके चलते पानी पीने से लोग तरह-तरह के बीमारी से जूझ रहे हैं।इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी पीने के पानी के लेकर है। इस गांव में आरओ लगाया गया है पर सिर्फ कहने को यहां आरओ सिस्टम लगा है।आधी अधूरी चालू की गई आरओ मशीनों में फ्रीजर एवं फिल्टर काम नहीं कर रहे हैं।इसके साथ ही मशीनों के अधिकांश मशीनों में वाटर फिल्टर एवं फ्रीजर की सुविधा खराब होने के कारण चालू नहीं है। इसके कारण लोग आरओ वाटर मशीनों का भीषण गर्मी में भी कोई यहां ग्रामीण लाभ नहीं ले पा रहे है। यह आरओ मशीन लगने के बाद आज तक कोई सुध लेने भी नहीं पहुंचा है। आरओ वाटर मशीन तो लाखों रुपए खर्च लगाया गया लेकिन आरओ लगाने वाले जनप्रतिनिधि ने यह नहीं सोचा की उसकी देखभाल के लिए किसी को प्रतिनियुक्त किया जाए।

# मजदूर की प्लांट में हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र महुदंड पंचायत के कुरदाग गांव के एक मजदूर की मौत प्लांट से गिरकर हो गयी। मजदूर का शव गुरुवार को महुडंड कुरदाग पंहुचते ही पूरे गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कुरदाग गांव निवासी अवधेश यादव (45) पश्चिम बंगाल खड़कपुर में मजदूरी करने गया था। काम करने के दौरान वह 9 मई को प्लांट से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसका कंपनी को ओर से ओडिशा के कटक शहर के एक अस्पताल में इलाज कराया जा रहा था। लेकिन मजदूर अवधेश यादव 17 मई बुधवार को अपनी जिन्दगी की जंग हार गये। उसका अंतिम संस्कार गांव स्थित श्मशान घाट पर किया गया। बताया जाता है कि अवधेश घर के एक मात्र परिवार में कमाऊं सदस्य था।

# बस व बाइक की टक्कर में दो की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** पलामू डालटनगंज-औरंगाबाद मुख्य पथ एनएच-98 पर गुरुवार की सुबह औरंगाबाद की ओर से डालटनगंज जाने के क्रम में सर्विस बस बाबा भोलेनाथ ने दो अलग-अलग बाइक सवार युवकों को जोरदार धक्का मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई है। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने औरंगाबाद-डालटनगंज मुख्य पथ को जाम कर दिया है। सूचना मिलने पर नावा बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों की पहचान हिंदी दैनिक अखबार के नावा बाजार प्रतिनिधि बबलू प्रसाद गुप्ता के 16 वर्षीय भतीजे छोटू प्रसाद (पिता स्व. मथुरा प्रसाद) और दूसरी बाइक पर सवार उंटारी रोड के मुरमा कला निवासी 40 वर्षीय चंद्रप्रकाश (पिता-रामलखन राम) के रूप में हुई है। घटना के बाद बस मौके पर खड़ी है, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया है। नावा बाजार के थाना प्रभारी दीपक कुमार दास दल बल के साथ मौके पर कैंप कर रहे हैं।बताया जा रहा कि छोटू प्रसाद बाइक से निकल कर सड़क पर आया था. इसी क्रम में बस ने पहले उसकी बाइक में टक्कर मार दी और असंतुलित होकर दूसरी बाइक से जा रहे चंद्रप्रकाश को भी चपेट में ले लिया। छोटू प्रसाद नावा किसी काम से जाने के लिए घर से निकला था, जबकि चंद्रप्रकाश नौडीहा बाजार एंबुलेंस लेने के लिए जा रहे थे। चंद्रप्रकाश एंबुलेंस के चालक हैं। बताते चलें कि कुछ दिनों पहले 9 दिसंबर 2020 को एंबुलेंस की चपेट में आने से मृतक छोटू प्रसाद के पिता मथुरा प्रसाद गुप्ता की भी मौत हो गई थी।बताया जाता है कि मथुरा प्रसाद सड़क किनारे खड़े थे।

व्रत-त्योहार

बाजारो में उमड़ी भीड़

# आज मनेगी वट सावित्री पूजा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में वट सावित्री का व्रत आज से मनाया जाएगा। अखंड सुहाग की रक्षा के लिए सुहागिन वट वृक्ष के नीचे सावित्री और सत्यवान की मूर्ति रखकर विधि-विधान से पूजा करेंगी। वट वृक्ष पर जल चढ़ाने के अलावा कच्चे सूत से वट के वृक्ष की सात बार परिक्रमा करते हुए बांधने का विधान है। पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि ज्येष्ठ अमावस्या को किया जाने वाला वट सावित्री व्रत सनातन संस्कृति में दांपत्य जीवन के प्रति अगाध श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। इस व्रत का संबंध देवी सावित्री से है। जिन्होंने अपने पतिव्रत्य और दृढ़ प्रतिज्ञा के प्रभाव से यमद्वार पर गए पति को सकुशल लौटाया था। व्रत चतुर्दशी विद्धा अमावस्या के दिन किया जाता हैं। धर्म सिधु आदि सभी शास्त्रकारों ने ज्येष्ठ अमावस्या चतुर्दशी विद्धा में ही वट सावित्री व्रत करने के लिए कहा है। यद्यपि अमावस्या तिथि के सूर्यास्त से पहले त्रिमुहूर्त व्यापनी होना आवश्यक माना गया है। वट सावित्री पूजन का मुहूर्तः-हिंदू पंचांग के अनुसार, वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। इस बार अमावस्या तिथि की शुरूआत 18 मई को रात 09 बजकर 42 मिनट पर होगी और इसका समापन 19 मई को रात 09 बजकर 22 मिनट पर होगा। उदया तिथि के चलते वट सावित्री का व्रत आज मनाया जाएगा।

## बाजारो में चहल-पहल

वट सावित्री पूजा को लेकर बाजारों में महिलाओं की भीड़ देखी गई। पूजा से संबंधित पंखा ,कपड़े, फल सहित कई सामग्रियों की खरीदारी के लिए शाम तक बाजारों में भीड़ लगी रही। गुरुवार मौसम भी ठीक होने के कारण बाजारो में भीड़ रही।



NEWS इन ब्रीफ

### तीन ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास करेंगे सांसद भगत

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत शुक्रवार को तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास करेंगे। केंद्र सरकार के द्वारा लगातार ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मती का कार्य चल रहा और लोहरदगा लोकसभा के सांसद ने ग्रामीण और शहरी सड़कों, को प्राथमिकता से सुदृढ़करण का कार्य अपने प्रयास लगातार कर रहे हैं। कई अन्य सड़कें बन रही जो केंद्रीय योजना अंतगर्त है। जीमा से बराठपुर , मन्हो से भक्सो मोड़ और भक्सो से ऐने, नदी नगड़ा, बाघी पथ कुल तीन पथों के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। बराठपुर में - जीमा से बराठपुर पथ का शिलान्यास, समय - 10:30 बजे पूर्वाह्न, मन्हो में - मन्हो से भक्सो मोड़ पथ का शिलान्यास, समय - 11:30 बजे पूर्वाह्न, भक्सो से एने,नदी नगड़ा,बाघी पथ का शिलान्यास, समय - 12:30 बजे अपराह्न पर होगा।

### एसआइएस का पंजीयन शिविर प्रारंभ

**लोहरदगा।** एसआइएस द्वारा सुरक्षाकर्मियों के लिए उम्मीदवारों का लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न थाना परिसर में अलग-अलग तिथियों में पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। किस्को थाना - 18 व 19 मई, बगडु थाना - 20 व 21 मई, भंडरा थाना - 22 व 23 मई, कैरो थाना - 24 व 25 मई, कुडू थाना - 26 व 27 मई, सेन्हा थाना - 28 व 29 मई व लोहरदगा थाना - 30 व 31 मई तक चलेगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा की ओर से पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, लोहरदगा थाना समेत सभी थाना प्रभारियों को सूचित किया गया है।

### नवोदय विद्यालय : कक्षा 11 के लिए 31 तक होगा आवेदन

**लोहरदगा।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रथम वार कक्षा-11वीं के लिए पार्श्व परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसके लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 31 मई है तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 22.जुलाई सुनिश्चित की गई है। उक्त जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय, जोगना, लोहरदगा के प्रभारी प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने दी।

### जनजागरूकता फैलाने को सरकार संकल्पित

**लोहरदगा।** प्रतिवर्ष तंबाकू जनित रोगों से भारत में 13 लाख से भी अधिक लोगों की मृत्यु होती है। तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जनजागरूकता लाये जाने हेतु सरकार कृतसंकल्पित है। झारखण्ड में तंबाकू नियंत्रण हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। वर्ष 2009-10 में झारखण्ड में कुल व्यस्क आबादी के 50.1 प्रतिशत लोग तम्बाकू का इस्तेमाल करते थ। आंकड़ों के अनुसार झारखण्ड के व्यस्क आबादी में तंबाकू के इस्तेमाल करनेवालों की संख्या 11.2 प्रतिशत घट कर 38.9 प्रतिशत रह गई है।

#### विभिन्न कार्यक्रमों के लिए पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेवारी

# भाजपा का एक माह तक चलेगा जनसंपर्क महा अभियान : उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला कार्यसमिति की बैठक बख्शिडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराव ने किया. जनसंपर्क अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किया गया जिसमें मोर्चा सहित सभी पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दी गई। लाभार्थी सम्मेलन, मोर्चा और जिला कार्यसमिति संयुक्त सम्मेलन, वरिष्ठ नागरिकों वातार्लाप, संयुक्त व्यवसायी बैठक, 23 जून को बलिदान दिवस, 25 काला दिवस सहित अन्य कार्यक्रम होंगे।

मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एसटी मोर्चा समीर उराँव ने कहा कि एक माह का जनसंपर्क महाअभियान भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर एक कार्यकर्ता को लाभुकों के बीच उपस्थित होकर




विगत 9 वर्षों जन भावनाओं के सम्मान में किए गए कार्यों से लाभान्वित हुए लोगों से संपर्क करना हमारा लक्ष्य होगा। भारत भावनाओं का देश पर हमारे देश के प्रधानमंत्री जन भावनाओं को सर्वोपरि रखते हुए समाज में बैठे अंतिम व्यक्तियों के कार्य एवं आवश्यकताओं अनुरूप योजनाओं का निर्माण कर कार्यान्वयन किया है।चाहे हम जिस क्षेत्र की बात करें शिक्षा, कृषि क्षेत्र, स्वास्थ्य, स्वच्छ जल, सड़क सहित अन्य जनभावनाओं से जुड़े राम मंदिर निर्माण, 370 धारा का खत्म कर एक देश एक निशान, एक परिधान, एक विधान लागू हुआ। बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में स्थापित किया है।

गणेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी कार्य को सफल करने के लिए अग्रिम योजना बनाकर सभी बिंदुओं पर विचार करना अनिवार्य होता है। जिससे कार्यक्रम में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त होती है। अपने कार्यों का प्रचार प्रसार भी आवस्यक है। हमारे मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार विगत 9 वर्षों में ऐसे कार्यों को जिसके लिए कितने संघर्ष हुए महान व्यक्तित्व ने बलिदान दिया। उनके सपनों को पूरा किया गया है। हमें लोगों की भाव की पूर्ती के लिए पुनः संकल्पित होकर अभियान में स्वयं आगे आकर जुड़ना होगा।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समीर उरांव, गणेश मिश्रा, जिला प्रभारी मनोज मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, अजातशत्रु प्रदेश मंत्री भाजयुमो, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद एवं राजमोहन राम,उपाध्यक्ष नीरज कुमार हर्षनाथ महतो आदि मौजूद रहे।

# ससमय पीएम आवास का निर्माण पूर्ण करें सभी लाभुक : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत भवन में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के अन्तर्गत लाभको की समस्या का समाधान के लिये बैठक आयोजित हुआ। सेन्हा प्रखंड के मुर्की तोड़ार पंचायत भवन में मुखिया कमला देवी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभको के साथ बैठक आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में प्रत्येक गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों की समस्या का समाधान के लिये बैठक आयोजित होगा। जिसमें ईंट,बालू या अन्य सामग्री के कारण आवास निर्माण कार्य मे किसी तरह की परेसानी हो रही है। तो लाभुक अपनी अपनी समस्या रखेंगे जिसे समस्या का समाधान किया जायेगा। साथ ही कहा कि अगर पूर्व का आवास निर्माण कार्य लम्बित है। तो अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को आवास नही मिल पायेगा। इस लिये सभी लाभुकों 30 जून तक ससमय आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने का आवश्यक निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा कि जो लाभुक आवास नही बनाते हैं। तो लाभको को दिया गया अग्रिम राशि को शुद्ध के साथ सरकार को वापस करना होगा। मौके पर मुखिया कमला देवी,जेई संजीत कुमार, पंचायत सचिव महिपाल उराँव, जनसेवक उमेश कुमार, रोजगार सेवक देवेन्द्र कुमार, स्वयं सेवक विजेता मिश्रा, सुनील यादव, बरतु महतो, मंगलेश्वर कुजूर, सूर्यभूषण मिश्रा, कपिन्द्र चिक बड़ाइक, बुदेश्वर उराव मौजूद रहे।

# किस्को अंचल निरीक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत, शोक सभा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

किस्को अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व उप निरीक्षक-सह-प्रभारी अंचल निरीक्षक जगन्नाथ उरांव का दिनांक 17.05.2023 को सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया था जिसको लेकर गुरूवार को समाहरणालय परिसर में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा गया। जगन्नाथ उरांव सदर प्रखण्ड के रामपुर रूगड़ीटोली के रहनेवाले थे।इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत सभी पदाधिकारीगण व कर्मीगण उपस्थित थे। वहीं सेन्हा-लोहरदगा। किस्को प्रखंड में कार्यरत अंचल निरीक्षक का बीते शाम सड़क दुर्घटना मे निधन पर गुरुवार को सेन्हा प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने शोकसभा का आयोजन कर दिया सेन्हा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड सह



अंचल कर्मियों ने मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया। शोक संवेदना के पश्चात प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा कार्यालय का दैनिक कार्य प्रारम्भ किया गया। कामकाज शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि बुधवार को किस्को अंचल कार्यालय से लोहरदगा आने के दौरान बंजार किस्को के समीप सड़क दुर्घटना मे अंचल निरीक्षक जगरनाथ उराँव का मौत हो गया। जिस खबर से पूरे जिले के पदादिकारी स्तब्ध रह गए। अंचल निरीक्षक सामाजिक तथा मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। जिस कारण आम जनो से भी गहरा लगाव था। वही अंचल निरीक्षक का असामयिक निधन के समाचार सुन लोगों ने शोक संवेदनाएँ प्रकट किया है। मौके पर सीओ विजय कुमार, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, अंचल निरीक्षक चन्द्रप्रकाश मेहता, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, राजस्व कर्मचारी सीताराम टाना भगत, बिनेश्वर उराँव, रामा महतो, रीना देवी, जनक साहु, विकास कुमार आदि अंचल कर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त एक युवक घायल



**सेन्हा।** भड़गांव ग्राम में एन एच 143 ए पथ पर ट्रक ने ट्रैक्टर को अपने चपेट में ले लिया जिससे एक युवक हुआ घायल तथा वाहन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव ग्राम में एन एच 143 ए मुख्य पथ पर लोहरदगा की ओर से जा रही लाइन ट्रक के चालक ने ट्रैक्टर को धक्का मार दिया। जिससे ट्रैक्टर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। वही घटना के दौरान एक युवक घायल हो गया जिसका किसी निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच क्षतिग्रस्त वाहन को थाना लाया गया। और पुलिस कारवाई में जुट गई है।

## शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव को दी श्रद्धांजलि

**कुडू।** आदिवासी समाज के रीढ़ कहे जाने वाले, प्रख्यात मानवशास्त्री, शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव के निधन पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा प्रखंड समिति कुडू और आदिवासी छात्र संघ ने शिक्षाविद डॉ करमा उरांव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। रांची स्थित वेदांता अस्पताल में इलाजरत कर्मा उरांव का बीते 14 मई को देहांत हो गया था। आदिबासी छात्र संघ के अध्यक्ष अवधेश उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज, झारखंड, पूरी दुनिया के लिए यह अपूर्णीय क्षति है।

## राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में दमखम दिखाने लोहरदगा जिले के 11 खिलाड़ी देहरादून रवाना

**कुडू।** देहरादून में 21 से 22 मई तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए गुरुवार को लोहरदगा जिले से 11 खिलाड़ी रवाना हो गए। झारखंड राज्य प्रमुख सह कोच अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में लोहरदगा जिला कराटे संघ के खिलाड़ियों के अलावा राज्य के अलग - अलग जिलों से कुल 48 क्राटेकार भी देहरादून के लिए रवाना हुए हैं। ब्लॉक मोड़ स्थित कराटे क्लास में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु आयोजितसमारोह में कुडू सीओ प्रवीण सिंह, बीडीओ मनोरंजन कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की,



और स्पर्धा में खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर लोहरदगा और झारखंड का नाम रौशन कर सके इसके लिए कई टिप्स के साथ उन्हें शुभकामनाएं भी दी। रवाना होने वाले खिलाडियों में मरियम प्रवीण, अंजलि कुमारी, जूही कुमारी, सुनेहा कुमारी, प्रियंका उराव, रोशनी उराव, कविता कुमारी, अनामिका कुमारी, फूल कुमारी और लीलावती कुमारी शामिल हैं।

**संकट** कुडू की जनता बेहाल

# एनएच 143ए को लेकर उठ रहे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पिछले दिनों एनएचएआई की एक टीम आयी। तस्वीर खिंचवाई और बिना आश्वासन के चले गए। स्थिति यथावत है।यह स्थिति है प्रखंड कार्यालय चौक से पहले का। इस संदर्भ में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद एवं राष्ट्रीय उच्च पथ भारत सरकार के सदस्य रविंद्र तिवारी का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। स्लैब न लगाने के कारण दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है।ऐसी स्थिति नये पुलिया के पास, बालकेश्वर साहु के घर के सामने,(जिसे उन्होंने घर का स्लैब डालकर दुर्घटना की संभावना पर विराम लगाया), स्व.बिरसा उरांव के घर के सामने भी नाली में स्लैब नहीं लगाया गया है।ऐसी लगभग पांच छह माह से यथावत है। जैसा कि जानकारी है 700 -700मीटर सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण



करना है। सड़क की चौड़ाई दस मीटर है एक -एक मीटर नाली के लिए जगह होनी चाहिए।कुल 12 मीटर (नाली की लंबाई लगभग डेढ़ किलोमीटर)लेकिन सड़क की चौड़ाई प्राक्कलन के अनुसार है या नहीं? इस मुद्दे पर जिलाध्यक्ष झामूमो लोहरदगा मोज्जमिल अहमद ने कहा है कि राष्ट्रीय उच्च पथ पर संवेदक द्वारा मानमानी पुर्ण कार्य किया जा रहा है जिसकी गुणवत्ता पर संशय है।न हीं कार्य की गति तेज है। इस संदर्भ में उच्चाधिकारियों एवं प्रशासन के अधिकारियों से शीघ्रातिशीघ्र बात करुंगा। दुर्भाग्य है कि अभियंताओं द्वारा नियमित निरीक्षण का कोई नियम नहीं है। आखिर नाली का पानी का निकास कहां होगा? इस पर अधिकारियों की टीम ने चुप्पी साध ली थी।

## बीडीओ ने आम बागवानी का निरीक्षण किया

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के तोड़ार पखनटोली में बीडीओ ने आम बागवानी का निरीक्षण कर पौधा लगाने का दिया निर्देश। लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा प्रखंड के मुर्की तोड़ार पंचायत का तोड़ार पखनटोली में मनरेगा योजना के अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के मध्यम से धुरती उराँव,संजय उराँव,बिपता उराँव और संतोषी तिग्गा का 4 एकड़ जमीन में मिश्रित आम बागवानी खेती का निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा गड्ढा खुदाई करने के पश्चात पौधा लगाने और दवा,खाद डालने तथा घेराबंदी करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रखंड क्षेत्र में कुल 2 सौ एकड़ भूमि में मनरेगा द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम बागवानी का कार्य करने का लक्ष्य है। मौके पर जेई संजीत कुमार,पंचायत सचिव महिपाल उराँव, रोजगार सेवक देवेन्द्र कुमार मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

48वीं औपबंधिक सूची जिला–लोहरदगा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–लोहरदगा थाना काण्ड संख्या–190/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मो0रूस्तम एवं अन्य 05 द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित (10) अज्ञात की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–एन0 34<br>2. आवेदक–मेराज आलम, पिता–मो0 सलीम<br>3. ग्राम–अमला टोली, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में मासा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–105<br>2. आवेदक–मो0 इस्लाम, पिता–मो0 आजम<br>3. ग्राम–अमला टोली, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–एन 119<br>2. आवेदक–कलीम खान, पिता–छेदी खान<br>3. ग्राम–न्यू रोड पावरगंज, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–222<br>2. आवेदक–असगर खान, पिता–स्व0 नूर मोहम्मद खान<br>3. ग्राम–बुचन गली, अमला टोली पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–283<br>2. आवेदक–तब्बसुम खातुन, पति–मो0 रूस्तम<br>3. ग्राम–बुचन गली, अमला टोली पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–30/23<br>2. आवेदक–रीना देवी, पति–दिनेश साहु<br>3. ग्राम–न्यू रोड बुचन गली, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में दो तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–31/23<br>2. आवेदक–अख्तरी खातुन, पति–मो0 आरिफ<br>3. ग्राम–न्यू रोड, लोहरदगा पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–एन 120<br>2. आवेदक–नसीम अंसारी, पिता–स्व0 नईम अंसारी<br>3. ग्राम–बंगला रोड, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपार में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–एन 118<br>2. आवेदक–शाहिद अंसारी, पिता–स्व0 कयूम अंसारी<br>3. ग्राम–बंगला रोड, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ के नीचे गाल में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–571<br>2. आवेदक–सैयद सलीमुद्दीन, पिता–स्व0 सैयद अजीमुद्दीन<br>3. ग्राम–अमला टोली, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–लोहरदगा थाना काण्ड संख्या–102/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विजय भगत द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित (60–70) अज्ञात की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर। | |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–487<br>2. नाम–धनंजय प्रसाद, पिता–बनारसी प्रसाद<br>3. ग्राम–हटिया गार्डेन, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–134<br>2. नाम–रिजवान अंसारी, पिता–हफिजुल अंसारी<br>3. ग्राम–अंजुमन मुहल्ला, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–32/23<br>2. नाम–ईस्माईल अंसारी, पिता–नेयामत अंसारी<br>3. ग्राम–इस्लाम नगर, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–214<br>2. नाम–कैलाश जायसवाल, पिता–रामसागर जायसवाल<br>3. ग्राम–कॉलेज रोड, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–98<br>2. नाम–इसरार अहमद, पिता–वहीदउद्दीन<br>3. ग्राम–हिसरी, पोस्ट–हिसरी, थाना–बगडू, प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–33/23<br>2. नाम–रूता अभिलाषी बखला, पिता–स्व0 प्रभु दास बखला<br>3. ग्राम–सिठियो, पोस्ट–सिठियो, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–घाघरा थाना काण्ड संख्या–15/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री भजेन्द्र साहु एवं श्री विजय कच्छप द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात की संख्या नौ (09) पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–एन 637<br>2. नाम–मो0 इरफान अंसारी, पिता–मो0 हुसैन अंसारी<br>3. ग्राम–थाना टोली, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–34/23<br>2. नाम–इब्राहिम अंसारी, पिता–स्व0 माडू अंसारी<br>3. ग्राम–न्यू आजाद बस्ती, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–35/23<br>2. नाम–सरफुल अंसारी, पिता–शरीफ अंसारी<br>3. ग्राम–न्यू रोड, नियर सोनी कॉप्लेक्स, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– कुडू थाना काण्ड संख्या–88/94 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री नसीम अन्सारी द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात की संख्या (04) पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–126<br>2. आवेदक–हारून रसीद, पिता–मो0 ईस्माईल<br>3. ग्राम–दोबा बरटोली, पोस्ट–कुडू, थाना–कुडू, प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 297612 Home(23-24)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### तीन ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास करेंगे सांसद भगत

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत शुक्रवार को तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास करेंगे। केंद्र सरकार के द्वारा लगातार ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मती का कार्य चल रहा और लोहरदगा लोकसभा के सांसद ने ग्रामीण और शहरी सड़कों, को प्राथमिकता से सुदृढ़करण का कार्य अपने प्रयास लगातार कर रहे हैं। कई अन्य सड़कें बन रही जो केंद्रीय योजना अंतगर्त है। जीमा से बराठपुर , मन्हो से भक्सो मोड़ और भक्सो से ऐने, नदी नगड़ा, बाघी पथ कुल तीन पथों के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। बराठपुर में - जीमा से बराठपुर पथ का शिलान्यास, समय - 10:30 बजे पूर्वाह्न, मन्हो में - मन्हो से भक्सो मोड़ पथ का शिलान्यास, समय - 11:30 बजे पूर्वाह्न, भक्सो से एने,नदी नगड़ा,बाघी पथ का शिलान्यास, समय - 12:30 बजे अपराह्न पर होगा।

### एसआइएस का पंजीयन शिविर प्रारंभ

**लोहरदगा।** एसआइएस द्वारा सुरक्षाकर्मियों के लिए उम्मीदवारों का लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न थाना परिसर में अलग-अलग तिथियों में पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। किस्को थाना - 18 व 19 मई, बगडु थाना - 20 व 21 मई, भंडरा थाना - 22 व 23 मई, कैरो थाना - 24 व 25 मई, कुडू थाना - 26 व 27 मई, सेन्हा थाना - 28 व 29 मई व लोहरदगा थाना - 30 व 31 मई तक चलेगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा की ओर से पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, लोहरदगा थाना समेत सभी थाना प्रभारियों को सूचित किया गया है।

### नवोदय विद्यालय : कक्षा 11 के लिए 31 तक होगा आवेदन

**लोहरदगा।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रथम वार कक्षा-11वीं के लिए पार्श्व परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसके लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 31 मई है तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 22.जुलाई सुनिश्चित की गई है। उक्त जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय, जोगना, लोहरदगा के प्रभारी प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने दी।

### जनजागरूकता फैलाने को सरकार संकल्पित

**लोहरदगा।** प्रतिवर्ष तंबाकू जनित रोगों से भारत में 13 लाख से भी अधिक लोगों की मृत्यु होती है। तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जनजागरूकता लाये जाने हेतु सरकार कृतसंकल्पित है। झारखण्ड में तंबाकू नियंत्रण हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। वर्ष 2009-10 में झारखण्ड में कुल व्यस्क आबादी के 50.1 प्रतिशत लोग तम्बाकू का इस्तेमाल करते थ। आंकड़ों के अनुसार झारखण्ड के व्यस्क आबादी में तंबाकू के इस्तेमाल करनेवालों की संख्या 11.2 प्रतिशत घट कर 38.9 प्रतिशत रह गई है।

### विभिन्न कार्यक्रमों के लिए पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेवारी

# भाजपा का एक माह तक चलेगा जनसंपर्क महा अभियान : उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला कार्यसमिति की बैठक बख्शिडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराव ने किया. जनसंपर्क अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किया गया जिसमें मोर्चा सहित सभी पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दी गई। लाभार्थी सम्मेलन, मोर्चा और जिला कार्यसमिति संयुक्त सम्मेलन, वरिष्ठ नागरिकों वातालाप, संयुक्त व्यवसायी बैठक, 23 जून को बलिदान दिवस, 25 काला दिवस सहित अन्य कार्यक्रम होंगे।




मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एसटी मोर्चा समीर उराँव ने कहा कि एक माह का जनसंपर्क महाअभियान भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर एक कार्यकर्ता को लाभुकों के बीच उपस्थित होकर विगत 9 वर्षों जन भावनाओं के सम्मान में किए गए कार्यों से लाभान्वित हुए लोगों से संपर्क करना हमारा लक्ष्य होगा। भारत भावनाओं का देश पर हमारे देश के प्रधानमंत्री जन भावनाओं को सर्वोपरि रखते हुए समाज में बैठे अंतिम व्यक्तियों के कार्य एवं आवश्यकताओं अनुरूप योजनाओं का निर्माण कर कार्यान्वयन किया है।चाहे हम जिस क्षेत्र की बात करें शिक्षा, कृषि क्षेत्र, स्वास्थ्य, स्वच्छ जल, सड़क सहित अन्य जनभावनाओं से जुड़े राम मंदिर निर्माण, 370 धारा का खत्म कर एक देश एक निशान, एक परिधान, एक विधान लागू हुआ। बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में स्थापित किया है।

गणेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी कार्य को सफल करने के लिए अग्रिम योजना बनाकर सभी बिंदुओं पर विचार करना अनिवार्य होता है। जिससे कार्यक्रम में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त होती है। अपने कार्यों का प्रचार प्रसार भी आवस्यक है। हमारे मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार विगत 9 वर्षों में ऐसे कार्यों को जिसके लिए कितने संघर्ष हुए महान व्यक्तित्व ने बलिदान दिया। उनके सपनों को पूरा किया गया है। हमें लोगों की भाव की पूर्ती के लिए पुनः संकल्पित होकर अभियान में स्वयं आगे आकर जुड़ना होगा।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समीर उरांव, गणेश मिश्रा, जिला प्रभारी मनोज मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, अजातशत्रु प्रदेश मंत्री भाजयुमो, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद एवं राजमोहन राम,उपाध्यक्ष नीरज कुमार हर्षनाथ महतो आदि मौजूद रहे।

# ससमय पीएम आवास का निर्माण पूर्ण करें सभी लाभुक : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत भवन में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के अन्तर्गत लाभको की समस्या का समाधान के लिये बैठक आयोजित हुआ। सेन्हा प्रखंड के मुर्की तोड़ार पंचायत भवन में मुखिया कमला देवी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभको के साथ बैठक आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में प्रत्येक गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों की समस्या का समाधान के लिये बैठक आयोजित होगा। जिसमें ईंट,बालू या अन्य सामग्री के कारण आवास निर्माण कार्य मे किसी तरह की परेसानी हो रही है। तो लाभुक अपनी अपनी समस्या रखेंगे जिसे



समस्या का समाधान किया जायेगा। साथ ही कहा कि अगर पूर्व का आवास निर्माण कार्य लम्बित है। तो अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को आवास नही मिल पायेगा। इस लिये सभी लाभुकों 30 जून तक ससमय आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने का आवश्यक निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा कि जो लाभुक आवास नही बनाते हैं। तो लाभको को दिया गया अग्रिम राशि को शुद्ध के साथ सरकार को वापस करना होगा। मौके पर मुखिया कमला देवी,जेई संजीत कुमार, पंचायत सचिव महिपाल उराँव, जनसेवक उमेश कुमार, रोजगार सेवक देवेन्द्र कुमार, स्वयं सेवक विजेता मिश्रा, सुनील यादव, बरतु महतो, मंगलेश्वर कुजूर, सूर्यभूषण मिश्रा, कपिन्द्र चिक बड़ाइक, बुदेश्वर उराव मौजूद रहे।

# किस्को अंचल निरीक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत, शोक सभा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

किस्को अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व उप निरीक्षक-सह-प्रभारी अंचल निरीक्षक जगन्नाथ उरांव का दिनांक 17.05.2023 को सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया था जिसको लेकर गुरूवार को समाहरणालय परिसर में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा गया। जगन्नाथ उरांव सदर प्रखण्ड के रामपुर रूगड़ीटोली के रहनेवाले थे। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत सभी पदाधिकारीगण व कर्मीगण उपस्थित थे। वहीं सेन्हा-लोहरदगा। किस्को प्रखंड में कार्यरत अंचल निरीक्षक का बीते शाम सड़क दुर्घटना मे निधन पर गुरुवार को सेन्हा प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने शोकसभा का आयोजन कर दिया सेन्हा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड सह



अंचल कर्मियों ने मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया। शोक संवेदना के पश्चात प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा कार्यालय का दैनिक कार्य प्रारम्भ किया गया। कामकाज शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि बुधवार को किस्को अंचल कार्यालय से लोहरदगा आने के दौरान बंजार किस्को के समीप सड़क दुर्घटना मे अंचल निरीक्षक जगरनाथ उराँव का मौत हो गया। जिस खबर से पूरे जिले के पदादिकारी स्तब्ध रह गए। अंचल निरीक्षक सामाजिक तथा मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। जिस कारण आम जनो से भी गहरा लगाव था। वही अंचल निरीक्षक का असामयिक निधन के समाचार सुन लोगों ने शोक संवेदनाएँ प्रकट किया है। मौके पर सीओ विजय कुमार, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, अंचल निरीक्षक चन्द्रप्रकाश मेहता, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, राजस्व कर्मचारी सीताराम टाना भगत, बिनेश्वर उराँव, रामा महतो, रीना देवी, जनक साहु, विकास कुमार आदि अंचल कर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त एक युवक घायल



**सेन्हा।** भड़गांव ग्राम में एन एच 143 ए पथ पर ट्रक ने ट्रैक्टर को अपने चपेट में ले लिया जिससे एक युवक हुआ घायल तथा वाहन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव ग्राम में एन एच 143 ए मुख्य पथ पर लोहरदगा की ओर से जा रही लाइन ट्रक के चालक ने ट्रैक्टर को धक्का मार दिया। जिससे ट्रैक्टर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। वही घटना के दौरान एक युवक घायल हो गया जिसका किसी निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच क्षतिग्रस्त वाहन को थाना लाया गया। और पुलिस कारवाई में जुट गई है।

## शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव को दी श्रद्धांजलि

**कुडू।** आदिवासी समाज के रीढ़ कहे जाने वाले, प्रख्यात मानवशास्त्री, शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव के निधन पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा प्रखंड समिति कुडू और आदिवासी छात्र संघ ने शिक्षाविद डॉ करमा उरांव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। रांची स्थित वेदांता अस्पताल में इलाजरत कर्मा उरांव का बीते 14 मई को देहांत हो गया था। आदिबासी छात्र संघ के अध्यक्ष अवधेश उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज, झारखंड, पूरी दुनिया के लिए यह अपूर्णीय क्षति है।

# राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में दमखम दिखाने लोहरदगा जिले के 11 खिलाड़ी देहरादून रवाना

**कुडू।** देहरादून में 21 से 22 मई तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए गुरुवार को लोहरदगा जिले से 11 खिलाड़ी रवाना हो गए। झारखंड राज्य प्रमुख सह कोच अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में लोहरदगा जिला कराटे संघ के खिलाड़ियों के अलावा राज्य के अलग - अलग जिलों से कुल 48 क्राटेकार भी देहरादून के लिए रवाना हुए हैं। ब्लॉक मोड़ स्थित कराटे क्लास में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु आयोजितसमारोह में कुडू सीओ प्रवीण सिंह, बीडीओ मनोरंजन कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की,



और स्पर्धा में खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर लोहरदगा और झारखंड का नाम रौशन कर सके इसके लिए कई टिप्स के साथ उन्हें शुभकामनाएं भी दी। रवाना होने वाले खिलाडियों में मरियम प्रवीण, अंजलि कुमारी, जूही कुमारी, सुनेहा कुमारी, प्रियंका उराव, रोशनी उराव, कविता कुमारी, अनामिका कुमारी, फूल कुमारी और लीलावती कुमारी शामिल हैं।

### संकट कुडू की जनता बेहाल

# एनएच 143ए को लेकर उठ रहे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पिछले दिनों एनएचएआई की एक टीम आयी। तस्वीर खिंचवाई और बिना आश्वासन के चले गए। स्थिति यथावत है।यह स्थिति है प्रखंड कार्यालय चौक से पहले का। इस संदर्भ में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद एवं राष्ट्रीय उच्च पथ भारत सरकार के सदस्य रविंद्र तिवारी का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। स्लैब न लगाने के कारण दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है।ऐसी स्थिति नये पुलिया के पास, बालकेश्वर साहु के घर के सामने,( जिसे उन्होंने घर का स्लैब डालकर दुर्घटना की संभावना पर विराम लगाया), स्व.बिरसा उरांव के घर के सामने भी नाली में स्लैब नहीं लगाया गया है।ऐसी लगभग पांच छह माह से यथावत है। जैसा कि जानकारी है 700 -700मीटर सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण



करना है। सड़क की चौड़ाई दस मीटर है एक -एक मीटर नाली के लिए जगह होनी चाहिए।कुल 12 मीटर (नाली की लंबाई लगभग डेढ़ किलोमीटर)लेकिन सड़क की चौड़ाई प्राक्कलन के अनुसार है या नहीं? इस मुद्दे पर जिलाध्यक्ष झामूमो लोहरदगा मोज्जमिल अहमद ने कहा है कि राष्ट्रीय उच्च पथ पर संवेदक द्वारा मानमानी पुर्ण कार्य किया जा रहा है जिसकी गुणवत्ता पर संशय है।न हीं कार्य की गति तेज है। इस संदर्भ में उच्चाधिकारियों एवं प्रशासन के अधिकारियों से शीघ्रातिशीघ्र बात करुंगा। दुर्भाग्य है कि अभियंताओं द्वारा नियमित निरीक्षण का कोई नियम नहीं है। आखिर नाली का पानी का निकास कहां होगा? इस पर अधिकारियों की टीम ने चुप्पी साध ली थी।

## बीडीओ ने आम बागवानी का निरीक्षण किया

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के तोड़ार पखनटोली में बीडीओ ने आम बागवानी का निरीक्षण कर पौधा लगाने का दिया निर्देश। लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा प्रखंड के मुर्की तोड़ार पंचायत का तोड़ार पखनटोली में मनरेगा योजना के अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के मध्यम से धुरती उराँव,संजय उराँव,बिपता उराँव और संतोषी तिग्गा का 4 एकड़ जमीन में मिश्रित आम बागवानी खेती का निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा गड्ढा खुदाई करने के पश्चात पौधा लगाने और दवा,खाद डालने तथा घेराबंदी करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रखंड क्षेत्र में कुल 2 सौ एकड़ भूमि में मनरेगा द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम बागवानी का कार्य करने का लक्ष्य है। मौके पर जेई संजीत कुमार,पंचायत सचिव महिपाल उराँव, रोजगार सेवक देवेन्द्र कुमार मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

48वीं औपबंधिक सूची जिला–लोहरदगा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–लोहरदगा थाना काण्ड संख्या–190/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मो0रूस्तम एवं अन्य 05 द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित (10) अज्ञात की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–एन0 34<br>2. आवेदक–मेराज आलम, पिता–मो0 सलीम<br>3. ग्राम–अमला टोली, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में मासा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–105<br>2. आवेदक–मो0 इस्लाम, पिता–मो0 आजम<br>3. ग्राम–अमला टोली, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–एन 119<br>2. आवेदक–कलीम खान, पिता–छेदी खान<br>3. ग्राम–न्यू रोड पावरगंज, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–222<br>2. आवेदक–असगर खान, पिता–स्व0 नूर मोहम्मद खान<br>3. ग्राम–बुचन गली, अमला टोली पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–283<br>2. आवेदक–तब्बसुम खातुन, पति–मो0 रूस्तम<br>3. ग्राम–बुचन गली, अमला टोली पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–30/23<br>2. आवेदक–रीना देवी, पति–दिनेश साहु<br>3. ग्राम–न्यू रोड बुचन गली, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में दो तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–31/23<br>2. आवेदक–अख्तरी खातुन, पति–मो0 आरिफ<br>3. ग्राम–न्यू रोड, लोहरदगा पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–एन 120<br>2. आवेदक–नसीम अंसारी, पिता–स्व0 नईम अंसारी<br>3. ग्राम–बंगला रोड, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपार में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–एन 118<br>2. आवेदक–शाहिद अंसारी, पिता–स्व0 कयूम अंसारी<br>3. ग्राम–बंगला रोड, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ के नीचे गाल में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–571<br>2. आवेदक–सैयद सलीमुद्दीन, पिता–स्व0 सैयद अजीमुद्दीन<br>3. ग्राम–अमला टोली, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–लोहरदगा थाना काण्ड संख्या–102/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विजय भगत द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित (60–70) अज्ञात की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर। | |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–487<br>2. नाम–धनंजय प्रसाद, पिता–बनारसी प्रसाद<br>3. ग्राम–हटिया गार्डेन, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–134<br>2. नाम–रिजवान अंसारी, पिता–हफिजुल अंसारी<br>3. ग्राम–अंजुमन मुहल्ला, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–32/23<br>2. नाम–ईस्माईल अंसारी, पिता–नेयामत अंसारी<br>3. ग्राम–इस्लाम नगर, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–214<br>2. नाम–कैलाश जायसवाल, पिता–रामसागर जायसवाल<br>3. ग्राम–कॉलेज रोड, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–98<br>2. नाम–इसरार अहमद, पिता–वहीदउद्दीन<br>3. ग्राम–हिसरी, पोस्ट–हिसरी, थाना–बगडू, प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–33/23<br>2. नाम–रूता अभिलाषी बखला, पिता–स्व0 प्रभु दास बखला<br>3. ग्राम–सिठियो, पोस्ट–सिठियो, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–घाघरा थाना काण्ड संख्या–15/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री भजेन्द्र साहु एवं श्री विजय कच्छप द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात की संख्या नौ (09) पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–एन 637<br>2. नाम–मो0 इरफान अंसारी, पिता–मो0 हुसैन अंसारी<br>3. ग्राम–थाना टोली, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–34/23<br>2. नाम–इब्राहिम अंसारी, पिता–स्व0 माडू अंसारी<br>3. ग्राम–न्यू आजाद बस्ती, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–35/23<br>2. नाम–सरफुल अंसारी, पिता–शरीफ अंसारी<br>3. ग्राम–न्यू रोड, नियर सोनी कॉप्लेक्स, लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान कटा हुआ, | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– कुडू थाना काण्ड संख्या–88/94 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री नसीम अन्सारी द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात की संख्या (04) पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–126<br>2. आवेदक–हारून रसीद, पिता–मो0 ईस्माईल<br>3. ग्राम–दोबा बरटोली, पोस्ट–कुडू, थाना–कुडू, प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 297612 Home(23-24)#D

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार, 19 मई, 2023



ज्ञान की बात

'आपके बड़े से बड़ा दुश्मन भी आपको उतना नुकसान नहीं पहुंचा सकता, जितना नुकसान आपके अनियंत्रित विचार आपको पहुंचाते हैं'
– गौतम बुद्ध



# जल बिन जीवन

***राजधानी*** रांची सहित झारखंड के कई जिलों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। तपती धूप में लोगों खासकर, महिलाओं को लंबी दूरी तय कर, या घंटों लाइन में लगकर पेयजल लाना पड़ रहा है। इस विकट परिस्थिति की मुख्य वजह भूमिगत जलस्तर का नीचे जाना है, जिसके लिए सरकार और समाज, दोनों को समान रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। हालांकि, यह समस्या सिर्फ इस राज्य की नहीं, बल्कि देशव्यापी है और यह पहली बार भी नहीं है कि जब जीवन के आधार तत्व जल के लिए हाहाकार की स्थिति बन रही है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 तक भारत में पेयजल संकट बहुत बढ़ जायेगा। यहां पर ग्लेशियरों के पिघलने के कारण सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी प्रमुख हिमालयी नदियों का प्रवाह कम हो जायेगा। भारत में पेयजल की बात करें, तो पिछले कई दशकों से यहां वर्षा में कमी दर्ज की जा रही है। इस वजह से भूमिगत जल का स्तर भी घटता जा रहा है, लेकिन जब खपत की बात आती है, तो रिपोर्ट बताती है कि चीन और अमेरिका में जितना पानी का इस्तेमाल होता है, उससे काफी ज्यादा मात्रा में भारत अकेले खर्च करता है। हालांकि, भारत में भू-जल का केवल 8 फीसदी ही पेयजल के रूप में उपयोग किया जाता है, जबकि 80 फीसदी भाग सिंचाई में और शेष 12 फीसदी हिस्सा उद्योगों द्वारा उपयोग किया जाता है। मॉनसून में अच्छी बारिश नहीं होने के कारण भी अधिकांश राज्य प्रति वर्ष सूखे की चपेट में होते हैं। लिहाजा, मजबूरन खेती-किसानी के लिए उन्हें भूमिगत जल का इस्तेमाल करना पड़ता है। ऐसे में भू-जल स्तर का गिरना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

**राजधानी रांची सहित झारखंड के कई जिलों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसकी मुख्य वजह भूमिगत जलस्तर का नीचे जाना है, जिसके लिए सरकार और समाज, दोनों जिम्मेदार हैं।**

कुछ समय पहले आई कैग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में जितना भी बारिश का पानी जमीन में अंदर जाता है, उसका 63 फीसदी पीने और सिंचाई-उद्योग कार्यों के लिए निकाल लिया जाता है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में तो 100 फीसदी दोहन होने के कारण भू-जल का पूरी तरह खत्म हो जाने का खतरा है। इससे पहले यह परिस्थिति चेन्नई में उत्पन्न हो चुकी है। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में जल का भारी संकट पैदा होने आंशका है। नीति आयोग की मानें, तो भारत के लगभग 600 मिलियन से अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह अंदेशा जताया गया है कि साल 2030 तक देश में पानी की मांग उपलब्ध आपूर्ति की तुलना में दोगुनी हो जायेगी। मनुष्यों द्वारा पर्यावरण के साथ निरंतर खिलवाड़ किये जाने का यह परिणाम हुआ कि आज झारखंड सहित देश की अधिकांश आबादी को स्वच्छ पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। तमाम खबरें व रिपोर्टें इस बात को चीख-चीखकर कह रही हैं कि यदि आज जल संसाधन का प्रबंध नहीं किया जाता है तो भावी पीढ़ी जल के एक-एक बूंद के लिए तरस जायेगी। इस संकट के निवारण के लिए तीन स्तरों पर विचार करने की जरूरत है। पहला यह कि अब तक जल का उपयोग किस तरह करते आ रहे थे? दूसरा यह कि भविष्य में इसका उपयोग कैसे करना है? और तीसरा एवं सबसे महत्वपूर्ण यह कि जल संरक्षण के लिए क्या कदम उठाये जाने चाहिए। जल संकट आज झारखंड ही नहीं, पूरे देश के लिए अहम चिंता का विषय है। ऐसे में चेतने और सोचने की जरूरत है कि अगर जल ही नहीं रहेगा, तो जीवन की कल्पना कैसी और सृष्टि का निर्माण कैसा?

# फूट चुका है न खाऊंगा न खाने दूंगा का 'गुब्बारा'





निर्मल रानी

***दो*** करोड़ रोजगार व सभी के खातों में 15 -15 लाख रुपए डालने जैसी तमाम बातें हवा हवाई साबित हो चुकी हैं। 15 -15 लाख रुपए खातों में डालने वाली चर्चा पर तो स्वयं गृह मंत्री ने यह कह कर विराम लगाने की कोशिश की थी कि 'यह तो एक जुमला ' था। तभी से कई आलोचक सरकार को 'जुमला सरकार' भी कहने लगे हैं। गंगा सफाई,सौ स्मार्ट सिटी बनाने जैसे अनेक वादों की तो कब की हवा निकल चुकी है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया था,'न खाऊंगा न खाने दूंगा'। सरकार दावे भी करती है कि 2014 से लेकर अब तक भ्रष्टाचार में काफी कमी आई है। आए दिन विपक्षी दलों के नेताओं के ठिकानों पर पड़ने वाले ई डी,सी बी आई व इनकम टैक्स विभाग के छापे और कई जगहों पर होने वाली अकूत धन संपत्ति की बरामदगी से ऐसा सन्देश भी जाता है कि सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिये काफी गंभीर है। कुछ गोदी मीडिया भी ऐसी खबरों को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर यह माहौल बनाना चाहता है कि सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। परन्तु वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के अनुसार 'यू पी ए सरकार की तुलना में भ्रष्टाचारियों की सजा की दर इस सरकार में कम हो गयी है। तथ्य यह है कि 2013 में 1136 व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया गया। जबकि 2014 में 993 ,2015 में 878 और 2016 में केवल 71 लोगों को दोषी ठहराया गया। कोई व्यक्ति झूठ बोल सकता है परन्तु तथ्य नहीं। आखिर भ्रष्टाचारियों को कौन बचा रहा। हकीकत तो यह है कि वर्तमान सरकार के दौर में सत्ता से जुड़े व सत्ता का संरक्षण प्राप्त कई भ्रष्टाचारियों के चेहरे बेनकाब हुए हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने स्वयं यह कहा कि नरेंद्र मोदी को भ्रष्टाचार से नफरत नहीं है। मलिक ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष उनके एक मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले उठाये थे, जिस पर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय आनन-फानन में उनका तबादला करके मेघालय भेज दिया। यहां तक कि कश्मीर का राज्यपाल होते उन्होंने आर एस एस के वरिष्ठ नेता व प्रवक्ता रह चुके राम माधव का नाम लेकर भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर किये। इससे ऊँचे स्तर पर भ्रष्टाचार की मिसाल और क्या हो सकती है? कर्नाटक चुनाव में भाजपा की पराजय का मुख्य कारण ही राज्य के भाजपा नेताओं पर लगने वाले भ्रष्टाचार के आरोप ही थे। राज्य में यह बात जन जन तक पहुँच चुकी थी कि किसी भी काम के लिये 100 में से 40 रुपए मंत्री-विधायक की रिश्वत निर्धारित थी। वह कर्नाटक ही था जहां चुनाव से कुछ ही समय पूर्व भाजपा के तत्कालीन विधायक मदल विरुपक्षप्पा के एक अधिकारी स्तर के पुत्र प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार किया गया। भाजपा विधायक पुत्र प्रशांत कुमार कर्नाटक प्रशासनिक सेवा के 2008 बैच का अधिकारी है। उसने साबुन और अन्य डिटर्जेंट बनाने के लिए कच्चे माल को खरीदने की डील के लिए एक ठेकेदार से 80 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। परन्तु ठेकेदार ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से कर दी। लोकायुक्त अधिकारियों ने विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कोकर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड (केएसडीएल) कार्यालय में 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा और उसे गिरफ़्तार कर लिया। इसके बाद

**गंगा सफाई, सौ स्मार्ट सिटी बनाने जैसे अनेक वादों की तो कब की हवा निकल चुकी है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया था,'न खाऊंगा न खाने दूंगा'।**

इन दिनों

लोकायुक्त ने के एस डी एल के कार्यालय व प्रशांत के घर पर छापा मारा तो वहाँ से 8 करोड़ रुपए नकद बरामद हुये। गौरतलब है कि भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा स्वयं के एस डी एल के प्रमुख थे जबकि उनका बेटा बंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड में मुख्य लेखाकार है। परन्तु विधायक पिता जिस सरकारी कंपनी का अध्यक्ष था उसका बेटा उसी कंपनी के काम के लिये रिश्वत लेता था। भ्रष्टाचार के इसतरह के और भी कई मामले कर्नाटक में ही उजागर हो चुके थे। अन्यथा जब चुनाव में भाजपा पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे थे उस समय वह इन आरोपों का सामना करने के बजाये बजरंगबली, 91 गालियां व साम्प्रदायिकता का जहर फैलाकर वोट न मांगती। गत वर्ष 30 अक्टूबर 2022 को गुजरात के मोरबी नगर में मच्छु नदी पर बना झूला पुल टूट गया था। इस हादसे में कम से कम 135 लोग अपनी जानें गँवा बैठे थे और करीब 200 लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। यह घटना भी घोर भ्रष्टाचार का ही नतीजा थी। अभी कुछ दिनों पहले ही किरण पटेल नाम का एक गुजरात का ही व्यक्ति प्रधानमंत्री कार्यालय का फर्जी अफसर बनकर जम्मू कश्मीर में जेड प्लस सुरक्षा लेकर घूमते पकड़ा गया था। जब इस ठग को लेकर गुजरात मुख्यमंत्री कार्यालय के जनसंपर्क अधिकारी हितेश पंड्या के पुत्र अमित का बिजनेस पार्टनर होने की बात सामने आई उसी समय पांड्या ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जनसंपर्क अधिकारी हितेश पंड्या लगभग 2 दशक से गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े थे। आरोप है कि वे यहां बैठकर अपने एनजीओ नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के लिए धन जुटाते थे। और इसी एनजीओ के माध्यम से किरण पटेल विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर बड़ी हस्तियों से सांठगांठ करता था। ये दोनों सीसीटीवी से जुड़ा व्यापार भी करते हैं। अहमदाबाद पुलिस में किरण पटेल के विरुद्ध एक वरिष्ठ नागरिक का बंगला हड़पने के मामले में प्राथमिकी भी दर्ज है। उसने बंगले का नवीनीकरण कराने के नाम पर एक बुजुर्ग से 35 लाख रुपए ऐंठ लिए तथा बाद में खुद ही उस मकान में कब्जा जमाकर रहने लगा। क्या ऐसे ठगों को बिना सत्ता संरक्षण के जेड प्लस सेक्युरिटी और तमाम सरकारी व पांच सितारा सुविधायें मिलना संभव हैं ? इन दिनों संजय राय शेरपुरिया नामकएक सफेद पोश ठग का नाम चर्चा में है। शेरपुरिया पर भारतीय स्टेट बैंक से 350 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोप है। खबर तो यह भी है कि उसने रेस कोर्स रोड पर घर ले रखा था और उसका वाईफाइ नेटवर्क भी पीएमओ वाला ही था। आश्चर्य है कि शेरपुरिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर लोगों को लूट रहा था और पीएम को पता तक नहीं चला? कहा तो यह भी जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस ठग से 25 लाख रुपये का कर्ज लिया है। यूपी एसटीएफ ने करोड़ों रुपये की ठगी के एक मामले में ठग संजय राय शेरपुरिया का भंडाफोड़ करते हुए उसे गिरफ़्तार किया है। अब इन रुपयों, और उसके कथित एनजीओ की जांच में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय भी सक्रिय हो चुकी है। ईडी ने दिल्ली, बनारस, लखनऊ और गाजीपुर जैसे चार शहरों में संजय के ठिकानों पर छापेमारी की है।

बोधि वृक्ष

## आईए सुनें यम देवता की कथा

***हिन्दू*** धर्म के अनुसार यमराज मृत्यु के देवता हैं। विश्वकर्मा की पुत्री संज्ञा और भगवान सूर्य के पुत्र में रूप में जन्मे यमराज का उल्लेख वेद शास्त्रों में भी आता है। इनकी जुड़वां बहन यमुना (यमी) थी। यमराज का वाहन महिष वाहन (भैंसे पर सवार) हैं। यमराज बोले तो धर्मराज जीवों के शुभाशुभ कर्मों के निर्णायक हैं।

**मृत्यु के देवता :** यमराज भगवान को दक्षिण दिशा के दिक्पाल कहा जाता हैं। यमराज को मृत्यु के देवता भी माना जाता हैं। दक्षिण दिशा के लोकपाल यमराज अशुभकर्मा प्राणियों के लिए बड़े ही भयंकर है। यमराज देवता यम, धर्मराज, मृत्यु, अन्तक, वैवस्वत, काल, सर्वभूतक्षय, औदुम्बर, दध्न, नील, परमेष्ठी, वृकोदर, चित्र और चित्रगुप्त आदि चौदह नामों से जाने जाते है और इनकी आराधना होती है।

**यमलोक :** यमराज के देवता एक अलग लोक में विराजमान रहते है जिसे 'यमलोक' कहा जाता है। हिदुओं का विश्वास है कि मनुष्य मरने पर उसको शुभ और अशुभ कृत्यों का हिसाब देना पड़ता है और इसीलिए वो सब से पहले यमलोक में जाता है। वहाँ यमराज के देवता विचार करके उसे स्वर्ग या नरक में भेजते हैं। यह माना जाता है कि मृत्यु के समय यम के दूत ही आत्मा को लेने के लिये आते हैं।

**यमराज के जन्म की कथा :** यमराज विश्वकर्मा की कन्या संज्ञा और सूर्यदेव के पुत्र थे। उनके जन्म से पहले जब संज्ञा ने अपने पारी सूर्यदेव को देखा तो उनके तेज प्रकाश को देखकर वो भयभीत हो गई और सूर्य को देखकर भय से संज्ञा ने आँखें बंद कर ली।

**सूर्यदेवता :** इस बात से सूर्य देवता नाराज हो गये और सूर्य ने क्रुद्ध होकर संज्ञा को शाप दे दिया। शाप के अनुसार, सूर्य ने कहा तुम्हें जो भी पुत्र होगा, वह लोगों का संयमन करनेवाला अर्थात उनके प्राण लेनेवाला होगा। इसी कारणवश यमराज को मृत्य का देवता माना जाता है।

(क्रमशः)

# उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में भाजपा की बड़ी लकीर




मृत्युंजय दीक्षित

***मुख्यमंत्री*** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भगवा राजनीति का अजेय दुर्ग बन चुका है । 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ पहली बार 73 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। अब गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में जितने भी चुनाव हो रहे हैं, हर में भाजपा की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ रहा है। 2017 के नगर निगम चुनाव, 2019 के लोकसभा चुनाव, 2022 के विधानसभा चुनाव और अब 2023 के नगर निकाय चुनाव ने तो नया अध्याय लिख दिया है। निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने सभी 17 नगर निगम और उसके बाद नगर पंचायत और पालिका चुनाव में सीट व वोट प्रतिशत के हिसाब से अब तक की सबसे बड़ी जीत अर्जित कर बड़ी लकीर खींच दी है। इसी समय हुए उपचुनाव में भाजपा ने सपा के मजबूत नेता आजम खां के अंतिम गढ़ को भी ध्वस्त कर दिया है। भाजपा की इस विजय से विपक्षी दलों के उत्साह पर पानी फिर गया है और वह 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में पिछड़ गये हैं। भाजपा अपने सभी सहयोगी दलों के साथ सभी 80 सीटों पर विजय का शंखनाद करती हुई आगे बढ़ रही है। अब भाजपा को प्रदेश के नगर निगमों में संचालन के लिए निर्दलीयों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। इस विजय के नायक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। उनकी नियत, नीति और कार्यशैली जनमानस को भा रही है। योगी आदित्यनाथ ने 13 दिन में 43 जिलों में 50 जनसभा और रोड शो कर अपार मेहनत की। उसका सुफल जनता भाजपा को दिया। उन्होंने प्रचार में विकास तथा कानून व्यवस्था का ही मुद्दा उठाया। विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री का बयान, 'मिटटी में मिला देंगे माफिया को' और उसके बाद कई खतरनाक माफिया पर हुई कार्रवाई ने आमजन का भरोसा बढ़ा दिया। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले सपा, बसपा और कांग्रेस जैसे दलों को मुंह की खानी पड़ी। प्रदेश की जनता ने पहली बार नगर निकाय चुनाव में कानून व्यवस्था पर जमकर वोट दिया। कई मोहल्लों व गलियों में तो भाजपा को एकतरफा वोट मिला है। भाजपा कार्यकर्ता निगम चुनाव में मतदाता को यह समझाने में कामयाब हो गये कि कौन उनका सच्चा हमदर्द है। लखनऊ कमल तो खिला ही है पर अबकी बार पिछली बार से भी अधिक वोट प्राप्त हुए हैं और पार्षद जीतने में कामयाब रहे हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि निकाय चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत सुशासन, विकास और भयमुक्त वातावरण का नतीजा है। यह सच भी है। भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव में धर्म की ध्वजा पर सवार होकर जातियों का चक्रव्यूह भेदने में सफलता हासिल की है। पार्टी के मतदाता सम्मेलनों का भी फायदा मिला है। कुछ सीटों पर बगावत भी हुई, पर वह असर नहीं दिखा सकी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंत्रिमंडल सहयोगियों की दिन-रात की गई मेहनत ने विपक्ष के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। 2023 में भाजपा ने 2017 के मुकाबले बहुत बढ़त बनाई है। वर्ष 2017 में भाजपा ने 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी। 198 नगर पालिका परिषद में 70 पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था। इस बार भाजपा ने 199 में से 87 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है। वर्ष 2017 में भाजपा ने 438 नगर पंचायतों में से 100 पर चुनाव जीता था और इस बार भाजपा ने 544 नगर पंचायतों में से 191 पंचायतों में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है।

**योगी ने 13 दिन में 43 जिलों में 50 जनसभा व रोड शो कर कड़ी मेहनत की। उसका सुफल जनता भाजपा को दिया। प्रचार में विकास तथा कानून व्यवस्था का ही मुद्दा उठाया।**

देश-विदेश

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

सम्मान हमेशा समय और स्थिति का होता है... पर इंसान उसे अपना समझ लेता है।

# मास्टरस्ट्रोक से पायलट व वसुंधरा राजनीति में किनारे लग गये



रमेश सर्राफ धमोरा

***मुख्यमंत्री*** अशोक गहलोत ने खुलासा किया था कि 2020 में सचिन पायलट द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ बगावत करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायकों ने सहयोग कर उनकी सरकार को गिरने से बचाया था। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से अपने संबंधों को लेकर खुलासा क्या किया वसुंधरा राजे चुनाव से पहले ही परेशान नजर आने लगी हैं। राजस्थान में पिछले 25 वर्षों से एक बार अशोक गहलोत तो दूसरी बार वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनते आ रहे हैं। इस बार वसुंधरा राजे फिर मुख्यमंत्री बनना चाहती हैं। मगर अशोक गहलोत ने बयान देकर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। हाल ही में धौलपुर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुलासा किया था कि 2020 में सचिन पायलट द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ बगावत करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायकों ने सहयोग कर उनकी सरकार को गिरने से बचाया था। गहलोत ने कहा था कि धौलपुर से भाजपा विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने तो राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद तिवारी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर खुले आम पार्टी नेतृत्व की अनदेखी की थी। शोभा रानी कुशवाहा वसुंधरा समर्थक विधायक मानी जाती रही हैं। इसके साथ ही गहलोत ने वसुंधरा समर्थक माने जाने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का भी नाम लिया था। विधानसभा में बजट पास करवाने के दौरान मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश में 17 नये जिले बनाने की घोषणा की थी। जिसमें उन्होंने कैलाश मेघवाल के विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा को भी जिला बनाया है। विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कैलाश मेघवाल को शाहपुरा के जिला बनने पर बधाई देते हुए कहा था कि आप की मांग पूरी कर दी गई है। उस समय भी गहलोत के बयान की काफी चर्चा हुई थी तथा भाजपा बैकफुट पर आ गई थी। राजस्थान की राजनीति में लोगों की धारणा रही है कि अंदर खाने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मिले हुए हैं। इसी के चलते जब कांग्रेस की सरकार बनती है तो अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बन जाते हैं और जब भाजपा की सरकार बनती है तो वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बन जाती हैं। मुख्यमंत्री पद पर रहते दोनों नेता एक दूसरे के हितों का ख्याल रखते हैं तथा जरूरत पड़ने पर मदद भी करते हैं। दलित और आदिवासी वोटों को साध कर कांग्रेस की सत्ता में वापसी कराने के प्रयास में जुटे हैं गहलोत नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल तो खुलकर यह आरोप लगाते रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से कांग्रेस नेता सचिन पायलट भी गहलोत को पत्र लिखकर वसुंधरा सरकार के दौरान हुए घोटालों की जांच की मांग कर रहे हैं। मगर मुख्यमंत्री गहलोत ने पायलट की मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि एक माह पूर्व सचिन पायलट ने अपनी इसी मांग को लेकर जयपुर में एक दिन का धरना भी दिया था। इसके बाद पायलट ने इसी मांग को लेकर 5 दिनों तक अजमेर से जयपुर तक 125 किलोमीटर की जन संघर्ष पदयात्रा भी की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वसुंधरा राजे को लेकर किये गये खुलासे के बाद वसुंधरा राजे अपनी ही पार्टी के नेताओं पर के निशाने पर आ गई हैं। राजस्थान में वसुंधरा विरोधी खेमे के नेता गहलोत के बयान को लेकर मुखर हो रहे हैं। उनका कहना है कि वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के दम पर ही गहलोत बेखौफ होकर सरकार चला रहे हैं।

**राजस्थान के मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री से अपने संबंधों को लेकर खुलासा क्या किया वसुंधरा राजे चुनाव से पहले ही परेशान नजर आने लगी हैं।**

देश-दुनिया

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**मनिका।** पुलिस प्रशासन की ओर से सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के बरवईया के हाई स्कूल के मैदान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन। इसमें प्रखंड क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बरवाडीह अनुमंडल के डीएसपी दिलु लोहरा ने किया। मौके पर मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह,मनिका थाना एस आई गौतम कुमार सिंह, मुखिया पिंकी देवी, बहादुर उरांव, भजेंदार उरांव, मंटू प्रसाद, विनय प्रसाद, दीपक प्रसाद, वकील प्रसाद,कृष्णा यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चुंगरू में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# हेहेगड़ा ने आंटी खेता को 3-2 से किया पराजित

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

लातेहार पुलिस अधीक्षकअंजनी अंजन के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग कार्यकम के तहत बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत अति सुदूरवर्ती क्षेत्र चुंगरू पंचायत के नावाडीह खेल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलू लोहार, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर कासी महली, मुखिया बालदेव परहिया ने किया।

उद्घाटन मैच आंटी खेता बनाम हेहेगड़ा के बीच खेला गया। इसमें हेहेगड़ा की टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की। इस मौके पर अपने अपने संबोधन में एसडीपीओ ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के युवा प्रतिभागियों को निखारने एवं समाज की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य उग्रवाद प्रभावित सुदूर क्षेत्र में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। इसमें सफल प्रतिभागियों का चयन कर जिला स्तरीय टूर्नामेंट में शामिल किया जाएगा। इसमें आसपास के एक दर्जन से अधिक फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया है। 19 मई को फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि 19 मई को होने वाली फाइनल मैच में अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को लातेहार पुलिस कप्तान द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कृष्ण यादव, राजू परहिया, राजा ठाकुर, महेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## NEWS इन ब्रीफ

### ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ का अधिवेशन 27 को रांची में

**बरवाडीह।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ का राज्य स्तरीय द्वितीय त्रिवार्षिक अधिवेशन 27 मई को पूर्वाह्न 10 बजे से गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल, पी पी कंपाउंड, रांची के सभागार में होगा। इसकी जानकारी झारखंड राज ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कौशिक मलिक एवं महासचिव रंजन कुमार सहाय ने दी है। मुख्य अतिथि प्रेम मित्तल, निदेशक, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, कॉमरेड प्रशांत चौधरी (अध्यक्ष - नेशनल फेडरेशन ऑफ आरआरबी एम्पलाइज, अरेबिया), शिवकरण द्विवेदी, महासचिव (नेशनल फेडरेशन ऑफ आरआरबी एम्पलाइज -अरेबिया ) एवं एम एल सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य, बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया होंगे।

### रोगियों का होगा मुफ्त इलाज : डॉ जुबेर

**बरवाडीह।** गुरुवार को इम्पेक्ट इंडिया फॉउंडेशन के द्वारा रोगियों को बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चंदवा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। चिकित्सक डॉ. जुबेर अहमद ने कहा कि 16 से 21 मई को मोतियाबिंद की सर्जरी, 22 से 26 मई तक कान की जांच, 23 से 27 मई तक ऑपरेशन, 28 मई 30 तक मुड़े पैर का परीक्षण और 29 से 31 मई तक ऑपरेशन, 30 मई से 4 जून तक दांत की जांच की जायेगी।

### कमेटी शोकाकुल परिजनों से मिली

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मुरपा पंचायत के ओकिया ग्राम के पास बीते दिनों एक सड़क दुर्घटना में एक 41 वर्षीय युवक राजकिशोर यादव की मृत्यु हो गई थी, जिसे मुरपा पंचायत के सद्भावना कमेटी ने मृतक के घर पहुंच उनके परिजनों को ढांढ़स बंधवाया। इस दौरान सद्भावना कमेटी ने कुछ नकद राशि एवं खाद्य सामग्री देकर पीड़ित परिजनों की मदद की। मौके पर डॉ. रोहन गोप, मो. जियाउल अंसारी, मो. जमाल मियां, बरतु यादव, प्रेम नारायण यादव, त्रिवेणी सिंह यादव, अजय टाना भगत मुखिया मुरपा, रामदेव साव, जितेंद्र यादव, प्रेम साव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## आग उगलती गर्मी में पावर कट से लोगों की परेशानी बढ़ी

# कभी हिल स्टेशन का अहसास कराने वाला बालूमाथ भी तपा

**अजित कुमार। बालूमाथ**

इन दिनों पूरा उत्तर भारत प्रचंड गर्मी की चपेट में है। लू के थपेडों ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। कभी आग उगलती गर्मी में भी नियंत्रित तापमान के लिए प्रसिद्ध रहा बालूमाथ इस बार बढ़े हुए तापमान से अछूता नहीं है। भीषण गर्मी में भी हिल स्टेशन का एहसास कराने वाले बालूमाथ में गुरुवार को इस गर्मी का उच्चतम तापमान 41 डिग्री सेल्शियस रिकॉर्ड किया गया। अभी इसके और भी बढ़ने का अनुमान है।

पारा बढ़ने से एक तरफ जहां जलाशय सूख्ते जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ आम आदमी के साथ-साथ मवेशियों को भी पीने की पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। किसानों पर खेती की मार के साथ-साथ जानवरों को पानी मुहैया कराना बड़ी चुनौती हो गया है। बिजली विभाग की उदासीनता ने आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। पिछले एक सप्ताह के दौरान औसत पावर सप्लाई 6 से 8 घंटे की रही है। पावर कट से जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ा है। पंखे, एसी, कूलर, फ्रीज का समुचित इस्तेमाल नहीं होने से राहत नहीं मिल पा रहा है। गर्मी से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से अस्पतालों में रोगियों की तादाद में भी इजाफा हुआ है। लू लगने, उल्टी, दस्त, बदहजमी की समस्याओं से ग्रसित मरीजों की संख्या इसमें सर्वाधिक है। शीतल पेय के साथ-साथ फल, खीरे व हरी सब्जियों की मांग के साथ-साथ इनकी कीमतों में भी इजाफा हुआ है। देसी फ्रीज यानी मटका व अन्य मिट्टी की बर्तनों की डिमांड बढ़ने से इस पेशे से जुड़े लोगों को गर्मी में भी ठंडक का एहसास हो रहा है। कुछ ही वर्षों में हुए इस पर्यावरण असंतुलन का बड़ा कारण जंगलों की तेजी से हो रही कटाई के साथ-साथ खनन में नियमों का पालन नहीं करना बताया जा रहा है। सीसीएल के द्वारा बालूमाथ व आसपास के क्षेत्र में कोयले की आधा दर्जन खदान संचालित हो रही है। साथ ही पत्थर के भी कई खदान संचालित हो रहे हैं। तापमान की वृद्धि में ये भी एक अहम कारण माने जा रहे हैं। बहरहाल, समय रहते अगर हम नहीं चेते व भविष्य की योजना बनाकर उस पर अमल नहीं किये तो स्थिति के और भी भयावह होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।



# मंत्री जोबा पहुंचीं बेतला पार्क, चिल्ड्रेन पार्क और जंगली जानवरों को देखा

## खरवान ने छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग रखी

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह/ लातेहार**

प्रदेश के महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा मंत्री जोबा मांझी के बरवाडीह प्रवास के दौरान छिपादोहर प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के देवनाथ सिंह खरवार ने मांग पत्र देकर छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग रखी। प्रदेश के सामाजिक कल्याण मंत्री जोबा मांझी बुधवार को मेदनीनगर में अपने कार्यक्रम के उपरांत स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के साथ बेतला पहुंचे हुए थे. इस दौरान छिपादोहर निवासी झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सह छिपादोहर प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवनाथ सिंह खरवार ने जोबा मांझी से मुलाकात कर छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग रखी।

खरवार ने मंत्री से कहा कि छिपादोहर प्रखंड बनने की सारी शर्त पूरी करता है। कहा कि 10 वर्षों से अधिक समय से छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग जोर-शोर से उठाई जा रही है। खरवार ने इसके साथ ही छिपादोहर के जमतिया में नीलांबर पीतांबर स्मृति पार्क एवं शिबू सोरेन खेल मैदान निर्माण की मांग रखी। महिला मंत्री ने उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, हरेश्वर उरांव समेत अन्य कई लोग मौजूद थे। इससे पहले मांझी ने चिल्ड्रेन पार्क और जंगली जानवरों को देखकर बेतला नेशनल पार्क को बेहतर बनाने को लेकर सरकार से बात करने की बात कही। वहीं मंत्री का मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, जेएमएम नेता सह बीस सूत्री सदस्य शशीभुषण तिवारी ने स्वागत किया और क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। कहा कि इस क्षेत्र में बेतला नेशनल पार्क पूरे देश में जाना जाता है। अगर इस पार्क का बेहतर विकास कर दिया जाए तो बेतला के युवकों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।



# उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**चतरा।** गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन आदि की गुरूवार को गहन समीक्षा बैठक हुई। किया गया। जिसमें उपायुक्त ने अभियोजन स्वीकृति अन्तर्गत प्राप्त सभी प्रस्तावों के प्रक्रियाधीन एवं निष्पादित मामलों की समीक्षा की। कारा सुरक्षा की समीक्षा में उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था हेतु अधिष्ठापित यंत्रों तथा विधि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं अन्य से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा कर, जंगलों में आगजनी की घटनाओं के रोकथाम एवं उपायों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिया गया। वहीं जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गये निदेर्शों के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के साथ निर्देश दिया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। कार्यपालक अभियंता नगर परिषद को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख चौकों पर हो रहे अतिक्रमण का निराकरण किया जाए जिससे कि यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। परियोजना क्षेत्र में विगत बैठक में दिये गए निर्देशों के आलोक में किये गए कार्यों की भी समीक्षा की गई और निर्देश दिया गया कि दुर्घटना सम्भावित मार्गों में हाई मास्क लाइट, एलईडी लाइट एवं सीसीटीवी के अधिष्ठापन का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए तथा वाहनों को गति सीमा के पालन हेतु रोड बैरियर लगाया जाए। वहीं मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक व प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, संबंधित अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।




### हड़ताल से योजनाएं हो रहीं प्रभावित

**चतरा/मयूरहंड।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आवाहन पर 11 सूत्री मांगों के लेकर जिले के जनसेवक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस दौरान समाहरणालय के समक्ष गुरुवार को दसवें दिन भी जनसेवक संघ के सदस्य धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के जिलाध्यक्ष नवीन तिर्की कर रहे हैं। हड़ताल से जिले में हर तरह के जन कल्याणकारी कार्य बाधित हो गया है। लोगों को वृद्धा पेंशन, आवास, मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को कार्य नहीं मिल पा रहा है। सचिव रोहित कुमार, उपाध्यक्ष नवल किशोर, मीडिया प्रभारी अभिजित घोष, सतीश कुमार मिश्रा, चंदन कुमार आदि शामिल थे।

# हाईवा ने एक ही परिवार के आठ लोगों को रौंदा

**चतरा।** जिले में तेज रफ्तार हाइवा का कहर जारी है। इस बार एक ही परिवार के आठ सदस्यों को बेकाबू हाइवा ने रौंद डाला। जिसमें मौके पर ही मनु उरांव और करनी कच्छप की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो को बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शेष चार लोगों का इलाज सिमरिया रेफरल अस्पताल में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पति-पत्नी हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत फूसरी गांव के रहने वाले थे। दोनों ने बेटी की शादी सिमरिया थाना क्षेत्र के पसेरी गांव में पांच दिन पूर्व ही किया था। बेटी के चौठारी में सभी टेंपों बुक कर पसेरी गए थे और बेटी-दामाद व अन्य सदस्य के साथ घर लौट रहे थे। इसी क्रम में जैसे ही पीरी जंगल पहुंचे, तो विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने टेंपों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे टेंपों पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही मनु उरांव और करनी कच्छप की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सिमरिया थाना और शीला ओपी से पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। वहीं घायलों को सिमरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पहल | भवन के जीर्णोद्धार का काम डेढ़ साल पहले ही पूरा हो चुका है

# गांधी पुस्तकालय को पुनः खोलने की कवायद शुरू

**अजय सिन्हा। लातेहार**

शहर के बीचों बीच मेन रोड स्थित गांधी पुस्तकालय भवन के जीर्णोद्धार का काम डेढ़ साल पहले ही पूरा हो चुका है, बावजूद इसके गांधी पुस्तकालय को यहां स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है। तत्कालीन डीसी अबु इमरान के निर्देश पर ग्रामीण विशेष प्रमंडल ने साल 2021 में गांधी पुस्तकालय भवन के जीर्णोद्धार के लिए निविदा प्रकाशित करायी थी। उसके बाद इस भवन की मरम्मत करायी गयी। बता दें कि गांधी पुस्तकालय का भवन जर्जर होने के कारण इसे धर्मपुर स्थित बहुदेश्यीय भवन में स्थानांतरित कर दिया गया था, लेकिन यहां भी कई सालों से पुस्तकालय बंद है।

### 60 के दशक में की गयी थी पुस्तकालय की स्थापना

बता दें कि स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयास से 60 के दशक में गांधी पुस्तकालय की स्थापना की गयी थी। दस साल तक यह पुस्तकालय जन सहयोग व चंदा से चलता रहा। 70 के दशक में पलामू शिक्षा विभाग ने इसका अधिग्रहण किया और यहां पुस्तकों की आपूर्ति की जाने लगी। शिवशंकर प्रसाद को पुस्तकालय अधीक्षक बनाया गया था। वो काफी कम पैसे में इस पुस्तकालय का संचालन करते थे। उस समय पुस्तकालय भवन में बिजली नहीं थी। लोगों को शाम में लालटेन की रौशनी में किताबें पढ़नी पड़ती थी। पुस्तकालय में बैठने के लिए तीन टेबल व आठ से दस कुर्सी थी। पुस्तकों को रखने के लिए पर्याप्त रैक व आलमीरा नहीं थे। जब पुस्तकालय अधीक्षक शिवशंकर प्रसाद सेवानिवृत्त हो गये तो गायत्री देवी ने पुस्तकालय में केयर टेकर के रूप अपनी सेवा दी। लेकिन बहुत ही कम व अनियमित मानदेय पर गुजारा करना मुश्किल हो रहा था तो उन्होंने पुस्तकालय चलाने में असमर्थता जाहिर कर दी। उसके बाद पुस्तकालय बंद हो गया।



### तत्कालीन डीसी ने पुस्तकालय को किया था स्थानांतरित

साल 2011-12 में तत्कालीन डीसी राहुल कुमार पुरवार ने इस पुस्तकालय का निरीक्षण किया। पुरवार के निर्देश पर पुस्तकालय को शहर के धर्मपुर स्थित बहुदेश्यीय भवन की दूसरी मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया, जहां पुस्तकालय को फर्नीचर उपलब्ध कराये गये और एक सरकारी शिक्षक को यहां केयर टेकर के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया। लेकिन शहर से दूर वीरान में स्थित होने के कारण यहां पाठकों की तादाद बहुत ही कम थी। बाद में पाठकों की संख्या शून्य हो गयी। यहां प्रतिनियुक्त शिक्षक कई महीनों तक पुस्तकालय खोल कर पाठकों की बाट जोहते रहे। आखिरकार बाद में इसे बंद कर दिया गया। साल 2021 में तत्कालीन डीसी अबु इमरान ने गांधी पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया और इसका जीर्णोद्धार करने के लिए निविदा प्रकाशित किया। विडंबना यह है कि जीर्णोद्धार के बाद भी पुस्तकालय को यहां स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है।

# प्रखंड की सभी पंचायतों में आवास लाभुक दिवस मनाया गया

**बारियातु।** गुरुवार को सभी पंचायतों में आवास लाभुक दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित लाभार्थियों को ससमय आवास बनाने के लिए जागरूक किया गया। आवास बनाने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए बालूभांग, फुलसु, डाढ़ा, बारियातु, साल्वे, टोंटी, शिबला व गोनिया पंचायत सचिवालय भवन परिसर में संबंधित मुखियाओं ने लाभुकों से सीधा संवाद किया गया। प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में आवास लाभुक दिवस के मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रखंडकर्मी मौजूद रहे। आवास कार्य को प्रगति में लाने के उद्देश्य से पीएम आवास प्रखंड समन्वयक शशि पूनम कुजूर, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव ने सभी क्षेत्रों जाकर आवास लाभुक दिवस की गतिविधि की जानकारी ली। अमरवाडीह में पंकज पांडेय व अजाद वर्मा, बालुभांग में अनेश्वर प्रसाद व रेखा कुमारी, बारियातु में संतोष यादव व प्रभात उरांव, डाढ़ा में रवि यादव व शिव प्रसाद, गोनिया में अरविंद पांडेय, फुलसु में शशि कुजुर व रामबिलास उरांव, साल्वे में रामदेव नगेसिया व ईम खान शिबला में प्रदीप भगत व अविनाश रंजन, टोंटी में निशांत कुमार व राजदेव सिंह को नियुक्त किया गया है। आवास दिवस कार्यक्रम में मुखिया केदार गंझु, तेतरी देवी, सुरेश उरांव, सरिता देवी, राजीव भगत, शांति देवी, सुशिला देवी, सुरेश उरांव, रानो देवी, उप मुखिया बिनोद यादव, जितेंद्र प्रसाद,रामकृष्ण गंझु,संबंधित पंचायत के स्वयंसेवक सहित जनप्रतिधि मौजूद थे।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### छत्रपति शाहू महाराज युवाशक्ति करियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित, बोले नड्डा

# रोजगार के लिए युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण जरूरी

**एजेंसी। मुंबई**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में हो रहे बदलाव के अनुसार शिक्षण प्राप्त करना समय की जरुरत है। रोजगार प्राप्त करने के लिए तकनीकी प्रशिक्षण आवश्यक है। औद्योगिक क्षेत्र में होने वाले नवीन परिवर्तनों और मांग के बारे में पता रोजगार प्राप्त करने वाले को होना चाहिए। इससे रोजगार का मार्ग और भी सरल हो जाएगा। नड्डा गुरुवार को मुंबई में रविंद्र नाट्यमंदिर में राज्य सरकार की ओर से आयोजित छत्रपति शाहू महाराज युवाशक्ति करियर मार्गदर्शन शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर



रहे थे। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख नौकरियां देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने 2 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंप चुके हैं। 13 लाख से ज्यादा लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। देश में कौशल्य विकास की आवश्यकता को समझते हुए प्रधानमंत्री ने कौशल्य विकास मंत्रालय की स्थापना की है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्किल इंडिया मिशन की शुरूआत की, जिससे युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित किया जा रहा है, इसके फिर से प्रशिक्षण जरूरी है। दोबारा ट्रेनिंग के बाद फिर से अपग्रेड करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 1 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया, प्रशिक्षित उम्मीदवारों में 66 प्रतिशत महिलाएं थीं। यह बहुत अच्छी बात है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कौशल विकास को प्राथमिकता देने के लिए एक कार्यक्रम लागू किया है। स्टार्ट-अप में महाराष्ट्र अग्रणी है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस शिविर में विद्यार्थियों को आवश्यक शिक्षा के साथ-साथ शिक्षा, छात्रवृत्ति और रोजगार के विभिन्न अवसरों के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता, माता-पिता की काउंसलिंग की जाएगी।

# समूह जी-7 : जापान के हिरोशिमा में क्वाड समूह के नेताओं की होगी बैठक, पीएम मोदी लेंगे हिस्सा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

जापान के हिरोशिमा में इसी सप्ताह क्वाड समूह के नेताओं की बैठक होने की संभावना है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज हिस्सा लेंगे । विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश सचिव क्वात्रा ने संवाददाताओं को बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 मई की सुबह जापान यात्रा पर रवाना होंगे और जापानी शहर हिरोशिमा जायेंगे जहां वे दुनिया की विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-7 के वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि जापान की यात्रा के दौरान क्वाड समूह के नेताओं की बैठक आयोजित करने की योजना है जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिस्सा लेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा देश में उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट पर ध्यान केंद्रित करने के मकसद से अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा को स्थगित करने के कारण सिडनी में प्रस्तावित क्वाड देशों के नेताओं की बैठक रद्द कर दी गई है।

## जी-20 विकास मंत्रियों के सम्मेलन में जयशंकर करेंगे भारत का नेतृत्व

**जी-20** के सदस्य देशों के विकास मामलों के मंत्रियों का सम्मेलन 12



एवं 13 जून को वाराणसी में होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार जी-20 विकास मंत्रियों के सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे। भारत की अध्यक्षता में जी-20 के सदस्य देशों की विभिन्न मुद्दों पर दो सौ से अधिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है जिनमें से कम से कम छह बैठकें वाराणसी में होनी हैं। इस समय सौ से अधिक बैठकें हो चुकीं हैं। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में पर्यटन संबंधी बैठक का आयोजन किया गया है। इससे पहले अप्रैल में जी-20 देशों के प्रमुख कृषि वैज्ञानिकों की बैठक हुई थी जिसमें पूरे विश्व को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण के अनुकूल खेती को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## राष्ट्रपति-पीएम चखेंगे मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची का स्वाद



**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची का स्वाद इस बार राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई गणमान्य लोग चखेंगे। जून के प्रथम सप्ताह में मुजफ्फरपुर की शाही लीची दिल्ली भेजने को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। बताया जाता है कि मुजफ्फरपुर के कांटी, मीनापुर, मुसहरी और बोचहां प्रखंड क्षेत्र के लीची बगानों से पुष्ट, रसीली और गुद्दे वाली शाही लीची की तलाश शुरू कर दी गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के जल्लीकट्टू को दी इजाजत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु के 'जल्लीकट्टू' कानूम को इजाजत दे दी। इसी तरह के महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकारों द्वारा बनाए गए कानूनों को भी शीर्ष अदालत ने इजाजत दे दी है। न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि यह विधायिका के दृष्टिकोण को बरकरार रखेगी। विधायिका ने यह विचार किया है कि यह राज्य की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब विधायिका ने कहा है कि जल्लीकट्टू तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत है, तो न्यायपालिका कोई अलग विचार नहीं रख सकती। कोर्ट ने इस



बात पर जोर दिया कि विधायिका इसे तय करने के लिए सबसे उपयुक्त है। बेंच ने कहा कि अदालत उन सामग्रियों से संतुष्ट है कि जल्लीकट्टू तमिलनाडु में कई साल से चल रहा है और इसे तमिल संस्कृति के अभिन्न अंग के रूप में माना गया है।

# ईडी ने नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी देवी से की पूछताछ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से नौकरी के बदले जमीन मामले में पूछताछ की। फिलहाल, दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में उनसे पूछताछ जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, राबड़ी देवी सुबह करीब 10 बजे जांच में शामिल हुईं। ईडी का केस, मामले में सीबीआई द्वारा दायर एफआईआर पर आधारित है। सीबीआई ने पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों सहित 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज



किया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2004-2009 की अवधि के दौरान लालू प्रसाद ने विभिन्न रेलवे जोन में ग्रुप 'डी' पदों पर भर्ती करने के बदले में अपने परिवार के सदस्यों को भूमि संपत्ति हस्तांतरित करके वित्तीय लाभ प्राप्त किया। पटना के कई निवासियों ने या तो सीधे या अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से यादव परिवार/लालू प्रसाद और उनके परिवार द्वारा नियंत्रित एक निजी कंपनी को अपनी जमीन बेच दी या उपहार में दे दी। क्षेत्रीय रेलों में नियुक्ति के लिए कोई विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की गई थी। हालांकि, पटना के निवासी व्यक्तियों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में स्थित विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' के रूप में नियुक्त किया गया था।

## द्वारका एक्सप्रेसवे अगले तीन-चार माह में हो जाएगा पूरा : गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि द्वारका एक्सप्रेस का काम अगले तीन से चार महीनों में पूरा हो जाएगा। देश के इस पहले 'एलिवेटेड अर्बन एक्सप्रेसवे' से दिल्ली-गुरुग्राम के बीच यातायात दबाव कम होगा। गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेसवे का काम चार 'पैकेज' में पूरा होगा। द्वारका एक्सप्रेसवे पर टोल संग्रह का काम पूरी तरह से स्वचालित होगा और पूरी परियोजना दक्ष परिवहन प्रणाली (आईटीएस) से युक्त होगी। द्वारका एक्सप्रेस की कुल लंबाई 29 किलोमीटर है। इसमें 18.9 किलोमीटर हरियाणा में जबकि शेष 10.1 किलोमीटर दिल्ली में है।



एक्सप्रेसवे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 के पास दिल्ली के महिपालपुर में शिव मूर्ति के पास से शुरू होगा। फिर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ पर गुरुग्राम खेड़की-दौला गांव के पास बने टोल प्लाजा के पास खत्म होगा। यह द्वारका की तरफ से द्वारका एक्सप्रेसवे के जरिये इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिये संपर्क सुविधा प्रदान करेगा।

## उप्र से गुजरात जा रही बस मप्र में हादसे का शिकार, पांच की मौत

**एजेंसी। शाजापुर (मध्य प्रदेश)**

जिले में मक्सी-उज्जैन मार्ग पर गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे एक बस, ट्राला से टकरा गई। तीन यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। दो घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे में घायल 15 से ज्यादा यात्रियों को उज्जैन ले जाया गया है। बस माधवगढ़ (उत्तर प्रदेश) से अहमदाबाद जा रही थी। बस में सवार लोग एक शादी में शामिल होने जा रहे थे। यह जानकारी पुलिस ने दी।

मक्सी पुलिस के अनुसार यह हादसा दोंगता के पास हुआ। केस दर्ज कर लिया गया है। सभी शव शाजापुर जिला अस्पताल भेजे गए हैं। बस में 60 से 62 यात्री सवार थे। इनके नाम मालूम हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही तराना, कायथा और मक्सी का पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

थाना प्रभारी गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि हादसे की सूचना सुबह करीब पांच बजे मिली। शारदा ट्रेवल्स की बस (यूपी 75 एटी 4799) ट्राले से टकरा गई थी। बस का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया है। कुछ घायल सड़क पर पड़े थे, जबकि ज्यादातर बस के भीतर थे। कुछ यात्री उन्हें बाहर निकाल रहे थे। बस उत्तर प्रदेश से अहमदाबाद जा रही थी।

## सिर्फ पर्यटक मुख्यमंत्री बनकर रह गए हैं नीतीश : आरसीपी

**एजेंसी। पटना**

भाजपा में शामिल होने के बाद गुरुवार को पहली बार आरसीपी सिंह पटना पहुंचे। यहां पहुंचते ही उन्होंने नीतीश कुमार और जदयू पर जोरदार प्रहार किया। आरसीपी ने कहा कि जदयू का अस्तित्व पूरी तरह से खत्म हो चुका है और नीतीश कुमार सिर्फ पर्यटक मुख्यमंत्री बनकर रह गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने कहा कि नीतीश लाख कोशिश कर लें लेकिन वे प्रधानमंत्री कभी नहीं बन पाएंगे। जदयू समाप्त हो चुकी है और भाजपा के लिए जदयू कोई चुनौती नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार सिर्फ पर्यटक मुख्यमंत्री बनकर देशभर में घूम रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जदयू



के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने बीते 11 मई को भाजपा का दामन थाम लिया था। दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव धर्मेंद्र प्रधान ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई थी। जदयू छोड़ने के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि आरसीपी भाजपा में शामिल होंगे और आखिरकार वे भाजपा में शामिल हो गए थे।

## ज्ञानवापी परिसर में मिले 'शिवलिंग' के वैज्ञानिक सर्वे पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की अपील पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई के लिए तैयार हो गया। पिछले साल मस्जिद परिसर के अंदर पाए गए शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वे की अनुमति देने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने भारत के चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। अहमदी ने कहा कि हाई कोर्ट ने यह आदेश लंबित निर्णय के बावजूद पारित किया। पीठ ने मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई।

## पुंछ में आतंकी ठिकाने से दस किलो आईईडी और हथियार बरामद

**पुंछ।** पुंछ जिले के मेंढर इलाके में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर उसे ध्वस्त किया। यहां से सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में आईईडी और हथियार बरामद हुए। बम निरोधक दस्ते ने विस्फोटक को समय रहते नष्ट कर दिया। सुरक्षाबलों ने आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेंढर के लोअर कसबलरी इलाके में एक आतंकी ठिकाने की सूचना पर सेना की 39 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त टीम ने खोजी कुत्ते के साथ इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान दस किलो विस्फोटक आईईडी, एक चीनी पिस्तौल, ग्रेनेड, दो डेटोनेटर बरामद किए गए। विस्फोटक को बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया।सुरक्षाबलों ने आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया है।

### जातिगत सर्वेक्षण : पटना एचसी के आदेश पर रोक से इनकार

# बिहार सरकार को एससी से नहीं राहत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश पर स्थगनादेश देने से इनकार कर दिया, जिसमें बिहार सरकार द्वारा कराए जा रहे जाति आधारित सर्वेक्षण पर रोक लगा दी गई थी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कहा कि इस बात की जांच करनी होगी कि क्या यह कवायद सर्वेक्षण की आड़ में जनगणना तो नहीं है। पीठ ने कहा, हम यह स्पष्ट कर रहे हैं, यह ऐसा मामला नहीं है जहां हम आपको अंतरिम राहत दे सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मुख्य याचिका की सुनवाई तीन जुलाई के लिए स्थगित कर दी है। पीठ ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि इस याचिका को 14 जुलाई को सूचीबद्ध किया जाये। यदि किसी भी कारण से, रिट याचिका की सुनवाई अगली तारीख से पहले शुरू नहीं होती है, तो हम याचिकाकर्ता (बिहार) के वरिष्ठ वकील की दलीलें सुनेंगे। पटना उच्च न्यायालय



के चार मई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में दायर याचिका में बिहार सरकार ने कहा है कि जातीय सर्वेक्षण पर रोक से पूरी कवायद पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। राज्य सरकार ने यह भी कहा है कि जाति आधारित आंकड़ों का संग्रह अनुच्छेद 15 और 16 के तहत एक संवैधानिक मामला है। बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण का पहला दौर सात से 21 जनवरी के बीच आयोजित किया गया था। दूसरा दौर 15 अप्रैल को शुरू हुआ था और 15 मई तक चलने वाला था।

## FILMY हलचल

### 'दहाड़' में अपने रोल के लिए ली बोली से लेकर जूडो तक की ट्रेनिंग : सोनाक्षी

**एक्ट्रेस** सोनाक्षी सिन्हा अपनी लेटेस्ट रिलीजिंग 'दहाड़' की सफलता का आनंद ले रही हैं। उन्होंने ने कहा कि पुलिस अंजलि भाटी के उनके किरदार को निभाने के लिए उन्हें



वर्कशॉप्स ज्वॉइन करना पड़ा। जूडो चैंपियन के रूप में अपनी भूमिका में प्रामाणिकता लाने के लिए, सोनाक्षी ने ट्रेनिंग में कोई कसर नहीं छोड़ी। किरदार के लिए अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए, सोनाक्षी ने साझा किया: नई बोली सीखने, बाइक चलाने और यहां तक कि जूडो सीखने तक, इस किरदार के लिए बहुत सारी चुनौतियां सामने आईं।


### नीतू कपूर ने बीकेसी में 17.4 करोड़ रुपये का 4 बीएचके फ्लैट खरीदा

**दिग्गज** अभिनेत्री नीतू कपूर को आखिरी बार थिएटर फिल्म 'जुगजग जीयो' में देखा गया था। वह अब मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स इलाके में स्थित एक आलीशान संपत्ति की



मालकिन बन गई हैं। नीतू का नया फ्लैट सनटेक रियल्टी के सिग्निया आइल की 7वीं मंजिल पर स्थित है, और इसका निर्माण क्षेत्र 3,387 वर्ग फुट है। 4 बीएचके फ्लैट मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में है। हाउसिंग डॉट कॉम के अनुसार, संपत्ति की कीमत 17.4 करोड़ रुपये है और इसे 10 मई 2023 को पंजीकृत किया गया था। लेनदेन के लिए 1.04 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया गया था। यह केवल कृष्ण नोहरिया से खरीदी गई पुनर्विक्रय खरीद है।

### कार्तिक-कियारा की बहुचर्चित फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' का टीजर रिलीज



**सिद्धार्थ** मल्होत्रा के साथ शादी के बंधन में बंधने के बाद, अभिनेत्री कियारा आडवाणी "सत्यप्रेम की कथा" के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसमें कियारा कार्तिक आर्यन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इससे पहले कियारा और कार्तिक ने फिल्म "भूल भुलैया" में साथ काम किया था। उनकी अपकमिंग फिल्म "सत्यप्रेम की कथा" का टीजर रिलीज हो गया है और फिल्म 29 जून को पर्दे पर आएगी। कियारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म "सत्यप्रेम की कथा" का टीजर शेयर किया है। टीजर की शुरूआत कार्तिक आर्यन के डायलॉग से होती है। शब्द जो कभी पूरे नहीं होते, वादे जो अधूरे रह जाते हैं, मुस्कान जो कभी टलती नहीं, वो रूठ जाए तो मेरी आँखों में आंसू जरूर आ जाते हैं। इसके बाद टीजर में दर्शकों को कार्तिक-कियारा की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री देखने को मिलती है।

## बीएयू ने किसानों को निः शुल्क कृषि उपकरण व वमीबेंड का किया वितरण

# कुलपति ने किसानों की उन्नति पर दिया जोर



**कुलपति ने किसानों की उन्नति के लिए हर तरह के सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के किसान सर्वोपरि हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह की पहल पर विवि संस्थापक स्व. कार्तिक उरांव के गुमला जिला में स्थित पैतृक गांव करौंदा लिटाटोली एवं समीपवर्त्ति टोला में लघु कृषि उपकरण एवं वमीबेंड का निः शुल्क वितरण किया गया। मौके पर बीएयू वैज्ञानिक डॉ. बन्धनु उरांव द्वारा कुल 220 जनजातीय किसानों को किसानोपयोगी लागु उपकरण तथा 10 जनजातीय किसानों वमीबेंड प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान चंदन उरांव, समाजसेवी बुद्धेश्वर उरांव एवं पूर्व वार्ड सदस्य कमलेश्वर मिंज ने सहयोग दिया।

इस दौरान बीएयू वैज्ञानिक डॉ बन्धनु उरांव ने बताया कि बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के मार्गदर्शन में झारखंड के शहीदों के गांव के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए किसानों को लघु कृषि उपकरण एवं वमीबेंड उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्र एवं मशीनों के उपयोग से कम समय में कम श्रम के साथ तथा कम लागत से अधिक पैदावार ली जा सकती है। कुलपति ने किसानों की उन्नति के लिए हर तरह के सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के किसान सर्वोपरि हैं, इन्हें पूरी सुविधा देने से फसल की अच्छी उपज कर सकते हैं। जब हमारे देश में सफल की उपज अच्छी होगी तभी हमारा देश उन्नति करेगा। हमारा देश एक क़्रषि प्रधान देश है, यहां फसल की अच्छी पेदावार होती और लोग शान से जीते हैं। इसके अलावा मूल्यवान कृषि निवेश जैसे बीज, उर्वरक, पानी, कृषि रक्षा दवाओं आदि का उपयोग भी इन्हीं कृषि यंत्रों एवं मशीनों की मदद से किया जाता है। डॉ बन्धनु उरांव ने कहा कि वर्मी/वर्म बेड आम तौर पर मल्टीलेयर कंटेनर होते हैं, जिनमें लाल कृमि (केंचुए) कार्बनिक पदार्थ खाते हैं और पोषक तत्वों से भरपूर खाद का उत्पादन करते हैं। वर्मी बेड को आपकी रसोई और अन्य हरे कचरे को अत्यधिक उपजाऊ जैविक खाद में बदलने के लिए डिजाइन किया गया है। एक वर्मी बेड, कम्पोस्ट बिन का बड़ा रूप है, जिसमें मिट्टी के लिए लाभकारी सूक्ष्मजीव पैदा करने के लिए अधिक जगह होती है और अतिरिक्त खाद के उत्पादन के लिए अधिक स्थान भी होता है। इससे आसानी से और किफायती दरो में केंचुआ की खाद बना सकते है। वमीर्बेड की आयु 10 साल की होती है।

# दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने वाली याचिका पर हुई सुनवाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को दिव्यांग बच्चों को झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षा से वंचित रखने को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई हुई। छाया मंडल ने जनहित याचिका दायर की है। मामले में हाई कोर्ट ने सरकार के जवाब को देखते हुए याचिका निष्पादित कर दी। राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से शपथ पत्र दायर कर कर बताया गया कि दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति के रूल बनाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति कर ली जाएगी। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया छह माह में पूरी कर ली जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता छाया मंडल ने अपने दिव्यांग बच्चे का एडमिशन रांची के सरकारी स्कूलों में कराने की कोशिश की थी लेकिन उनके बच्चे का एडमिशन नहीं लिया गया। बाद में उन्हें पता चला कि राज्य के सरकारी स्कूल में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं है। इसके बाद इनकी ओर से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/03/2023-24 Re (2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुपसं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड में उ० बरगांव पंचायत के ग्राम मकुन्दा में बिरेन्द्र उराँव के खेत से गेन्दा उराँव के घर तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 24,86,700.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | गुमला जिला अंतर्गत भरनो प्रखण्ड में अमलिया पंचायत के ग्राम रायकेरा बांधढीपा में एतवा भगत के घर से अलीबकस के घर तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 24,91,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड में पण्डरियर पंचायत के ग्राम सोगरा सुकरा मुण्डा के घर से रामनाथ नागेषिया के घर तक पी०सी०सी पथ निर्माण। (A) | 24,97,700.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | गुमला जिला अंतर्गत कामडारा प्रखण्ड में कुलबुरू पंचायत के ग्राम कुलबुरू आंगनबाड़ी से पहाड़ टोली तक (A) पी०सी०सी पथ निर्माण। | 24,94,200.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | टाना भगत सभागार भवन, धोधरा के परिसर में पेवर ब्लॉक, कंटिला तार एवं जतरा टाना भगत प्रतिमा का अधिष्ठापन का कार्य। | 11,33,300.00 | 23,000.00 | 2500.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.05.2023 से दिनांक 01.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 06.06.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
   2. जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषत होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.05.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 297643 Rural Development(23-24).D


## झारखंड के प्रवीण अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के प्रवीण कुमार को अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में जगह मिली है। इसके अलावा बोर्ड में हरियाणा के प्रवीण शर्मा, उत्तर प्रदेश के संजय राय, चंडीगढ़ के मनोज टूल, असम के हजारिका, महाराष्ट्र के प्रशांत नवगिरे और छत्तीसगढ़ के उमेश साहू को भी जगह मिली है।भारतीय ग्रैपलिंग कमेटी ने अखिल भारतीय ग्रेपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड का गठन किया। बोर्ड में सात सदस्यों को शामिल किया गया है, जो ग्रैपलिंग खेल और इससे जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ खेल के विकास को लेकर सलाह देंगे। अखिल भारतीय ग्रेपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में प्राथमिक तौर पर इसमें सात सदस्य होते हैं लेकिन आवश्यकता पड़ने पर और बेहतर ढंग से कार्यों का निष्पादित करने के लिए बोर्ड सदस्यों की एक कोर कमेटी भी काम करती है। यह कोर कमेटी योजनाबद्ध तरीके से लिखित रूप में अध्यक्ष या सचिव को सुझाव देते हैं। ये बोर्ड किसी भी राज्य समिति या उसके मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। ये केवल राज्यों के लिए योजना बनायेंगे और अंतरराष्ट्रीय टूनामेंटों और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन के लिए हर माह दूसरे शनिवार को बैठक कर समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

## प्रदीप यादव-बंधु तिर्की दल-बदल मामला

# स्पीकर न्यायाधिकरण में गवाही कराने पर जमकर हुई बहस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दल-बदल मामले में फंसे विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के मामले में गुरुवार को विधानसभा न्यायाधिकरण में सुनवाई हुई। पूर्व निर्धारित समय दोपहर 3 बजे से हुई सुनवाई के दौरान स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो की मौजूदगी में दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान वादी पक्ष की ओर से इस मामले में गवाही कराकर जल्द से जल्द फैसला देने का आग्रह किया गया। प्रदीप यादव और बंधु तिर्की की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता सुमित गड़ौदिया ने इस दौरान गवाही का विरोध करते हुए न्यायाधिकरण से बाबूलाल मरांडी केस में जिस तरह से न्यायाधिकरण ने वगैर गवाही कराए सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा है इसी तरह इस केस में भी गवाही नहीं कराने का आग्रह किया। न्यायाधिकरण में इस केस में गवाही हो या नहीं हो इस मुद्दे पर दोनों पक्षों की ओर से जमकर बहस हुई।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

1 विभाग का नामः– भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नामः– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समयः– 05/06/2023 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः– 06/06/2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समयः– 06/06/2023 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थानः– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8 **कार्य का विवरणः–**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E/R to Health Sub Center for 111 Nos Under Garhwa Distt. for the year 2023-24. | ₹ 5,55,000/- | ₹ 11,100/- | ₹ 1250/- | 07 दिन |
| 2 | E/R to Sadar Hospital Garhwa for 13 Nos for the year 2023-24. | ₹ 7,67,000/- | ₹ 15,400/- | ₹ 1250/- | 07 दिन |
| 3 | E/R to Sadar Hospital Under Garhwa Distt. for the year 2023-24. | ₹ 2,67,000/- | ₹ 5,400/- | ₹ 750/- | 07 दिन |
| 4 | E/R to Primary Health Center for 10 Nos Under Garhwa Distt. for the year 2023-24. | ₹ 7,49,080/- | ₹ 15,000/- | ₹ 1250/- | 07 दिन |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,गढ़वा

PR 297633 Building(23-24).D



## Office of the Executive Engineer Swachh Bharat Mission (Gramin) Drinking Water & Sanitation Committee, Garhwa.

**Near Head Post office, Sahijana More, Garhwa.-822114 Email-eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**EOI No. :- SBMG Phase-II/DWSC/GOBARDHAN/01/2023-24 Date-18.05.2023**

**EOI FOR IMPLEMENTING AGENCIES**

Expression of interest (EOI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission-Gramin), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/Community/ Goushala in District of Garhwa, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization)

Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand invites EOI from interested and experienced parties to implement Bio-gas projects in different villages of Jharkhand state under GOBAR-DHAN Scheme.

The **Technical Support Agency** (TSA) can be Gram Panchayat, SHG federations, Bulk waste generators such as dairies, poultry farms, markets, industries, religious sites etc and entrepreneurs. Selected agencies shall be willing to collect waste, install Bio-gas plants, under take operation maintenance of the same for at least 3 years. The agencies can be attached with empanelled technical support (if needed).

Interested agencies are requested to furnish willingness for undertaking GOBAR-DHAN Projects, supported be credentials and testimonials in the prescribed online application form and guideline available on following link **garhwa.nic.in.** The guidelines of GOBARDHAN scheme and details can also be viewed on the Garhwa District website: **garhwa.nic.in**

Swachh Bharat Mission (Gramin) Govt. of Jharkhand reserves its right to cancel or modify this Expression of interest (EOI) without assigning any reasons whatsoever.

**Last date and time for Submission of bids. 27.05.2023 at 4:00 P.M.**

Executive Engineer, Swachh Bharat Mission (Gramin)
Drinking Water and Sanitation Committee, Garhwa.

PR.NO.297741 Drinking Water and Sanitation(23-24):D


## विद्यालय में ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार

# संजना कुमारी को मिला प्रथम स्थान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांके रोड स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में गुरुवार को विवेकानंद युथक्वेक फाउंडेशन की ओर से ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। साथ ही देश के प्रधानमंत्री की ओर से दिये गए पंच प्रण पर युवा संवाद पर सेमिनार और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । इसमें प्रथम स्थान संजना कुमारी ,द्वितीय स्थान नेहा कुमारी और तृतीय स्थान हिमांशु कुमार को मिला। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता विवेकानंद युथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन फाउंडेशन के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप बिरसा उच्च विद्यालय की प्राचार्या डॉ सुषमा तिवारी रही। इस कार्यक्रम में ऊर्जा का संरक्षण पर सभी ने विचार रखे। 2047 तक भारत में युवाओ को कैसे विकसित किया जाए इस पर विशेष चर्चा हुई।

## अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**रांची।** उपायुक्त सह अनुकंपा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति ने सामान्य और उग्रवाद से संबंधित अभ्यावेदनों पर चर्चा की। साथ ही जिले में तृतीय एवं चतुर्थ संवर्ग के कार्यरत कर्मचारियों के एसीपी, एमईसीपी, अनुकंपा, प्रमोशन इत्यादि से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कई निर्णय लिए गए। अनुकंपा के आधार पर सामान्य के छह मामले समिति के समक्ष आए। विचार-विमर्श के बाद समिति ने चार मामलों को स्वीकृति दी। एक अभ्यावेदन को समिति ने अस्वीकृत कर दिया जबकि एक में विभाग से संबंधित दस्तावेज मांगने का निर्देश दिया। उग्रवाद हिंसा से संबंधित एक मामले में भी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा प्रधान लिपिक के पद पर 30 और उच्च वर्गीय लिपिक पद पर 66 तथा शेष अन्य पदों के लिए सभी को प्रमोशन देते हुए उनके वित्तीय लाभ को समिति की ओर से तय किया गया।

## मारवाड़ी कॉलेज के 16 विद्यार्थियों का गांधी फेलोशिप में चयन

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित कैंपस ड्राइव में मनोविज्ञान, कॉमर्स, विज्ञान, फाइन आर्ट्स, मैनेजमेंट और ह्यूमिनीटीज के 16 विद्यार्थियों का गांधी फेलोशिप में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सौरभ कुमार सोनी, अतुल कुमार, अंजलि कुमारी, ममता कुमारी, सत्यम कुमार, कृति कुमारी, नेहा कुमारी, श्वेत कुमार सुमन, अनिकेत शर्मा, अंजलि कुमारी, अनुप्रिया, रुचिता कुमारी, सिमरन कुमारी, रौशन कुमार, नीलम कुमारी और मेघा कुमारी गुप्ता शामिल हैं। इन सभी 16 चयनित छात्रों को वर्क लोकेशन राजस्थान, मध्य प्रदेश, मणिपुर, गुजरात और ओडिशा दिया गया है। चयनित छात्रों का साक्षात्कार दो अलग-अलग चरणों में हुआ था।


## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली–सह–बत्तख पालन) हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 04 रा0 (वि0) दिनांक 08.05.2023 के आलोक में गढ़वा जिले के मत्स्य कृषकों को समेकित मत्स्य पालन की ओर उन्मूख करने तथा उनकी आय में बढ़ोतरी हेतु निजी तथा सरकारी क्षेत्र के लिए राज्य योजनान्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना के तहत मछली–सह–बतख पालन की योजना है, इस योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | योजना | भौतिक लक्ष्य (युनिट में) लघु शीर्ष –101 Gen. | लघु शीर्ष –101 St | लघु शीर्ष 789 Sc | इकाई लागत | अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | समेकित मत्स्य पालन (मछली–सह–बत्तख पालन) | 03 | 01 | 01 | 153350/– प्रति 0.4 हे0 जलक्षेत्र। | अ0जा0/अ0ज0जा0/महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदन 80% (अधिकतम 122680 रुपये होगी) एवं अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए 70% (अधिकतम 107345 रुपये होगी ) तथा शेष सभी राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। |

नियम व शर्ते :–
1. एक एकड़ अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को प्राथमिकता दी जायेगी। किन्तु एक स्थल/लाभुक पर एक युनिट (160 डकलिंग) ही स्वीकृत किया जायेगा। 0.2 हे0 जलक्षेत्र पर मछली–सह–बत्तख पालन योजना के लिए राज्य सरकार के अंशदान की राशि समानुपातिक रुप से लागू होगी।
2. आर0एफ0एफ0 के लिए भी प्रति स्थल अधिकतम दो इकाई की परियोजना होगी एवं लाभुक अंशदान वहाँ कार्यरत लाभुक समूह/म0जी0स0स0 द्वारा वहन किया जायेगा।
3. लाभुक का अपना निजी तालाब अथवा वित्तीय वर्ष 2023–24 से तीन वर्षो के लिए लीज पर होना आवश्यक है।
4. प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो एवं जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुको को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. लाभुक के अंशदान तथा अनुदान की प्रथम किस्त की राशि से बत्तख घर (Duck House) का निर्माण, Starter feed/Medicines तथा Duckling के क्रय किये जायेंगे। (Duck House) लाभुकों द्वारा स्थानीय स्तर पर बनवाया जायेगा।

उपर्युक्त विवरण एवं शर्तो के अधीन इच्छुक सुयोग्य मत्स्य पालकों/RFF समूह से विहित प्रपत्र में दिनांक 10.06.2023 अप0 5:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गढ़वा

PR 297639 Fish(23-24).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना।**

निविदा संख्या.:– **RWD/SD/LATEHAR/04/2023-24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 25.05.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.05.2023 को 3:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 26.05.2023 को 3:30 बजे अपराहन्, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग(ग्रामीण कार्य विभाग) के समुचित श्रेणी में संबंधित संवेदक को ही प्ररिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
8 परिमाण विपत्र का मूल्य जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9 परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. ससमय कार्य पूर्ण करने एवं आवंटित कार्य के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने व गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसे संवेदक जिनके पास डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत ली गयी योजना लातेहार जिलान्तर्गत लम्बित है, वैसे संवेदक को BOQ नहीं दी जायेगी।
11. कार्यकारी एजेंसी निविदा का शर्तों में यह सुनिश्चित कर लें कि संवेदक को 05 वर्श की अवधि तक उक्त योजना की मरम्मति एवं रख–रखाव की जिम्मेदारी लें। इस आशय का दस्तावेज संवेदकों से सहमति पत्र के माध्यम से लें, इसके लिए 10% की प्रतिभूति राशि सुरक्षित रखी जायेगी। 05 वर्श की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ–ही–साथ उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक–166 दिनांक–16.05.2023 एवं ज्ञापांक–167 दिनांक–16.05.2023 के अन्य शर्ते भी संवेदक को मान्य होगा।
12.. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ पंचायत अम्बाटोली में रा0 बी0 एम0 सी0 मध्य विद्यालय, मकतब में चाहरदिवारी निर्माण। | 1805738 | 5000 | 37000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह पंचायत चुंगरू में उ0 प्रा0 विद्यालय, चुंगरू में चाहरदिवारी निर्माण। | 814954 | 1250 | 17000 | 3 माह |

नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.297672 Rural Development(23-24):D

# मोहन बागान की जर्सी के रंग में दिखेगी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम

**एजेंसी। कोलकाता**

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शनिवार को यहां आईपीएल मैच में जब केकेआर के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी जर्सी का रंग दिग्गज फुटबॉल क्लब मोहन बागान की लाल और हरे रंग की जर्सी जैसा होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स को 2022 में कोलकाता स्थित आरपी संजीव गोयनका समूह ने खरीदा है। इसी समूह ने 2020-21 सत्र में आईएसएल की टीम मोहन बागान में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की थी। लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मालिक शाश्वत गोयनका ने कहा, यह (मोहन बागान) कोई संस्था




नहीं है, यह वास्तव में एक भावना है। इसकी विरासत कोलकाता शहर का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा, इसे ध्यान में रखते हुए, हमने फैसला किया है कि ईडन गार्डन्स में केकेआर के खिलाफ शनिवार के मैच में लखनऊ की टीम लाल और हरे रंग की धारीदार जर्सी में मैदान पर उतरेगी। उन्होंने कहा, यह मोहन बागान और हमारे शहर की विरासत को सम्मान देने का हमारा तरीका है। लखनऊ की टीम को उम्मीद है कि शनिवार को स्थानीय समर्थक दर्शक इस मैच में उनकी टीम का समर्थन करेंग। टीम को अगर-मगर के फेर के बिना प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए इस मैच को जीतना होगा। गोयनका ने कहा, सिर्फ मोहन बागान के प्रशंसक ही नहीं, बल्कि हम उम्मीद करते हैं कि कोलकाता के दर्शक भी हमारा समर्थन करेंगे। हमारे लिए कोलकाता हमारा घर है। ऐसे में हम लोगों से अपनी टीम को अधिक से अधिक समर्थन देने के लिए कहेंगे।

## कप्तानी के मामले में किसी की नकल करना पसंद नहीं : कृणाल पांड्या

**आईपीएल** के आखिरी चरण के अहम मुकाबलों में लखनऊ सुपर जायंट्स का नेतृत्व कर रहे कृणाल पांड्या ने कहा कि वह कप्तानी के मामले में सभी से सिखना चाहते है लेकिन किसी की 'नकल' नहीं करते है। भारतीय टी20 टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या के बड़े भाई कृणाल को लखनऊ सुपर जायंट्स ने नियमित कप्तान लोकेश राहुल के चोटिल होने के बाद टीम की अगुवाई करने की जिम्मेदारी दी गयी है। कृणाल ने



यहां मीडिया से बातचीत में कहा, केएल (लोकेश राहुल) का टीम से बाहर होना काफी निराशाजनक रहा। मैंने चुनौती को स्वीकार किया और इस पर खरा उतरने की कोशिश कर रहा हूं। उन्होंने कहा, जाहिर है कि मैं टीम का उपकप्तान था और मुझ में कोई बदलाव (कप्तानी के दौरान) नहीं आया है। मैंने हमेशा से क्रिकेट वैसे ही खेला है जैसा कि मैं चाहता था। मैंने कप्तानी को भी उसी तरह लिया है। उन्होंने कहा, मैं किसी की नकल नहीं करना चाहता। हां, यह जरूर है कि मैं हर किसी से अच्छी चीजें सीखने की कोशिश करता हूं। मैं अपने तरीके से चीजों को करना चाहता हूं।

## NEWS इन ब्रीफ

### अनुराग ठाकुर ने 3 राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेताओं को प्रशस्ति पत्र सौंपे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को तीन राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेताओं को उनके आवास पर प्रशस्ति-पत्र व ट्राफियां प्रदान कीं। भारतीय निशानेबाज अंजुम मौदगिल (अर्जुन पुरस्कार), हॉकी कोच सर्पाल सिंह (द्रोणाचार्य पुरस्कार) और दिवंगत टेनिस कोच नरेश कुमार (द्रोणाचार्य पुरस्कार) के परिवार के सदस्यों ने पुरस्कार प्राप्त किये। अंजुम ने अपना 2019 अर्जुन पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि हॉकी कोच सर्पाल सिंह ने अपना 2021 द्रोणाचार्य पुरस्कार ग्रहण किया। इस बीच स्वर्गीय नरेश कुमार की ओर से उनकी पोती शिवानी मीरचंदानी ने अनुराग सिंह ठाकुर से अपने दादा का 2020 द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त किया।

### ब्रेंटफोर्ड के इंग्लैंड स्ट्राइकर टोनी पर आठ महीने का लगा बैन

**लंदन।** ब्रेंटफोर्ड के इंग्लिश स्ट्राइकर इवान टोनी को फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) के सट्टेबाजी नियमों का उल्लंघन करने के लिए आठ महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है, साथ ही 50,000 पाउंड (लगभग 62,500 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल की शुरूआत में पदार्पण करने वाले 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 232 बार नियमों के उल्लंघनों को स्वीकार किया। यह नियम खिलाड़ियों या कोचों को सभी मैचों के परिणामों पर सट्टेबाजी करने से रोकता है। प्रतिबंध का मतलब है कि वह 16 जनवरी 2024 तक नहीं खेल पाएंगे और वह इस साल 17 सितंबर तक ब्रेंटफोर्ड के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे। एफए ने कहा, सुनवाई के बाद एक स्वतंत्र नियामक आयोग द्वारा उन पर प्रतिबंध लगाए गए।

### न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम व्हाइट बॉल सीरीज के श्रीलंका का दौरा करेगी

**दुबई।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम जून-जुलाई में व्हाइट बॉल सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। टीम तीन मैचों की एकदिवसीय और तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को दौरा कार्यक्रम की घोषणा की। आईसीसी के अनुसार यह दौरा तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के साथ शुरू होगा, जो आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-2025 चक्र का एक हिस्सा है। तीनों एकदिवसीय मैच गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। टी-20 सीरीज की शुरूआत 8 जुलाई से होगी, जिसमें तीनों मुकाबले कोलंबो में खेले जाएंगे।

# हैदराबाद ने बेंगलुरु को 187 रनों का दिया टारगेट

**एजेंसी। हैदराबाद**

इंडियन प्रीमियर लीग में लीग स्टेज का 65वां मैच सनराइजर्स हैदरबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच जारी है। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी हैदराबाद से विकेटकीपर बैटर हेनरिक क्लासेन ने 49 बॉल में सेंचुरी लगाई। उनके शतक की मदद से टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में बेंगलुरु के ओपनर्स विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस क्रीज पर हैं। 12 ओवर के बाद टीम ने बगैर नुकसान के 108 रन बना लिए हैं। दोनों ही प्लेयर्स फिफ्टी पूरी कर चुके हैं। विराट ने 36 और डु प्लेसिस ने 34 गेंद पर फिफ्टी पूरी की। दोनों में शतकीय साझेदारी भी हो चुकी है। डागर का डाइविंग कैच, नो-बॉल में बचे डु प्लेसिस दूसरी पारी के 9वें ओवर में फाफ डु प्लेसिस आउट होने से बाल-बाल बच गए। ओवर की पांचवीं गेंद नीतीश रेड्डी ने शॉर्ट पिच फेंकी। डु प्लेसिस ने शॉट खेला, लेकिन डीप मिड-विकेट पर मयंक डागर ने डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ लिया। फील्ड अंपायर ने बैटर को पवेलियन में जाने से रोका। रिप्ले में थर्ड अंपायर ने देखा कि बॉल ओवर की दूसरी बाउंसर



थी, इस कारण उसे नो-बॉल करार दिया गया। नीतीश ने ओवर की दूसरी गेंद भी कंधे से ऊपर बाउंसर फेंकी थी और टी-20 क्रिकेट के एक ओवर में गेंदबाज को एक ही बाउंसर फेंकने की परमिशन है।

# मैनचेस्टर सिटी चैंपियंस लीग के फाइनल में, रियाल मैड्रिड को दी करारी शिकस्त




**एजेंसी। मैनचेस्टर**

बर्नार्डो सिल्वा के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबरी पर छूटा था और ऐसे में दूसरा चरण निर्णायक बन गया था जिसमें शुरू से लेकर आखिर तक मैनचेस्टर सिटी का दबदबा रहा। रियाल मैड्रिड ने बेहद खराब खेल दिखाया और अगर गोलकीपर थिबॉट कौरटोइस ने कुछ अच्छे बचाव नहीं किए होते तो 14 बार का चैंपियन इससे भी बड़े अंतर से हार सकता था। सिटी की तरफ से सिल्वा ने अपने दोनों गोल पहले हाफ में किए जबकि एडर मिलिटाओ ने दूसरे हाफ के शुरू में आत्मघाती गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने इंजरी टाइम में चौथा गोल करके सिटी को सेमीफाइनल में ओवरऑल 5-1 से जीत दिलाई। इस जीत से सिटी तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं इंग्लिश प्रीमियर लीग, चैंपियंस लीग और एफए कप के खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है। चैंपियंस लीग के फाइनल में उसका सामना 10 जून को इस्तांबुल में इंटर मिलान से होगा। मैनचेस्टर सिटी रविवार को अगर चेल्सी के खिलाफ जीत दर्ज कर लेता है तो वह लगातार तीसरी बार प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लेगा। वह पहले ही एफए कप के फाइनल में जगह बना चुका है जहां उसका सामना मैनचेस्टर यूनाइटेड से होगा। यूनाइटेड इंग्लैंड की एकमात्र टीम है जिसने एक सत्र में तीनों प्रमुख खिताब जीते थे। उसने यह कारनामा 1999 में किया था।

# तीरंदाजी विश्व कप : प्रथमेश-अवनीत कौर सेमीफाइनल में, भारतीय रिकर्व टीम बाहर

**एजेंसी। शंघाई**

भारत के युवा तीरंदाज प्रथमेश जावकर और अवनीत कौर ने कोरिया की दमदार चुनौती से पार पाते हुए तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कंपाउंड वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि रिकर्व तीरंदाज टीम स्पर्धा से बाहर हो गए। उन्नीस वर्ष के जावकर ने कोरिया के आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 149 . 148 से हराया । अब उनका सामना सेमीफाइनल में एस्तोनिया के रॉबिन जातमा से होगा। 18 वर्ष की अवनीत ने कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त ओ यूहयुन को कड़े शूटआफ में 142 . 142 (10*-10) से मात दी । क्वार्टर फाइनल में अवनीत ने मैक्सिको की डाफने किंटेरो को 147 . 144 से हराया था। प्रथमेश और अवनीत विश्व कप में पहले व्यक्तिगत पदक से एक जीत दूर हैं ।






इससे पहले भारत की पुरुष रिकर्व टीम क्वार्टर फाइनल में कोरिया से हारकर तीरंदाजी विश्वकप से बाहर हो गई। भारत के धीरज बोम्मादेवरा, अतनु दास और नीरज चौहान की तिकड़ी को ली वू सोक, किम जे देओक और किम वूजिन की शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरियाई टीम के हाथों 0-6 (54-55, 56-57, 54-59) से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने चीनी ताइपे पर 5-3 (57-57, 56-58, 57-56, 58-51) से जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की थी। टीम क्वालीफिकेशन में चौथी वरीयता हासिल करने वाली सिमरनजीत कौर, अवनीत कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला टीम ने पहले दौर में ही निराशाजनक प्रदर्शन किया और वह अपने से कम रैंकिंग वाली इंडोनेशिया की टीम से 1-5 (54-57, 57-57, 50-52) से हार गई। रिकर्व टीम स्पधाओं में भारत की उम्मीद अब धीरज बोम्मादेवरा और सिमरनजीत कौर की मिश्रित जोड़ी पर टिकी होंगी।

## बासिलोर्ना के रैडार पर वीगा : रिपोर्ट

**रियो डी जेनेरो।** यूरोपीय समर ट्रांसफर विंडो के तहत बार्सिलोना पाल्मेरास मिडफील्डर राफेल वीगा को साइन करने के लिए कदम उठा सकता है। ब्राजील के मीडिया रिपोर्टें में ये बात कही गई है। समाचार पत्र ओ ग्लोबो ने बुधवार को कहा कि वीगा को बार्सिलोना अपने आप को मजबूत करने के लिए कम लागत वाले विकल्प के रूप में देखती है। वे लियोनेल मेस्सी की वापसी सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय खेल नियमों का पालन करना चाहते हैं। वीगा को ब्राजील फुटबॉल में प्रमुख मिडफील्डर्स में से एक माना जाता है, जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में पालमीरास को दो कोपा लिबटाडोर्रेस ट्रॉफी और एक ब्राजीलियाई सेरी ए खिताब जीतने में मदद की थी। प्लेयर ट्रांसफर प्लेटफॉर्म ट्रांसफरमार्कट के अनुसार, 27 वर्षीय खिलाड़ी दिसंबर 2026 तक पालमीरास के साथ अनुबंधित है और उसका बाजार मूल्य 14 मिलियन यूरो है।

## इटेलियन ओपन 2023

# स्वीयाटेक के चोटिल होने के बाद रिबाकिना सेमीफाइनल में



**एजेंसी। रोम**

गत विंबलडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना ने इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जब वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्वीयाटेक को दाहिनी जांघ में चोट के कारण तीसरे सेट में रिटायर होना पड़ा। स्वीयाटेक के 2-6, 7-6(3), 2-2 के स्कोर पर रिटायर होने के बाद रिबाकिना ने क्ले पर अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रिबाकिना का अगला मुकाबला शुक्रवार को सेमीफाइनल में येलेना ओस्तापेंको से होगा। पोलिश खिलाड़ी दूसरे सेट के टाईब्रेक में एक शॉट का पीछा करने के बाद दर्द में दिखी, जब कोर्ट के निचले हिस्से में स्लाइड करने का उसका प्रयास विफल हो गया और उन्हें तुरंत अपनी ऊपरी दाहिनी जांघ में कुछ महसूस हुआ। स्वीयाटेक कोर्ट से बाहर मेडिकल टाइम के लिए गई और एक बड़ी पट्टी के साथ निर्णायक सेट की शुरूआत के लिए लौटी, अपने मूवमेंट्स में बहुत सतर्क दिख रही थी लेकिन उन्होंने तीसरे सेट में जल्दी मैच से हटने का फैसला कर डाला।

## भारतीय महिला हॉकी टीम पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 2-4 से हारी

**एडीलेड।** भारतीय महिला हॉकी टीम की ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरूआत निराशाजनक रही जब टीम को गुरुवार को यहां मेट स्टेडियम में तीन मैच की श्रृंखला के पहले टेस्ट में मेजबान टीम के खिलाफ 2-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। पहले क्वार्टर में दोनों ही टीम गोल करने में नाकाम रही जिसके बाद दुनिया की तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में पदार्पण कर रही ऐसलिंग यूटरी (21वें मिनट) और मैडी फिट्जपैट्रिक (27वें मिनट) के गोल से 2-0 की बढ़त बनाई। मेजबान टीम के लिए तीसरे क्वार्टर में एलिस आर्नोट (32वें मिनट) और कर्टनी शोनेल (35वें मिनट) ने गोल किए। दुनिया की 8वें नंबर की टीम भारत की ओर से संगीता कुमारी (29वें मिनट) और शर्मिला देवी (40वें मिनट) ने गोल दागे। श्रृंखला का दूसरा मैच इसी स्थल पर शनिवार को खेल जाएगा। भारतीय टीम दौरे के दौरान ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ भी दो मैच खेलेगी। इस दौरे के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम की हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी शुरू होगी।

## आईपीएल 2023

## वॉर्नर ने टीम के खराब प्रदर्शन से झाड़ा पल्ला, बोले-

# घरेलू पिचें ही चुनौतीपूर्ण थीं : डेविड वॉर्नर

**एजेंसी। धर्मशाला**

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर का मानना है कि उनके घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम की धीमी पिचें उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहीं जिसके कारण उनके बल्लेबाज पूरे सीजन लय हासिल नहीं कर सके। दिल्ली ने बुधवार को खेले गए शानदार मैच में पंजाब किंग्स को 15 रन से मात दी। दिल्ली ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर पंजाब के सामने 214 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में पंजाब 198 रन तक ही पहुंच सकी। वॉर्नर ने मैच के बाद कहा, 'मेरा खयाल है कि अच्छी पिचों पर खेलना मददगार होता है। घर (दिल्ली) में हमें धीमी पिचें मिलती हैं जो थोड़ा चुनौतीपूर्ण है। खिलाड़ियों को यहां लय मिलना अच्छा है। आपको अपने घरेलू मैदान पर भी नियमितता की जरूरत





होती है जो इस सीजन हमारे लिए मुश्किल रहा है। हम समझ नहीं पाए हैं कि वहां सही स्कोर क्या होगा।' अरुण जेटली स्टेडियम पर दिल्ली की बल्लेबाजी कई बार चरमरा गई है और एक-दो मौकों के अलावा उसका प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। धर्मशाला पर दिल्ली को इस सीजन पहली बार 200 के स्कोर के पार पहुंचाने वाले राइली रूसो ने भी वॉर्नर की बात से सहमति जताई। पंजाब के खिलाफ अपना पहला आईपीएल अर्द्धशतक जड़ने वाले रूसो ने कहा, 'इसकी (अर्द्धशतक की) काफी जरूरत थी। यह पिच बल्लेबाजी के लिये बहुत अच्छी थी। इस सीजन ऐसी बहुत पिचें नहीं मिली हैं। बल्लेबाजी के लिए पिच मिलना अच्छा था।' दिल्ली इस सीजन के अपने पहले पांच मैच हारने के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। उन्होंने अपने अगले पांच में से चार मैच जीते, लेकिन अगले दो मुकाबले हारने के बाद शीर्ष चार में पहुंचने की उनकी सारी उम्मीदें खत्म हो गईं। वॉर्नर की टीम का आखिरी लीग मैच 20 मई को दिल्ली में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ है।

## हम आखिरी मैच जीतने की पूरी कोशिश करेंगे: जोशी

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हार के बाद पंजाब किंग्स की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना कम हो गई है। टीम अगर अपना आखिरी लीग मैच जीत भी जाती है तो भी उसके 14 अंक ही हो पाएंगे। ऐसे उसे अन्य टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर रहना पड़ेगा। इस पर पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी का कहना है कि हमारी टीम आखिरी मैच जीतने की पूरी कोशिश करेगी। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बुधवार को खेले गए आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स ने 15 रन से हरा दिया। मैच में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 213 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में पंजाब की टीम 8 विकेट पर 198 रन ही बना सकी। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी ने आखिरी मैच को लेकर कहा कि हम लोगों को आखिरी मैच जीतना है। उसके लिए हमलोग पूरी कोशिश करेंगे। बाकी क्वालिफाई होना या न होना हमारा हाथ में नहीं है। जो हमारे हाथ में है, नई विकेट है अच्छा विकेट है। हमें और अधिक अनुशासित गेंदबाजी और बल्लेबाजी करनी होगी। साथ में मध्य में अच्छा करना होगा। दिल्ली के खिलाफ मैच में गेंदबाजी को लेकर जोशी ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने अच्छी गेंदबाजी की।

